

निर्वाचन आयोग ने एनआईए से कहा- देसी बमों का उपयोग रोका जाए -12



एटीएफ कीमतों पर जल्द राहत दे सरकार, एयरलाइंस संगठनों की मांग -12



ट्रंप को झटका, न्यूयॉर्क में एनपीटी समीक्षा सम्मेलन में ईरान को चुना गया उपाध्यक्ष -13



प्रभसिमरन सिंह व मार्कस स्टोइनिस के अर्धशतकों से पंजाब ने चार विकेट पर 222 रन बनाए -14

आज का मौसम
$38.0^0$ अधिकतम तापमान
$28.0^0$ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.34
सूर्यास्त 06.39


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 07:51 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 29 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 81, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## गंगा एक्सप्रेसवे का आज पीएम मोदी करेंगे लोकार्पण

नई दिल्ली/हरदोई

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर में आज एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को प्रदेश के सबसे लंबे और महत्वाकांक्षी 'गंगा एक्सप्रेसवे' का लोकार्पण करेंगे। लगभग 36,230 करोड़ रुपये की लागत से बना यह 594 किमी लंबा एक्सप्रेसवे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को सीधे पूर्वी उत्तर प्रदेश से जोड़ेगा।

लोकार्पण का मुख्य कार्यक्रम हरदोई जिले के मल्लावां में आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री यहाँ एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और एक्सप्रेसवे के एक हिस्से का पैदल भ्रमण भी कर सकते हैं।




- मेरठ से प्रयागराज का सफर मात्र 6 घंटे में, हरदोई में होगा भव्य समारोह

प्रशासन ने सुरक्षा और तैयारियों के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।

**आर्थिक क्रांति का आधार :** माना जा रहा है कि यह एक्सप्रेसवे न केवल सफर को आसान बनाएगा, बल्कि इसके किनारे इंडस्ट्रियल क्लस्टर विकसित होने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के लाखों नए अवसर पैदा होंगे। उद्घाटन के तुरंत बाद आम जनता के लिए इसे खोल दिया जाएगा और वाहनों का संचालन शुरू हो जाएगा।

### 12 जिलों और 519 गांवों को सीधा लाभ

यह एक्सप्रेसवे मेरठ के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज के जूदापुर दांडू गांव तक जाता है। यह मार्ग हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली और प्रतापगढ़ समेत कुल 12 जिलों से होकर गुजरता है। इसके शुरू होने से मेरठ से प्रयागराज की दूरी, जो पहले 12-14 घंटे में तय होती थी, अब घटकर मात्र 6 से 7 घंटे रह जाएगी।

### खासियतें जो बनाती हैं इसे 'सुपर हाईवे'

**इमरजेंसी एयरस्ट्रिप :** शाहजहांपुर में 3 .5 किमी लंबी हवाई पट्टी बनाई गई है, जहाँ युद्ध की स्थिति में वायुसेना के लड़ाकू विमान उतर सकेंगे।

**हाई-स्पीड सफर :** इस 6-लेन (जिसे 8-लेन तक बढ़ाया जा सकता है) एक्सप्रेसवे पर वाहनों के लिए 120 किमी/घंटा की रफ्तार तय की गई है।

**आधुनिक सुविधाएं :** यात्रियों के लिए रास्ते में ट्रॉमा सेंटर, फूड कोर्ट और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन की सुविधा मिलेगी।

## बंगाल चुनाव: दूसरे चरण का मतदान आज

**नई दिल्ली/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए बुधवार को 142 सीटों पर मतदान हो रहा है। चुनाव आयोग ने इस चरण को आपराधिक तत्वों से मुक्त रखने और बमबाजी की घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी की सेवाएं लेने का बड़ा फैसला किया है। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, राज्य में चुनावी हिंसा के पुराने इतिहास को देखते हुए सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ-साथ इस बार विशेष रूप से एनआईए को तैनात किया गया है ताकि बमों के इस्तेमाल और किसी भी आतंकी या आपराधिक साजिश को नाकाम किया जा सके। राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए हो रहे इस चुनाव के पहले चरण (23 अप्रैल) में 93 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान हुआ था, हालांकि कुछ जगहों पर पथराव और हिंसा की छिटपुट घटनाएं भी हुई थीं। इसी को देखते हुए दूसरे चरण के लिए आयोग अधिक सतर्क है। आज हो रहे मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां कल ही केंद्रों पर पहुँच चुकी थीं। इस पूरे चुनाव की मतगणना 4 मई को होगी।

## पुलिस में एक लाख नई भर्ती इसी साल: योगी



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप्र पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 936 प्रधान परिचालक को मिले नियुक्ति पत्र
- मुख्यमंत्री बोले, नौ वर्षों में यूपी पुलिस में हुई भर्ती कई राज्यों की कुल ताकत से अधिक

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को युवाओं के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में इस वर्ष पुलिस बल में एक लाख नई भर्तियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि योग्य और सक्षम युवा बड़ी संख्या में पुलिस सेवा से जुड़ना चाहते हैं और भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड उन्हें निष्पक्ष अवसर उपलब्ध करा रहा है।

मुख्यमंत्री इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग के 936 प्रधान परिचालक व प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को नियुक्ति पत्र वितरित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिन में यूपी होमगार्ड में भी 41 हजार भर्ती के लिए परीक्षा हुई। सिविल पुलिस, एसआई, होमगार्ड आदि की भर्ती प्रक्रिया तेजी से बढ़ी है। प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और ईमानदारी के साथ संपन्न हुई है। अब नवचयनित अभ्यर्थियों का दायित्व है कि वे भी उसी निष्ठा और साफ नीयत से अपनी सेवाएं दें। उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रदेश के 112 केंद्रों पर 60 हजार आरक्षियों की दीक्षांत परेड आयोजित हुई, जिसके बाद ये सभी जवान फील्ड में तैनात हो चुके हैं। पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस में 2.20 लाख से अधिक कार्मिकों की भर्ती की जा चुकी है, जो कई राज्यों की कुल पुलिस क्षमता से भी अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी सिविल पुलिस का प्रदेश है, जहां 25 करोड़ की आबादी को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी पुलिस बल पर है।

### पहले होती थी सिफारिश और लेनदेन

मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ वर्ष पहले भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव था और लेनदेन व भेदभाव की शिकायतें आम थीं। लेकिन अब पूरी व्यवस्था बदल चुकी है, जहां बिना किसी सिफारिश या धन के योग्य अभ्यर्थियों को अवसर मिल रहा है। उन्होंने नवचयनितों से अपेक्षा की कि वे भी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाएं। योगी ने कहा कि पुलिस अब केवल कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के साथ ही प्रदेश को सिर्फ माफिया-दंगा मुक्त प्रदेश ही नहीं बना रही है, बल्कि भारत की इकॉनमी ग्रोथ में भी अप्रत्यक्ष रूप में योगदान दे रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### आरटीई दाखिले में देरी मौलिक अधिकार का हनन: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने पूर्व-प्राथमिक शिक्षा को 'राष्ट्रीय मिशन' बताते हुए कहा है कि आरटीई के तहत गरीब बच्चों को दाखिला देना निजी स्कूलों की संवैधानिक जिम्मेदारी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा आवंटित छात्रों को प्रवेश देने से मना करना अनुच्छेद 21ए के तहत शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। यह आदेश लखनऊ के एक मामले में आया, जहाँ लखनऊ पब्लिक स्कूल ने सरकारी सूची में नाम होने के बावजूद एक छात्र को 'पात्रता में अनिश्चितता' का हवाला देकर प्रवेश नहीं दिया था। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि स्कूलों के पास आवंटन के बाद देरी करने का कोई कानूनी आधार नहीं है और उन्हें समाज के वंचित वर्गों के लिए आरक्षित 25% सीटों का नियम सख्ती से मानना होगा।

### पंजाब में विस्फोट, रेलवे ट्रैक उड़ाने की कोशिश

**चंडीगढ़।** पटियाला के शंभू इलाके के पास सोमवार देर रात एक मालगाड़ी कॉरिडोर की रेलवे पटरी पर विस्फोट की घटना सामने आई है। पुलिस ने मंगलवार को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया कि यह रेलवे पटरी को क्षति पहुंचाने का प्रयास था। विस्फोट से पटरी को आंशिक नुकसान पहुँचा है और घटनास्थल पर एक छोटा गड्ढा बन गया है। पुलिस को मौके से एक शव भी बरामद हुआ है, जिसकी पहचान की जा रही है। पिछले तीन महीनों में क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी यह दूसरी बड़ी घटना है।

### डिजिटल अरेस्ट वाले 9,400 वॉट्सएप ब्लॉक

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ते 'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले पर नकेल कसते हुए केंद्र सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि वर्ष 2026 में अब तक वॉट्सएप ने लगभग 9,400 संदिग्ध अकाउंट्स को ब्लॉक कर दिया है। इन खातों का इस्तेमाल लोगों से अवैध वसूली के लिए किया जा रहा था। विस्तृत देश-दुनिया पर

# परिवारवादी दल देश की बहनों-बेटियों को संसद नहीं आने देना चाहते : मोदी

## काशी में जन आक्रोश महिला सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ परिवारवादी दल नारी शक्ति से भयभीत हैं और नहीं चाहते कि महिलाएं विधानसभा और संसद तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि विपक्ष को डर है कि यदि महिलाएं बड़ी संख्या में राजनीति में आईं, तो उनकी पारंपरिक राजनीति समाप्त हो जाएगी।

पीएम मोदी मंगलवार दोपहर दो दिवसीय दौरे पर काशी आने के बाद शाम को बरेका में आधी आबादी से खचाखच भरे जन आक्रोश महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यहां महिलाओं के बीच से होकर पीएम मंच पर पहुंचे। उन्होंने जैसे ही 6332 करोड़ रुपये की 163 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, पूरा पंडाल "हर-हर महादेव" और "मां गंगा" के जयघोष से गूंज उठा। पीएम ने बनारस-पुणे व अयोध्या-मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन में "हर-हर महादेव" के उद्घोष के साथ संबोधन की शुरुआत की। काशी की आध्यात्मिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नगरी माता श्रृंगार गौरी, माता अन्नपूर्णा, माता विशालाक्षी, माता संकट मोचन की शक्ति और मां गंगा की पावन धारा से समृद्ध है। प्रधानमंत्री ने काशी की महिलाओं को नमन करते हुए कहा कि आज का यह अवसर नारी शक्ति के वंदन और विकास का उत्सव है। मोदी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सोच "नारी शक्ति का सम्मान" और "नागरिक देवो भवः" की भावना पर आधारित है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे देश को विकसित बनाने के इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें।

पीएम ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में लंबे समय तक महिलाएं उपेक्षित रहीं। उन्होंने कहा कि कई बार महिलाओं से सवाल तक नहीं पूछे जाते थे और सीधे निर्णय थोप दिए जाते थे। यह स्थिति केवल काशी ही नहीं, बल्कि देश के अधिकांश हिस्सों में बहन-बेटियों का अनुभव रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह करीब 25 वर्ष पहले गुजरात के मुख्यमंत्री बने, तब उन्होंने इस सोच को बदलने का संकल्प लिया।



वाराणसी में महिला सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, प्रधानमंत्री ने किया जनता का अभिवादन।

- 6332 करोड़ की परियोजनाओं का पीएम ने किया शिलान्यास व लोकार्पण
- बनारस-पुणे व अयोध्या-मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई

### उस मां को नमन जिन्होंने मोदी जैसे पुत्र को जन्म दिया : नितिन नबीन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने अपने भावुक संबोधन में कहा कि वह उस मां को नमन करते हैं, जिन्होंने नरेंद्र मोदी जैसे पुत्र को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्य सराहना और गर्व के पात्र हैं। ट्रिपल तलाक पर लिए गए फैसले से मुस्लिम महिलाओं को सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है।

## शिक्षिका की सेवा समाप्त, मुकदमा दर्ज

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर :** जनपद में फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्रों के आधार पर सरकारी नौकरी हासिल करने वाली एक शिक्षिका को अब इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। थाना अलीगंज पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय मुजाहिदपुर की सहायक अध्यापिका के खिलाफ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह मामला तब सामने आया जब नगर के नेहरू नगर निवासी प्रतिमा पत्नी दिलीप कुमार ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने शिक्षिका के दस्तावेजों को फर्जी बताया, जिसके बाद विभागीय जांच शुरू की गई। जांच में पता चला कि शिक्षिका ने नौकरी के दौरान जो शैक्षिक अभिलेख जमा किए थे, उनमें मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया के नाम से जारी बीएड अंकपत्र भी शामिल था। संबंधित महाविद्यालय और वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से प्रमाणपत्रों का सत्यापन कराया गया। दोनों संस्थानों ने बीएड अंकपत्र को अमान्य और कूटरचित बताया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी स्पष्ट किया कि यह अंकपत्र विधिसम्मत नहीं है। इन खुलासों के बावजूद शिक्षिका लंबे समय तक सेवा में बनी रहीं और वेतन व अन्य सरकारी सुविधाएं लेती रहीं। विभाग ने कई बार नोटिस भेजे, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आखिरकार फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हुई नियुक्ति को अवैध मानते हुए शिक्षिका की सेवा नियुक्ति तिथि से ही समाप्त कर दी गई। थानाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विभागीय जांच के बाद अधिकारियों के निर्देश पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## 3.8 अरब रुपये सिक्योरिटी मनी लौटाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- नीट काउंसलिंग: 30हजार अभ्यर्थियों की सिक्योरिटी मनी रिफंड में तेजी, एसीएस के सख्त रुख से कार्रवाई शुरु

**अमृत विचार:** अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) अमित कुमार घोष के सख्त हस्तक्षेप के बाद नीट काउंसलिंग में अभ्यर्थियों की सिक्योरिटी मनी वापस करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। उन्होंने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए लगभग 30 हजार अभ्यर्थियों की करीब 3.8 अरब रुपये की राशि तत्काल लौटाने के निर्देश दिए हैं।

मामले में अनावश्यक देरी को गंभीरता से लेते हुए अपर मुख्य सचिव ने भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को संबंधित खाते बंद करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है। अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) अमित कुमार घोष के निर्देश पर कार्यालय महानिदेशक चिकित्सा एवं प्रशिक्षण से संबद्ध आचार्य डॉ. राहुल और आशुलिपिक मोहम्मद इरफान अंसारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। अन्य दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### क्या है पूरा मामला

नीट काउंसलिंग में शामिल अभ्यर्थियों की सिक्योरिटी मनी लंबे समय से लंबित थी। लगभग 30 हजार छात्रों के 3 .8 अरब रुपये फंसे हुए थे। अपर मुख्य सचिव के हस्तक्षेप के बाद रिफंड प्रक्रिया में आई तेजी। लापरवाही पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

## बड़ी कार्रवाई: ईडी ने कुर्क किया अनिल अंबानी का फ्लैट और बेटे का फार्महाउस

नई दिल्ली, एजेंसी

- 3,034 करोड़ की संपत्ति पर कार्रवाई; कोकिलाबेन अंबानी की प्रॉपर्टी भी शामिल
- वित्तीय लेन-देन की तह तक जाने के लिए सबूतों को खंगाल रहीं जांच एजेंसियां

ईडी ने रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) से जुड़े बैंक धोखाधड़ी और धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने मंगलवार को उद्योगपति अनिल अंबानी के मुंबई स्थित फ्लैट और उनके बेटे जय अंशुल अंबानी के खंडाला स्थित फार्महाउस को कुर्क कर लिया। यह कार्रवाई 3,034 करोड़ रुपये के अस्थायी कुर्की आदेश के तहत की गई है।

ईडी ने एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई है। आरकॉम, अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस अनिल अंबानी समूह (आरएएजी) की प्रमुख कंपनी है। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गई विभिन्न प्राथमिकियों पर आधारित है। यह शिकायतें भारतीय स्टेट बैंक, पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ौदा और एलआईसी जैसे प्रमुख वित्तीय संस्थानों द्वारा आरकॉम और अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज कराई गई थीं। रिलायंस अनिल अंबानी समूह (आरएएजी) के प्रवक्ता ने इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में से कुछ अनिल अंबानी की मां कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी के नाम पर भी हैं। जांच एजेंसी अब इस मामले के वित्तीय लेन-देन की तह तक जाने के लिए सबूतों को खंगाल रही है।

## हर धार्मिक संस्था के लिए नियम जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी धार्मिक संस्था के प्रबंधन के अधिकार का अर्थ 'व्यवस्था का अभाव' नहीं हो सकता। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने मंगलवार को कहा कि चाहे मंदिर हो या दरगाह, हर संस्थान के कामकाज के लिए एक व्यवस्थित ढांचा और नियम होना अनिवार्य है, ताकि अराजकता की स्थिति पैदा न हो।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रबंधन के अधिकार का मतलब ढांचे का अभाव नहीं है। हर संस्था में धार्मिक क्रियाओं का एक तरीका और कार्यों के संपादन का क्रम होता है जिसे विनियमित करना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि कोई भी व्यक्ति अपनी मर्जी से काम करे या द्वार बिना किसी नियंत्रण के खुले रहें। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह प्रबंधन और नियम संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन नहीं कर सकते। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-सदस्यीय पीठ केरल के शबरिमला मंदिर सहित विभिन्न धर्मों में महिलाओं के साथ भेदभाव और धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पीठ में न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना, न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला सहित अन्य वरिष्ठ न्यायाधीश शामिल हैं।

हजरत ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया की दरगाह से जुड़ी चिश्ती निजामी परंपरा की ओर से अधिवक्ता निजाम पाशा ने दलील दी कि दरगाह में प्रवेश को विनियमित करना प्रबंधन का हिस्सा है।



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मंदिर हो या दरगाह, हर संस्थान के कामकाज के लिए व्यवस्थित ढांचा-नियम जरूरी

तकनीक | 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में लगी आधुनिक तकनीक ; लागत हुई आधी और एथनॉल उत्पादन में भी भारी उछाल दर्ज

## ड्रिप इरीगेशन से गन्ना उत्पादन में 25% तक बढ़ोतरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊः

उप्र की योगी सरकार द्वारा कृषि में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग की 'ड्रिप इरीगेशन' (बूंद-बूंद सिंचाई) योजना के चलते राज्य में गन्ने के उत्पादन में 25 प्रतिशत तक की प्रभावशाली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कम बारिश और सीमित संसाधनों वाले क्षेत्रों के लिए यह तकनीक वरदान साबित हो रही है।

**9 साल में 73 हजार हेक्टेयर क्षेत्र कवर :** विभागीय आंकड़ों के अनुसार, पिछले नौ वर्षों में प्रदेश के 73,078 हेक्टेयर गन्ना क्षेत्र में ड्रिप इरीगेशन संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इस तकनीक की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इसमें पौधों की जड़ों तक सीधे बूंद-बूंद पानी पहुँचाया जाता है। इससे न केवल 50 प्रतिशत तक जल की बचत होती है, बल्कि उर्वरकों (खाद) को पानी में घोलकर सीधे पौधों तक पहुँचाने से खाद की खपत भी आधी रह गई है। लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि से किसानों की आय में सीधा सुधार हुआ है।



### एथनॉल उत्पादन में यूपी की लंबी छलांग

गन्ने की खेती के साथ-साथ प्रदेश में एथनॉल के मोर्चे पर भी बड़ी सफलता मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि :

**चीनी मिलों का विस्तार :** वर्ष 2017 तक केवल 37 चीनी मिलों में एथनॉल प्लांट थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 53 हो गई है।

**उत्पादन में वृद्धि :** एथनॉल उत्पादन क्षमता 88 करोड़ लीटर से बढ़कर अब 258 करोड़ लीटर वार्षिक हो गई है।

**वास्तविक उत्पादन :** वास्तविक उत्पादन भी 42 करोड़ लीटर से बढ़कर 137 करोड़ लीटर तक पहुँच चुका है।

### कम बारिश वाले क्षेत्रों को मिला सहारा

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह तकनीक उन इलाकों के लिए गेम-चेंजर साबित हुई है जहाँ भूमि क्षारयुक्त है या बारिश कम होती है। ड्रिप इरीगेशन और एथनॉल उत्पादन के इस दोहरे मॉडल से न केवल किसानों को उनके गन्ने का बेहतर मूल्य मिल रहा है, बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिली है। सरकार का दावा है कि ये कदम किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य की ओर एक बड़ा कदम हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### राहुल गांधी के नागरिकता विवाद मामले की अगली सुनवाई 7 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** हाइकोर्ट कि लखनऊ बेंच में मंगलवार को राहुल गांधी के नागरिकता विवाद मामले की सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी द्वारा स्वयं को मामले से अलग करने के पश्चात अब मामले को न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ को आवंटित कर दिया गया है। मंगलवार को याची एस विग्नेश शिशिर ने कोर्ट से अनुरोध किया कि मामले में जरूरी दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय दिया जाए जिसे न्यायालय ने मंजूर करते हुए मामले की सुनवाई के लिए सात मई की तारीख नियत की है।

### प्रदेश के 39 स्मारकों को संरक्षण की मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में 39 स्मारकों को संरक्षण में लेने की मंजूरी दी गई है। पर्यटन विभाग की स्थायी समिति की बैठक में 41 प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जिनमें से 39 को स्वीकृति मिली। वर्तमान में 278 स्मारक संरक्षित हैं और वर्ष 2027 तक यह संख्या 300 करने का लक्ष्य रखा गया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर प्राथमिकता से कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# पीएम मोदी नए भारत के निर्माता, 'विरासत से विकास' को दी नई रफ्तार : मुख्यमंत्री

## योगी बोले- नारी शक्ति वंदन अधिनियम रोकने के लिए विपक्ष के खिलाफ देश में आक्रोश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए भारत के निर्माता हैं और उनके विजन से देश 'विरासत से विकास' की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने के लिए विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने जो प्रयास किए, उसके खिलाफ पूरे देश में आक्रोश है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को पीएम मोदी की उपस्थिति में बनारस लोकोमोटिव वर्क्स ग्राउंड में आयोजित 'नारी वंदन सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन का ही परिणाम है कि आज हम सभी नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि देश में चार ही जातियां हैं- नारी, गरीब, युवा और अन्नदाता किसान। इन चारों में हमारा पूरा समाज समाहित होता है। यह एक विराट विजन है, जिसके अनुरूप ये चारों वर्ग समग्र समाज और राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसीलिए हमने उन्हें भारत की राजनीति का केंद्र बनाकर प्रत्येक योजना का लाभ इन वर्गों तक पहुंचाया है। पीएम मोदी ने इन वर्गों के आर्थिक स्वावलंबन, सम्मान व सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए दूरदर्शी सोच के तहत 'नए भारत' और 'विकसित भारत' की संकल्पना को साकार करने का अभियान दिया है।

इस अवसर पर राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय मंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

**काशी आज पूरी दुनिया के आकर्षण का केंद्र:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब काशीवासी हैं, लेकिन काशी के बारे में जो धारणा पहले थी, वह पिछले 11-12 वर्षों में बदलती हुई दिखाई दी है। काशी आज पूरी दुनिया के आकर्षण का केंद्र बन गई है। काशी, जो बाबा विश्वनाथ की शाश्वत चेतना का केंद्रबिंदु रही है, वह आज भव्य काशी विश्वनाथ धाम के रूप में पुनः हम सभी के सामने प्रकट हुई है। विरासत और विकास का अद्भुत समन्वय न केवल काशी, बल्कि उत्तर प्रदेश और पूरे देश में दिखाई दे रहा है।



काशी में बीएलडब्ल्यू हेलीपैड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में मौजूद राज्यपाल आनंदी बेन पटेल।

### शिवगढ़ ब्लॉक में 2.05 करोड़ की योजनाओं पर लगी मुहर


पूर्व विधायक धीरज ओझा को मांगपत्र देते प्रधान।

**रानीगंज (प्रतापगढ़) अमृत विचार :** शिवगढ़ ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में पूर्व की कार्य योजनाओं की समीक्षा की गई। आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग दो करोड़ पांच लाख रुपये की अनुमानित कार्य योजना पर चर्चा करते हुए विकास कार्यों पर प्रताव पारित किया गया। ब्लॉक प्रमुख शिवगढ़ सत्यम ओझा ने ब्लॉक परिसर में डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा स्थापित कराने का प्रस्ताव रखा, जिस पर बीडीसी सदस्यों ने स्वीकृति दी। ब्लॉक के जर्जर भवनों के मरम्मत करने योजना को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में उपस्थित पूर्व विधायक ने अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि विकास की धुरी है। बिना इनके सहयोग के विकास करना संभव नहीं है। प्रधान संघ के अध्यक्ष कमलेश दुबे की ओर से पंचायत का कार्यकाल बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित एक मांगपत्र पूर्व विधायक को सौंपा। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास अधिकारी अमित साहू ने किया। खंड विकास अधिकारी शिवगढ़ संजय झा ने सभी के प्रति आभार जताया।


## कार्यालय उपायुक्त (स्वतः रोजगार), रायब रायबरेली

पत्रांक-49 कार्या0 /मरम्मत /निविदा/2026-26 दिनांक- 28-04-2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय उपायुक्त (स्वतः रोजगार) रायबरेली के कार्यालय की मरम्मत कराये जाने हेतु मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनाँक 29.04.2026 से 08.05.2026 अपरान्ह 12: 00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क नकद भुगतान करके प्राप्त किये जा सकते हैं।
निविदा दाताओं द्वारा अपनी मुहर बन्द निविदा दिनाँक 08.05.2026 को अपरान्ह 02: 00 बजे तक उपायुक्त (स्वतः रोजगार) रायबरेली के कार्यालय में रखी टेण्डर पेटिका में डाली जा सकती है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा। प्राप्त समस्त निविदायें दिनाँक 08.05.2026 को ही अपरान्ह 03: 00 बजे निविदा दाताओं / उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी।
निविदा प्रपत्र के साथ निविदा दाता का पैन कार्ड, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र एवं 100.00 रू0 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र, जो नोटरी द्वारा प्रमाणित हो. भी संलग्न करना होगा निविदा प्रपत्र पर कोई भी कटिंग अथवा उपरिलेखन मान्य नहीं होगा। कार्य की लागत में नियमानुसार आयकर एवं जी0एस0टी0 शामिल होगा।
निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताये निरस्त / स्थगित करने का अधिकारा उपायुक्त (स्वतः रोजगार) रायबरेली में निहित होगा। किसी भी विवाद की स्थिति में विवाद का निर्णय द्विपक्षीय वार्ता द्वारा किया जायेगा तथा अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अन्तिम रूप से मान्य होगा।

| क्रमाक | कार्य का नाम | लगत (लाख में) | धरोहर धनराशि रू. में | टेण्डर मूल्य रु. में | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय उपायुक्त स्वतः रोजगार (एन0आर0एल0एम0), रायबरेली के कायाकल्प का कार्य | 7.04 | 70000.00 | 1400.00 | 1 माह |
| | | 7.04 | 70000.00 | 1400.00 | |

कार्यो के आगणित कुल मूल्य की 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि का एफ0डी0आर0, जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक होगा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किया जायेगा तथा जिस ठेकेदार की निविदा स्वीकृत की जायेगी उसे अवशेष 8 प्रतिशत धनराशि (धरोहर राशि) का एफ0डी0आर0 जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक होगा, के जमा करने पर ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

**उपायुक्त (स्वतः रोजगार)**
**रायबरेली।**


### मेधावियों को किया गया सम्मानित



मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि।

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में मंगलवार को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। निदेशक रंजन सिंह और प्रिंसिपल समीना अख्तर कक्षा एक से नौ तक एवं कक्षा 11 के मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। निदेशक रंजन सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम निरंतर बेहतर है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संचालन अविनाश सिंह ने किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रकाश त्रिपाठी, अखिलेश मिश्र, जितेंद्र विक्रम सिंह, संगीत दूबे, अंकिता तिवारी, श्रद्धा पांडेय, अलीशा फारूकी, शुभी अली, गुंजन सिन्हा, लक्ष्मी देवी, जीतलाल पटेल, गोविंद प्रताप सिंह, विनोद मौर्य आदि मौजूद रहे।

### बोलेरो से कुचलकर युवक की मौत

**कुंडा (प्रतापगढ़):** रायबरेली के ऊंचाहार थाना क्षेत्र के सरांय टाउन निवासी 31 वर्षीय फैजान खान पुत्र नसीम खान सोमवार देर रात कार से नवाबगंज थाना क्षेत्र के रामनगर गांव स्थित रिश्तेदार के घर आया था। वह देर रात घर के सामने लघुशंका कर रहा था। तभी बोलेरो कुचलते हुए भाग निकली। पुलिस घायल को सीएचसी ले गई। सीएचसी में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मारपीट के मामले में कार्रवाई न होने से रोजगार सेवक आक्रोशित

**कुंडा (प्रतापगढ़) अमृत विचार :** कालाकांकर ब्लॉक को वाजिदपुर गांव के रोजगार सेवक जुनैद आलम ने अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 13 अप्रैल को गांव के ही कुछ लोग कार्यालय आकर गालियां देते हुए मारपीट की। गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। मामले की नामजद शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उसी मामले को लेकर मंगलवार में रोजगार सेवकों ने धरना देकर विरोध जताया। बीडीओ को ज्ञापन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर धर्मावती यादव, अनुभा पांडेय, वंदना देवी, सूरज भान, रेखा मौर्य, रमेशकुमार पटेल, सुरेश कुमार, विनोद कुमार, अजीत कुमार, दिलीप कुमार, प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश, संध्या तिवारी, प्रेम प्रकाश, अर्जुन कुमार आदि मौजूद रहे।

### तालाब में डूबने से बालिका की मौत

**संग्रामगढ़, अमृत विचार :** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर सोहाग गांव निवासी भोंदू सरोज की 11 वर्षीय बेटी देवी सरोज गांव के ही स्कूल में कक्षा पांच की छात्रा थी। सोमवार शाम वह घर से कुछ दूर स्थित तालाब किनारे शौच को गई। पैर फिसलने से वह तालाब में गिरी तो निकल नहीं पाई और उसी में डूब गई। काफी देर घर नहीं लौटने पर जब परिजनों ने खोजबीन की तो उसका शव तालाब में उतराता मिला।

पुलिस पहुंची तो शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक छात्रा तीन बहन, एक भाई हैं। छात्रा के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एसओ मनोज तोमर ने कहा कि बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं छात्रा की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर का बुरा हाल है। साथ गांव के लोगों में भी शोक की लहर व्याप्त है।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
महेशचंद्र भाटिया पुत्र अमीरचंद्र भाटिया निवासी कृष्ण क्रांति अपार्टमेंट फ्लैट न. 301 पांडुनगर कानपुर का मूल आवंटन पत्र (11132 दिनांक 01.09.2006) एवं मूल कब्जा पत्र कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। मो0- 9793012777

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष-2013 रोल 1768532 के प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कही खो गये हैं। **अनूप कुमार पुत्र सुगर सिंह पुर्वा-उदई पोस्ट- मढोकमीत जनपद औरैया**

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष - 2011 रोल नं0- 1611879 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **कु0 इशरत पुत्री रियासुद्दीन ग्रा0- मनिहारन करहल - मैनपुरी**

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष - 2005 रोल 1313634 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2007 रोल 0750459 के अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **अर्चना पुत्री राम कुमार निवासी- नेविलगंज अछल्दा जनपद-औरैया**

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2009 रोल नं0- 1495379 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष - 2011 रोल नं0- 0882870 के प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **कु0 शिवानी दीक्षित पुत्री प्रदीप कुमार दीक्षित, निवासी- जवाहर नगर विधूना जनपद औरैया**

**सूचना**
सूचित हो कि हम शारदा देवी पत्नी प्यारे लाल निवासिनी - 463 B हिन्द नगर कानपुर रोड L.D.A. लखनऊ की रहने वाली है अपने पुत्र विशाल दास व पुत्रवधु दिपाली चौहान को उनके अनैतिक कृत्यो से क्षुब्ध होने के कारण हम उपरोक्त से सम्बंध समाप्त कर चुके है इनके द्वारा किये गये कृत्यों एवं सव्यवहारो से हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं है।

**सूचना**
हम **जाकिर पुत्र जिलानी व रेशमा पत्नी जाकिर निवासीगण-ग्राम चन्दूरा पोस्ट व थाना कोतवाली मोहम्मदपुर खाला तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी**, हम अपने सबसे बड़े लड़के शादाब पुत्र जाकिर व उसकी पत्नी तैयाबा पत्नी शादाब के गलत चाल-चलन के कारण अपने पुत्र व बहू को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे है। यदि पुत्र शादाब व उसकी पत्नी तैय्यबा के द्वारा कोई कृत्य, वाद-विवाद, लेन देन, करते है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगे। हमारा किसी भी प्रकार का कोई लेना-देना नहीं है। ना तो किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार ही रहेगा।

**सूचना**
मैं **मुकेश कुमार यादव पुत्र जगदीश चन्द्र यादव निवासी ग्राम खरगपुर, सेक्टर-14, प्राइमरी विद्यालय, इन्दिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0**, मेरी पुत्री अक्षिता यादव की बैंक पासबुक जिसकी खाता संख्या 3699681606 है में पुत्री का नाम एंजल पुत्री मुकेश कुमार यादव अंकित है। जबकि पुत्री के आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में पुत्री का नाम अक्षिता यादव अंकित है, जो कि सत्य व सही है। अतः पुत्री के बैंक पासबुक में पुत्री का सही नाम अक्षिता यादव अंकित किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम KANCHAN AKHILESH KUMAR था जिसे बदलकर KANCHAN SINGH रख लिया है। अब मुझे KANCHAN SINGH के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-AKHILESH KUMAR ADD-2A, T8,-904 MANDAKINI ENCLAVE AVADH VIHAR YOJNA SECTOR-2A GUSVAK KALA PO-BARAUNA DIST-LUCKNOW-226002 (U.P.)

**सूचना**
मैं **मो0 इरफान पुत्र श्री मो0 मोतीन निवासी ग्राम व पोस्ट ऊँचगाँव मजरे खालिश बाहरपुर थाना बाजार शुकुल परगना जगदीशपुर तहसील मुसाफिरखाना जिला अमेठी**, मेरे पासपोर्ट पर Irafan लिखा हुआ है जो कि गलत है जिसका पासपोर्ट नंबर L9650324 है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम Mohd Irfan है जो आधार कार्ड नंबर 857721518956 व पैन कार्ड AGSPI0936R पर अंकित है अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम Mohd Irfan अंकित किया जाय।

**सूचना**
मै **रामखेलावन पुत्र भभूती निवासी ग्राम पूरे बेन सिंह मजरे पिण्डारा करनाई परगना व तहसील मुसाफिरखाना जनपद अमेठी**, सशपथ घोषणा करता हूँ कि मेरे तीन पुत्र क्रमशः चिरंजीव यादव, चौम्पियन यादव, मनीष यादव है। मेरा पुत्र चौम्पियन यादव जिनका चाल चलन एवं आचरण ठीक नहीं रहता है आये दिन लड़ाई झगड़ा एवं अन्य प्रकार के गैर समाजिक कृत्य किया करते है। इनके इस कृत्य से मै मानसिक एवं आर्थिक रूप से बहुत ही परेशान हूँ मैं अपने मंझिले पुत्र चौम्पियन यादव को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ आज से मेरा और चौम्पियन यादव कोई रिश्ता नहीं रह गया है न ही उसके द्वारा किये गये किसी भी अवैध कृत्य के लिए जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
मेरे पुत्र दिलीप कुमार का चाल-चलन अच्छा नहीं है। मैं अपने इस पुत्र के गलत व्यवहार से असंतुष्ट होकर उसे अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब भविष्य में उसके किसी भी अनैतिक कार्य या कथन के लिए दिलीप कुमार स्वयं जिम्मेदार होगा। **सुरेश चन्द्र पुत्र स्व. ओमकार नाथ, निवासी ग्राम व पोस्ट - राजेपुर ब्लाक व थाना - फतेहपुर चौरासी तहसील - बांगरमऊ, जिला - उन्नाव**





# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

संवाददाता त्रिवेदीगंज, बाराबंकी



त्रिवेदीगंज अस्पताल में रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उधर घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने वाहन को घेर लिया। पुलिस ने वाहन अपने कब्जे में ले लिया। वहीं परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार लोनीकटरा थाना क्षेत्र में यह हादसा लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर मंगलपुर कट के पास उस समय हुआ, जब मंगलवार सुबह करीब 7 बजे उलटी दिशा से आ रहे बाइक सवार कट पर सीधी दिशा में जाने के लिए मुड़ने लगे। तभी हैदरगढ़ की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने इन बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल एम्बुलेंस की मदद से त्रिवेदीगंज अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान निजामपुर गोसाईगंज निवासी बासुदेव (40) पुत्र सीताराम और ललई खेड़ा लोनीकटरा निवासी उदयराज (42) पुत्र राम लखन के रूप में हुई। बताया गया कि उदयराज के घर दो दिन पहले वैवाहिक कार्यक्रम था। वो अपने रिश्तेदार बासुदेव के साथ चाय पीने के लिए मंगलपुर चौराहे पर जा रहे था। उधर घटना के बाद जुटे ग्रामीणों ने वाहन को घेर लिया। थानाध्यक्ष अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बोलेरो गाड़ी को कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



बासुदेव।



उदयराज।

## कोतवाली क्षेत्र में अनियंत्रित कार पलटने से नौ बाराती घायल, पांच रेफर

**फतेहपुर, बाराबंकी :** कोतवाली क्षेत्र में अनियंत्रित होकर बोलेरो कार पलटने से दूल्हे के पिता समेत कुल नौ लोग घायल हो गए, जिनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के जमका परशुरामपुर गांव निवासी धर्मदेव के बेटे पप्पू की बारात देवा थाना क्षेत्र के बिनवा गांव जानी थी। दूल्हे के पिता धर्मदेव सहित नौ लोग बोलेरो से बारात में शामिल होने के लिए निकले। फतेहपुर थाना क्षेत्र के करंधा गांव के पास सामने से आ रहे एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक महेश 38 ने अचानक वाहन मोड़ दिया। बोलेरो का संतुलन बिगड़ते ही वह सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। वाहन कई बार पलटा, जिससे उसमें सवार नागेंद्र (35), धर्मदेव (55), राकेश (10), आर्यन (12), लाल चंद्र (60), बाबू लाल (45), सुग्रीव (45), चालक महेश (38) और राम बचन (63) घायल हो गए। सूचना मिलते ही सूढ़ियामऊ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया। यहां उपचार के बाद बाबू लाल, नागेंद्र, आर्यन, सुग्रीव और लाल चंद्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### आज चार घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**सूरतगंज, बाराबंकी :** अमृत विचार विद्युत उपकेंद्र सूरतगंज में बुधवार को पावर ट्रांसफार्मर और पैनल की टेस्टिंग कार्य के चलते क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अवर अभियंता शैलेंद्र कुमार ने बताया कि 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक उपकेंद्र से निकलने वाले सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि यह कटौती आवश्यक तकनीकी कार्य के कारण की जा रही है। अवर अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली से जुड़े आवश्यक कार्य निर्धारित समय से पहले पूरा कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### ईसीसी एजुकेटर भर्ती में भ्रष्टाचार का आरोप

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** जनपद में चल रही ईसीसी एजुकेटर भर्ती प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार को लेकर सांसद तनुज पुनिया से शिकायत की गई है। सिविल कोर्ट हैदरगढ़ के अधिवक्ता कृष्ण मगन पांडेय ने सांसद को भेजे पत्र में आरोप लगाया कि 16 से 25 दिसंबर 2025 तक ब्लॉक संसाधन केंद्र बडेल (मिनी डायट), कम्पोजिट विद्यालय बडेल में एसएम ग्रुप सेवा प्रदाता फर्म द्वारा सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत फर्जी अभ्यर्थियों का डीवी परीक्षण और मूल अभिलेखों की जांच कराई जा रही है। पत्र में कहा गया है कि चयन प्रक्रिया मेरिट या परीक्षा प्रणाली के आधार पर होनी चाहिए, लेकिन वर्तमान प्रक्रिया में अनियमितताएं सामने आ रही हैं। अधिवक्ता ने सांसद को युवाओं की आवाज बताते हुए 24 घंटे के भीतर जिलाधिकारी को अवगत कराकर भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है।

### पुरानी रंजिश में किया हमला, एक घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** दरवाजे पर सफाई करते समय पहुंचे विपक्षियों ने रंजिश के कारण हमला बोल दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली के पूरे मेहरबान मिश्र मजरे बरावां गांव निवासी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि 25 अप्रैल की सुबह जब वह अपने दरवाजे सफाई कर रहा था, उसी समय पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी लक्ष्मन पुत्र हीरालाल,पप्पू व करन पुत्रगण लक्ष्मन व लक्ष्मनी की पत्नी दरवाजे पर पहुंचे और गालियां देते हुये लाठी डण्डो से मारने पीटने लगे, जिससे उसे गम्भीर चोटे आईं।

### दुकान के गोदाम से लाखों रुपये की चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर में घंटाघर के निकट स्थित नामी मिठाई की दुकान के गोदाम से लाखों का माल चोरी हो गया। दुकान स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार न्यू किशोर मिष्ठान भंडार की दुकान का गोदाम मोहल्ला कानून गोयान में बना हुआ है। दुकान स्वामी अनूप गुप्ता ने बताया कि सुबह गोदाम का शटर खुला मिला, अंदर देखा गया तो देशी घी, काजू, बादाम के अलावा मिठाई के डिब्बे समेत करीब दो लाख का सामान गायब मिला। इस घटना की तहरीर पुलिस को दी गई, शिकायत पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की।

### नदी में कूदी महिला को पुलिस ने बचाया

**रामनगर, बाराबंकी :** थाना रामनगर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुये सरयू नदी में कूदी महिला को सकुशल बचा लिया। क्षेत्रान्तर्गत सरयू नदी स्थित पीपा पुल से एक महिला ने पारिवारिक विवाद के कारण नदी में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए स्थानीय लोगों की सहायता से महिला को सुरक्षित नदी के बाहर निकाला। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला की काउंसलिंग कर समझाया बुझाया गया तथा परिजनों को बुलाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। थाना पुलिस की संवेदनशीलता एवं तत्परता की आमजनमानस ने सराहना की।

### सुंदरकांड व भजन संध्या का आयोजन

**मसौली, बाराबंकी :** बाबा रामशरण दास भागवत दास कुटी हनुमान मंदिर मसौली में हनुमान जी महाराज का भव्य श्रृंगार कर फूल-मालाओं से सजावट की गई। इसके बाद सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पुजारी बाबा रामलाल दास ने श्रीराम स्तुति "श्री रामचन्द्रकृपालभजुमन"सेकी।इसके बादगणेशवंदना, सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद भक्तों ने सुंदरकांड पाठ के उपरांत हनुमान जी की भव्य आरती उतारी और "जय श्रीराम" के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

## ऑनलाइन ठगे 1.6 लाख रुपये

**बाराबंकी, अमृत विचार:** आदर्श नगर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ऑनलाइन साइबर ठगी का शिकार हो गया। जानकारी के अनुसार शिवाजीपुरम पल्हरी चौराहा निवासी अश्वनी वर्मा के साथ अज्ञात साइबर अपराधियों ने लगभग 1.60 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि एक फरवरी को उसके मोबाइल पर उसके एक परिचित के नाम से एक संदिग्ध लिंक भेजा गया। परिचित समझकर उसने उस लिंक पर क्लिक कर दिया, जिसके बाद उसका मोबाइल फोन हैक हो गया। आरोप है कि मोबाइल हैक होने के बाद उसके यूपीआई खाते से करीब 1.60 लाख रुपये निकाल लिए गए।

# अपराधियों को दिलाएं कड़ी सजा: डीएम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की उपस्थिति में अभियोजन कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बीते माह में दोषमुक्त हुए प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए अभियोजकों से विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि अभियोजन की कमजोरी के कारण कोई भी अपराधी दोषमुक्त न होने पाए। अपने बयानों से मुकरने वाले वादियों के विरुद्ध धारा-22 के तहत कार्रवाई की प्रगति की भी समीक्षा की गई और ऐसे मामलों में विधिक प्रावधानों का कड़ाई से पालन करते हुए प्रकीर्ण वाद दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। गैंगेस्टर एक्ट से जुड़े मामलों की विशेष समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अभियोजकों को न्यायालय में ठोस एवं प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने को कहा, ताकि अपराधियों को कठोर सजा मिल सके। उन्होंने बेस मुकदमों में भी किसी प्रकार की शिथिलता न बरतने और विवेचना से लेकर साक्ष्य संकलन तक हर स्तर पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अभियोजकों से जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करते हुए न्यायालय में सरकार का पक्ष मजबूती से रखने पर जोर दिया, जिससे संगठित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित हो सके। बैठक में अभियोजन अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता मौजूद रहे।



मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

## चिकन पॉक्स के आए चार मामले, विभाग सतर्क

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी :** क्षेत्र के मुसकाबाद गांव में चिकन पॉक्स के चार मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। सोमवार को स्वास्थ्य टीम ने गांव पहुंचकर संक्रमित बच्चों का परीक्षण किया और दवाएं वितरित कीं। जानकारी के अनुसार, नजाकतुद्दीन के परिवार के चार बच्चे 11 वर्षीय शाहिद, 6 वर्षीय इकरा बानो, 5 वर्षीय सुमरा बानो और 12 वर्षीय मिकरा बानो चिकन पॉक्स से संक्रमित पाए गए हैं। सूचना पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. देव प्रताप सिंह के नेतृत्व में बीपीएम संजीव कुमार और बीसीपीएम शैलेष रावत की टीम गांव पहुंची, जिसमें संगिनी व आशा कार्यकत्री भी शामिल रहीं। टीम ने सभी मरीजों की जांच कर आवश्यक दवाएं दीं और परिजनों को सतर्कता बरतने की सलाह दी। डॉ. देव प्रताप सिंह ने बताया कि चिकन पॉक्स एक संक्रामक बीमारी है, इसलिए संक्रमित बच्चों को अलग रखने, साफ-सफाई बनाए रखने और खुजली से बचने की सलाह दी गई है। टीम ने गांव में जागरूकता अभियान चलाकर आशा-संगिनी को घर-घर निगरानी के निर्देश भी दिए।

## बारातियों ने जनातियों को पीटा, तीन घायल

**सूरतगंज, बाराबंकी :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान मारपीट की घटना में तीन लोग घायल हो गए। ग्राम औरंगाबाद पुरवा निवासी सुभाष चन्द्र ने पुलिस को बताया कि 26 अप्रैल की रात उनके चाचा की बेटी की शादी में कन्दरवल कलां थाना रामनगर से बारात आई थी। आरोप है कि रात करीब 11 बजे जयमाल के बाद कुछ बारातियों दुर्गा, प्रदीप पुत्र ओमप्रकाश, रवि पुत्र सतीराम उर्फ सीताराम, मनीष व हरकेश सहित अन्य अज्ञात लोगों ने मिलकर नीरज कुमार, आयुष पटेल और रंजीत गौतम के साथ मारपीट की। इस दौरान लात-घूंसे और हाथ के कड़े से हमला किया गया, जिससे तीनों को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित पक्ष ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## मायके से विवाहिता लापता, रिपोर्ट दर्ज

**बनीकोडर, बाराबंकी :** असन्द्रा क्षेत्र में शादी के बाद एक सप्ताह पहले मायके आई विवाहिता अचानक गायब हो गई। पिता की तलाश के बाद वह एक युवक के घर पर मिल गई। तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू की है। शिकायत के अनुसार, क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी की शादी 11 मार्च को सतरिख थाना क्षेत्र के एक युवक के साथ हुई थी। शादी के बाद हाल ही में वह अपनी बेटी को विदा कराकर अपने घर लाया था। आरोप है कि 27 अप्रैल की भोर करीब 4 बजे लवकुश पुत्र राजेश वर्मा निवासी कन्हवापुर थाना असन्द्रा युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों द्वारा तलाश करने पर युवती उक्त आरोपी के घर पर मिली। पीड़िता के पिता अपनी बेटी को लेकर थाने पहुंचे और लिखित शिकायत दी।

## दो बाइक व सरकारी केंद्र से सामान चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग स्थानों से बाइक व सरकारी स्वास्थ्य केंद्र से सामान चोरी कर लिया गया। पहली घटना तहसील फतेहपुर के ग्राम पालपाटन की है, जहाँ प्रवेश कुमार नामक युवक ने बताया कि वह 21 अप्रैल को एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के दौरान उसने उधार ली गई पैशन प्रो मोटरसाइकिल बाहर खड़ी की थी, लेकिन रात लगभग 10 बजे वापस आने पर बाइक गायब मिली। दूसरी घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के असैनी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर की है, जहाँ 13 अप्रैल की रात चोरों ने सेंटर में रखे फ्रिज, इन्वर्टर, बैटरी और प्रिंटर जैसे जरूरी सामान पर हाथ साफ कर दिया। तीसरी घटना कोतवाली मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र की है जहाँ सुरेन्द्र कुमार की मोटरसाइकिल 26 अप्रैल की रात लगभग 11 बजे एक शादी समारोह के दौरान चोरी हो गई। पीड़ित ने काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिल सका।

# केजरीवाल के अपने ही छोड़ रहे साथ विपक्ष का सूपड़ा साफ: वसीम राईन



वसीम राईन।

**बाराबंकी, अमृत विचार:** दिल्ली की सियासत में आप के सात राज्यसभा सांसदों के भाजपा में विलय के बाद देशभर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इस घटनाक्रम पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने इसे विपक्षी राजनीति के अंत की शुरुआत बताया है। उन्होंने कहा कि यह कोई 'ऑपरेशन लोटस' नहीं, बल्कि पीएम मोदी के 'विकसित भारत' के विजन पर बढ़ते विश्वास का परिणाम है। आरोप लगाया कि केजरीवाल की तथाकथित ईमानदारी की पोल अब खुल चुकी है। राघव चड्ढा और स्वाति मालीवाल जैसे नेताओं के भाजपा में शामिल होने की चर्चा पर उन्होंने कहा कि यह विपक्षी दलों की कमजोर होती जमीन का संकेत है।

बंगाल की राजनीति पर बोलते हुए कहा वहां के पसमांदा समाज को अब तक वामपंथ और टीएमसी से केवल हिंसा और गरीबी मिली है। दावा किया कि अब जनता 'डर की राजनीति' से बाहर निकलकर विकास और जनकल्याण की ओर देख रही है। यूपी व बाराबंकी की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने सपा पर भी निशाना साधा। वसीम राईन ने कहा कि दिल्ली से लेकर बंगाल और यूपी तक राजनीतिक बदलाव का असर 2027 के विधानसभा चुनाव में साफ दिखाई देगा और विपक्ष का "सूपड़ा साफ"होना तय है।



प्रशिक्षण में मौजूद प्रशिक्षक व छात्र। अमृत विचार

## छात्रों को दिया गया स्काउटिंग का ज्ञान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** संत कवि बाबा बैजनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरख में भारत स्काउट और गाइड संस्था बाराबंकी के निर्देशन में चल रहे तीन दिवसीय रोवर-रेंजर प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत लीडर ऑफ द कोर्स राम आसरे (लीडर ट्रेनर) द्वारा ध्वज शिष्टाचार, प्रार्थना और स्काउट-गाइड झंडा गीत से की गई। मुख्य प्रशिक्षक ने रोवर-रेंजर्स को स्काउटिंग का इतिहास, आधारभूत तत्व और विभिन्न प्रकार के ध्वजों के आकार व प्रकार की जानकारी दी। साथ ही सैल्यूट, बाएं हाथ से अभिवादन, प्राथमिक उपचार,कैम्प फायर, गांठ बंधन और फांसों का प्रशिक्षण भी दिया गया। विभिन्न प्रकार की तालियों का अभ्यास कर छात्रों ने आनंद भी लिया। सहायक प्रशिक्षक आदर्श कुमार (हिमालय वुड बैज) ने वर्दी एवं सेरेमनी की जानकारी देते हुए एक्शन सांग के माध्यम से छात्रों का उत्साह बढ़ाया। शिविर में छात्रों को टोलियों में विभाजित किया गया, जिनमें चन्द्र प्रभा गौतम, कमल टोली और आज्ञा धीमान (लिली टोली) शामिल रहीं। इस दौरान महाविद्यालय की रेंजर्स इंचार्ज विजय लक्ष्मी यादव ने प्रशिक्षण में सहयोग किया।

## किसान उर्वरकों का करें संतुलित प्रयोग




कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों को संबोधित करते वैज्ञानिक। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** कृषि विज्ञान केंद्र सभागार में उर्वरकों के संतुलित उपयोग विषय पर जन जागरण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उर्वरकों के संतुलित प्रयोग और वैकल्पिक खादों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। इस मौके पर भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के वैज्ञानिक डॉ. एच. एस. पांडेय, डॉ. मृणालिनी और डॉ. राजेश मोदी, इफको के उप महाप्रबंधक लखनऊ डॉ. एस. के. सिंह व क्षेत्रीय प्रबंधक राजकुमार मौजूद रहे। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. समीर पांडेय ने मृदा के तत्वों और संरक्षण की जानकारी दी, जबकि डॉ. अर्चित शुक्ल ने वर्मी कम्पोस्ट, काऊ मैन्यूर और जैविक किण्वित खाद जैसे वैकल्पिक खादों के उपयोग पर जोर दिया। डॉ. रिंकी चौहान ने फसलों में लगने वाले कीट एवं रोगों के बारे में बताया। कार्यक्रम में डॉ. भास्कर प्रताप सिंह और डॉ. रूपन रघुवंशी भी रहे। अभियान में छह दर्जन से अधिक किसानों और महिलाओं ने भाग लिया।



अभिलेख का सत्यापन कराते अभ्यर्थी। अमृत विचार

## ईसीसीई एजूकेटर को 105 ने कराया सत्यापन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग बाराबंकी में 160 ईसीसीई एजूकेटर पदों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से चयन की प्रक्रिया के तहत तीन दिवसीय अभिलेख सत्यापन कार्य कम्पोजिट विद्यालय बड़ेल में मंगलवार से शुरू हुआ। सेवायोजन पोर्टल से रैण्डमाइजेशन के आधार पर चयनित 480 अभ्यर्थियों को तीन चरणों में बुलाया गया है। प्रथम दिन 160 अभ्यर्थियों को बुलाया गया, जिनमें से 105 अभ्यर्थियों ने उपस्थित होकर अपने अभिलेखों का सत्यापन कराया, जबकि 67 अभ्यर्थी अन्य जनपदों के थे। सत्यापन कार्य प्राचार्य डायट गनेशपुर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जा रहा है, जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं ईएमआईएस इंचार्ज शामिल हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने बताया कि चयनित ईसीसीई एजूकेटर को 160 को-लोकेटेड परिषदीय विद्यालयों में बालवाटिका के अंतर्गत 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्री-प्राइमरी शिक्षा प्रदान करने के लिए तैनात किया जाएगा।

## 163 किलोग्राम पोस्ता तृण के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स थाना बाराबंकी की टीम ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 163 .231 किलोग्राम पोस्ता तृण बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 32 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही। गिरफ्तार आरोपियों में सुमित वर्मा, मोहम्मद रफी और शिवकुमार वर्मा शामिल हैं, जो थाना जैदपुर क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने इनके पास से एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 2,310 रुपये नकद भी बरामद हुए हैं। यह कार्रवाई 27 अप्रैल को ग्राम मचौची थाना जैदपुर क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान के पीछे बनी झोपड़ी से की गई। इस संबंध में थाना जैदपुर में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से अधिक पैसा कमाने के लालच में मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे थे और यह माल गांव के ही एक अन्य व्यक्ति द्वारा लाकर रखा गया था। पुलिस अब इस मामले में आगे और पीछे के नेटवर्क की जांच कर अन्य सहयोगियों की तलाश में जुटी है। पूरी कार्रवाई को एएनटीएफ बाराबंकी टीम ने उच्च अधिकारियों के निर्देशन में अंजाम दिया, जिसमें थाना जैदपुर पुलिस का भी सहयोग रहा।

## बीएससी का छात्र अचानक लापता

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** बीमारी के चलते घर में रह रहा बीएससी का छात्र 4 दिन पहले शौच के लिए निकला और रहस्यमयी ढंग से लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी कोई पता न चलने पर पिता ने तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। क्षेत्र के संसारा गांव निवासी प्रगतिशील किसान मंशाराम यादव पुत्र मन्नूलाल ने बताया कि उनका 21 वर्षीय पुत्र विनीत कुमार यादव बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से बीएससी कृषि से पढ़ाई कर रहा था। लास्ट सेमेस्टर की पढ़ाई के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिस पर वह 6 अप्रैल को घर चला आया था। पिता ने बताया कि उसका इलाज लखनऊ में डॉ किरन कुमार अरोड़ा से चल रहा था। बताया कि घर पर शौचालय होने के बावजूद गत 25 अप्रैल को दिन में शौच जाने की बात कहकर बिना मोबाइल फोन लिए घर से निकला उनका पुत्र शाम तक वापस घर नही आया। बताया कि वापसी में देर होने पर उन्होंने खेत बाग, नाते रिश्तेदारो के अलावा लखनऊ में रह रहे भाई के यहां पता किया लेकिन कुछ पता नहीं चला।



विनीत कुमार यादव।

## डीजे बंद कराने को लेकर भिड़े दो पक्ष

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी :** बदोसरांय थाना क्षेत्र में एक मांगलिक कार्यक्रम के दौरान डीजे बंद कराने को लेकर विवाद हो गया। हुई मारपीट में कई लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने पड़ोसियों पर गाली-गलौज और घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। ग्राम कटोरवा मजरे हजरतपुर निवासी शोभाराम सोनकर की तहरीर के अनुसार उनके बड़े भाई के बेटे की शादी के लिए पहनावर कार्यक्रम चल रहा था। शाम 7 बजे पड़ोसी लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और डीजे बंद करा दिया। विवाद बढ़ने पर पीड़ित ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद विपक्षी वहां से चले गए। शोभाराम का आरोप है कि रात करीब 9 बजे जब वे कथा सुनकर घर लौट रहे थे तब विपक्षियों ने उन्हें घेर कर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। यह भी आरोप लगाया कि बीचबचाव करने आईं उनकी भाभी और घर की अन्य महिलाओं को भी जातिसूचक गालियां दी गईं। महिलाओं को मारा गया। इस हमले में मोहित राम के सिर पर भी लाठी लगने से चोटें आईं।

## पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग



ज्ञापन सौंपते ग्राम प्रधान। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी :** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग उठाते हुए सीएम को संबोधित ज्ञापन प्रभारी बीडीओ व एडीओ आईएसबी जयराम बाल्मीकि के माध्यम से भेजा। ज्ञापन जिलाध्यक्ष रामकुमार मिश्रा 'बब्बू' के नेतृत्व में सौंपा गया। कहा गया प्रदेश की पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 और 19 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है, लेकिन मतदाता सूची के पुनरीक्षण में देरी, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना और सुप्रीम कोर्ट के ट्रिपल टेस्ट के अनुरूप आरक्षण प्रक्रिया पूरी न होने के कारण समय पर चुनाव कराना संभव नहीं दिख रहा है। संगठन ने तर्क दिया कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड जैसे राज्यों में ऐसी स्थिति में निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही प्रशासनिक दायित्व सौंपे गए थे, इसलिए यूपी में भी वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए। संगठन का कहना है कि प्रशासकों की नियुक्ति संविधान के भाग-9 की मूल भावना के विपरीत है। साथ ही, कार्यकाल बढ़ाने से ग्रामीण जनता का सरकार पर विश्वास मजबूत होगा।

फजीहत | सभी दावे हवा-हवाई, आए दिन समस्याओं से दो चार हो रहे उपभोक्ता

# जंग थमी पर सिलेंडर संग्राम जारी, औंधे मुंह गिरी होम डिलीवरी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी




**अमृत विचार:** ईरान अमेरिका के बीच जंग फिलहाल थमी हुई है पर बाराबंकी वासियों का घरेलू गैस सिलेंडर के लिए युद्ध जारी है। एजेंसियों पर लाइन नहीं लग रही इसका मतलब यह नहीं कि सबको सिलेंडर मिल रहा, बल्कि भीषण गर्मी में झड़प, बहस के बीच लाइन लगकर जूझते उपभोक्ता अब थक चुके हैं। चार दिन में सिलेंडर की होम डिलीवरी के दावे औंधे मुंह गिरे पड़े हैं, दो सप्ताह से भी अधिक समय लग रहा। मनमानी का आलम यह कि अब तक एजेंसियों का बैकलाग ही खत्म नहीं हो सका है। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं का दर्द लाइलाज बना हुआ है। ईरान अमेरिका युद्ध के साथ ही घरेलू गैस सिलेंडर का संकट शुरु हुआ था, दो देशों का युद्ध तो थम गया लेकिन सिलेंडर की जंग अभी भी जारी है। जिला स्तर पर कई बैठकें हुईं, दिशा निर्देश जारी हुए। नवागत डीएम ने भी इसे गंभीर समस्या मानकर सख्ती की पर नतीजा ढाक के तीन पात ही है। नियम कायदे तो बने पर इनके अनुपालन में जमकर कोताही बरती गई, आलम यह रहा कि उपभोक्ता को 25 दिन तो क्या 45 दिन बाद भी सिलेंडर नसीब नहीं हुआ। आंकड़ों पर गैस सिलेंडर भी मिला और संकट भी दूर हुआ पर हकीकत में आम उपभोक्ता सिलेंडर के लिए जूझता रहा, सोर्स सिफारिश लगाता रहा। बीते कुछ दिनों से एजेंसियों पर भीड़ थमी है तो इसकी वजह भीषण गर्मी है न कि उनकी समस्या का समाधान। समस्या जस की तस बनी हुई है। घरेलू की बात कौन करे, पांच किलो व व्यवसायिक सिलेंडरों को लोग भूल चुके हैं क्योंकि दावों के विपरीत इनकी उपलब्धता तय नहीं हो सकी है।

उधर, इस मामले में जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी का कहना है कि गैस सिलेंडर की उपलब्धता बराबर बनी हुई है। होम डिलीवरी व्यवस्थित करने के लिए प्रयास जारी हैं। बैकलाग पर भी नजर रखी जा रही है।

### एमडीएम संकट, गुरुजी ढो रहे सिलेंडर

बेसिक शिक्षा विभाग में एमडीएम यानी मध्यान भोजन योजना पटरी से उतरी चुकी है। समय से सिलेंडर की उपलब्धता न हो पाने की वजह से दोपहर का भोजन हासिए पर चला गयाहै। स्कूलों का हाल यह कि गैस सिलेंडर के जुगाड़ में व्यस्त गुरुजी ही सिलेंडर ढोने को मजबूर हैं। यह उनकी मजबूरी भी है क्योंकि येन केन प्रकारेण दोपहर का एमडीएम तो बनना ही है। इसके लिए सिलेंडर न मिलने की दशा में दूसरे उपायों पर अमल किया जा रहा है। हालांकि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन पाठक कहते हैं कि स्कूलों में भोजन बन रहा है और सिलेंडर की कोई किल्लत नही है। इतना जरूर है कि आपूर्ति के लिए मांग रखने के साथ ही कहना भी पड़ रहा है।

# शरीर पर मिले घाव के 8 निशान, अधिक रक्तस्राव से हुई थी मौत

## पीएम के बाद परिजनों ने शव लेकर गोलाघाट के सामने लगाया जाम, पुलिस व प्रशासन के विरुद्ध की नारेबाजी

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नरबीजपुर मार्ग पर मिले सिम पोर्ट एजेंट मोनू जायसवाल के शव मामले में मंगलवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति तनाव पूर्ण हो गई। रिपोर्ट में चेहरे व सिर पर 8 गंभीर घाव मिलने के साथ अधिक रक्तस्राव होने से मौत होने की पुष्टि हुई। इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने शव गोलाघाट नई बस्ती के सामने सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिससे कानपुर-शुक्लागंज मार्ग पर लंबा जाम लग गया।

कानपुर कैंट के गोलाघाट नई बस्ती निवासी मोनू जायसवाल का शव सोमवार सुबह नरबीजपुर मार्ग पर मिला था। मंगलवार को गंगाघाट पुलिस की मौजूदगी में 2 डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी हुई। पैनल में बिछिया सीएचसी के डॉ. मुशीर अहमद व जिला अस्पताल के डॉ. असलहुद्दीन शामिल रहे। पीएम रिपोर्ट के अनुसार मृतक के चेहरे व सिर पर 8 घाव मिले, जिनसे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ और इसके चलते ही उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने चेहरे पर चिपके एक अज्ञात पदार्थ व त्वचा के सैंपल सुरक्षित कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे हैं। पोस्टमार्टम के बाद मृतक के भाई सोनू, सनी, पिता ओम कैलाश, बहन सलोनी व मां आशा आदि परिजन शव लेकर जिला अस्पताल से निकले। शाम करीब 4 बजे नवीन पुल पार करने के बाद गोलाघाट के सामने शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। हंगामे के चलते कुछ ही देर में झाड़ी बाबा पड़ाव से नवीन पुल व शुक्लागंज तक भीषण जाम लग गया। सूचना पर गंगाघाट कोतवाल अजय सिंह व कानपुर कैंट पुलिस पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। बाद में डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता व एडीसीपी शिवा सिंह पहुंचे और सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया। करीब साढ़े 5 बजे शव हटाया गया। इसके बाद वाहन रेंगना शुरू हो सके। इसके बावजूद जाम की स्थिति बनी रही। वहीं कैंट पुलिस ने पिता ओम कैलाश की तहरीर पर बाबाकुटी निवासी पापन पॉल व अज्ञात साथी के विरुद्ध हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।


कानपुर छोर पर जाम लगाये बैठे परिजन। ● अमृत विचार

### डीसीपी, एडीसीपी व पूर्व विधायक ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

शुक्लागंज : नरबीजपुर मार्ग पर युवक का शव मिलने के मामले में मंगलवार को पुलिस अफसरों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता, एडीसीपी शिवा सिंह व कैंट इंस्पेक्टर अरविंद राय, गंगाघाट कोतवाल अजय सिंह ने मौके का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने करीब 1 घंटे तक वहां रहकर आसपास के लोगों से पूछताछ की और घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए। इसके बाद वे लौट गए। वहीं मौके पर कैंट के पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया, मंडल अध्यक्ष सुमित तिवारी आदि भाजपा कार्यकर्ता भी पहुंचे। आरोप लगाया कि कानपुर व उन्नाव की सीमा विवाद के कारण रिपोर्ट दर्ज होने में देर हुई है। कहा कि इसे लेकर उच्चाधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग करेंगे।

**वाहनों को किया डायवर्ट :** परिजनों के प्रदर्शन के दौरान गंगाघाट पुलिस ने कानपुर जाने वाले वाहनों को नवीन पुल से आगे नहीं जाने दिया। वाहनों को हाईवे व बैराज मार्ग की ओर डायवर्ट किया गया। जिससे फोरलेन पर भी जाम की स्थिति बनी रही।

**चौकी में भी हुआ हंगामा :** मंगलवार देररात मृतक के परिजन मरहला चौकी पहुंचे व पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा हंगामा किया। उनका कहना था कि पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लेने के बाद बिना कार्रवाई छोड़ दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### 113 श्रद्धालुओं को अयोध्या किया रवाना

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा निजी संसाधनों से संचालित श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा के तहत शहर के मोती नगर स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर से 113 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या रवाना किया गया। विधायक ने टोली को हरी झंडी दिखाकर विदा किया। विधायक ने कहा कि बुजुर्गों को प्रभु श्रीराम के दर्शन कराने का माध्यम बनना उनके जीवन का सबसे अमूल्य अनुभव है। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, जिला महामंत्री मनीष जायसवाल, मंडल अध्यक्ष अवनीश गुप्ता व महिला मोर्चा अध्यक्ष साधना दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध हालत में पड़ा मिला वृद्धा का शव

**उन्नाव, अमृत विचार :** लखनऊ के गुदौली निवासी हेमराज की 80 वर्षीय पत्नी रामप्यारी मानसिक बीमार थी। वह हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा मोहान में अक्सर इधर-उधर घूमते लोगों को दिखती थी। मंगलवार सुबह मोहान के कर्बला चौराहे के पास स्थित एक कपड़े की दुकान के बाहर उसका शव पड़ा देख वहां लोगों की भीड़ लग गई। जानकारी पर पहुंचा नाती अनिल पोस्टमार्टम कराए बिना शव गांव ले गया। जहां उसने अंतिम संस्कार कर दिया। मोहान चौकी प्रभारी राम अवतार ने बताया कि वृद्धा के नाती ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्धा घायल

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के शिवसिंह खेड़ा गांव निवासी गुरु प्रसाद (65) पत्नी सोनी (60) के साथ मोपेड से सोहरामऊ कस्बा निवासी रिश्तेदार के घर मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तभी मंगलवार शाम 4 बजे अजगैन के पास अज्ञात वाहन ने उसकी मोपेड में टक्कर मार दी। इससे सड़क पर गिरकर वृद्धा गंभीर घायल हो गई। वहीं हादसे में गुरुप्रसाद बाल-बाल बच गए। वृद्धा को सीएचसी भेजा गया। जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेजा है।

### गंगा एक्सप्रेस-वे लोकार्पण में पहुंचेंगे हजारों भाजपाई

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** 29 अप्रैल को मल्लावां में प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेस-वे लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है। गंगाघाट से हजारों कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला के नेतृत्व में मल्लावां पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण किया जाएगा।

# सुधार गृह के रूप में विकसित हो जेलः डीएम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** मंगलवार को डीएम घनश्याम मीना ने एसएसपी जय प्रकाश सिंह के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। इसमें डीएम ने व्यवस्थाएं परखीं और महिला कैदियों के बच्चों को उपहार दिये। निरीक्षण में डीएम महिला बैरक पहुंचे और वहां रह रहे बच्चों को फल, मिठाई व बिस्कुट से भरी टोकरी दी।

उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि महिला कैदियों को समय-समय पर आयरन व कैल्शियम की दवाएं दी जाएं। बच्चों के लिए प्रोटीन युक्त आहार व नियमित टीकाकरण कराया जाए। डीएम ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिये कि जेल को केवल सजा काटने का केंद्र न बनाकर सुधार गृह के रूप में विकसित करें। कहा महिला कैदियों को सिलाई, कढ़ाई व बुनाई जैसे कार्यों में प्रशिक्षित करें। पुरुष कैदियों को भी खाली बैठने के बजाय किसी न किसी कौशल विकास कार्य से जोड़ें। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम ने कहा कि जेल में किसी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री न जाए। इसके लिए कड़ी निगरानी की जाए। डीएम व एसएसपी ने कारागार चिकित्सालय भी देखा। वहां भर्ती बीमार कैदियों से बात कर उनका हाल जाना और जेल चिकित्सकों को निर्देश दिया कि हर बंदी का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए।

● डीएम और एसएसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण


जेल में बंदियों से बात करते डीएम व एसएसपी। ● अमृत विचार

### घर पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के परसंदन गांव निवासी सुशील (30) पुत्र ईश्वरदीन ने मंगलवार शाम घर पर अकेला था। पत्नी व बेटी खेत गई थी। तभी सुशील अपने कमरे में पंखे के कुंडे में साड़ी के फंदे से लटक गया। खेत से लौटी पत्नी आरती ने कमरा अंदर से बंद देख पति को आवाज लगाई। उत्तर न मिलने पर खिड़की से पति को लटका देख उसकी चीख निकल गई। शोर सुन पहुंचे पड़ोसी किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे और फंदा काटकर उसे नीचे उतारा। लेकिन, तब तक सुशील की मौत हो गई थी। उसके 2 बच्चों में 4 साल की बेटी दिव्या व 6 माह का बेटा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। पत्नी आत्महत्या की वजह नहीं बता सकी।

# पत्नी के हत्यारे को उम्रकैद, 20 हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** बारासगवर थानाक्षेत्र में शराब पीने से मना करने पर नाराज पति ने अपनी पत्नी की चाकू से गोद कर हत्या कर दी थी। एडीजे-1 ने मंगलवार को अंतिम सुनवाई के बाद पति को आजीवन कारावास का आदेश दिया। साथ ही उस पर 20 हजार जुर्माना भी लगाया।

बता दें कि बारासगवर थानाक्षेत्र के नारायणदास खेड़ा निवासी विजय बहादुर चौधरी पुत्र शिवपाल 6 नवंबर-2021 की दोपहर शराब पीकर घर पहुंचा था। कुछ देर बाद वह दोबारा घर में शराब पीने पर पत्नी रामदुलारी ने उसे रोका तो इसे लेकर दोनों में झगड़ा शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आक्रोशित विजय ने पास में रखा चाकू पत्नी के पेट में घोंप दिया। इसमें गंभीर घायल हुई रामदुलारी की अधिक रक्तस्त्राव से मौके पर मौत हो गई थी। थोड़ी देर बाद भतीजा वहां पहुंचा तो चाची का रक्तरंजित शव देख उसने पुलिस को सूचना दी। जांच कर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और घटना के दूसरे दिन फरार विजय को पकड़कर जेल भेजा था। तत्कालीन दरोगा राजबहादुर ने आलाकत्ल बरामद कर साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद 6 दिसंबर-2021 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की गई थी। तभी से केस एडीजे-1 कोर्ट में विचाराधीन था।

मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के दौरान अभियोजन व बचाव पक्ष की दलील व प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर शासकीय अधिवक्ता की दलीलों से सहमत होकर न्यायाधीश कविता मिश्रा ने विजय बहादुर को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास के आदेश दिए।

● शराब पीने का विरोध करने पर चाकू मारकर की थी हत्या



# बीसीएन मशीन से ट्रैक की सफाई हुई, लूप लाइन पर बदले स्लीपर

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचारः** कानपुर-लखनऊ रेलरूट की डाउन लाइन पर गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को रेलवे द्वारा ट्रैक मेंटेनेंस का कार्य कराया गया।

इस दौरान बीसीएन मशीन से पटरियों के नीचे बिछी गिट्टी साफ की गई। मशीन से गिट्टी में जमा धूल, मिट्टी व कचरा अलग कर व्यवस्थित किया गया। जिससे ट्रैक की मजबूती के साथ जल निकासी व्यवस्था बेहतर हो सके। रेल कर्मियों की निगरानी में मेन लाइन पर गिट्टी छनाई का कार्य हुआ और जरूरत के अनुसार नई गिट्टी डाली गई। वहीं, लूप लाइन पर जर्जर व क्षतिग्रस्त स्लीपर हटाकर नए स्लीपर लगाए गए। इस कार्य से ट्रैक की सुरक्षा व ट्रेनों के सुचारु संचालन में सुधार होने की उम्मीद है। इस दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा गया और संबंधित रेल खंड पर ट्रेनों की आवाजाही को नियंत्रित कर कार्य पूरा कराया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार नियमित रूप से इस तरह के मेंटेनेंस कार्य किए जाने से रेल पटरियों की आयु बढ़ती है और दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है।

● मेंटेनेंस कार्य किए जाने से बढ़ती है रेल पटरियों की आयु

# कटान निरोधक कार्य का लिया जायजा

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचारः** गंगा का जलस्तर घटने के बाद मिश्रा कॉलोनी स्थित बस्ती के पास तेजी से कटान हो रहा था। जिस पर मुक्ता घाट के पास कटान निरोधक कार्य तेज किया गया है। उन्नाव शारदा नहर सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्य की हकीकत परखने के लिए मंगलवार को लखनऊ षष्टम मंडल के एसई ओपी वर्मा पहुंचे। उनके साथ एक्सईएन गगन शुक्ला भी रहे।

मंगलवार दोपहर 12 बजे अधिकारियों ने मुक्ता घाट क्षेत्र का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को बताया गया कि करीब 350 मीटर क्षेत्र में कटान रोकने के लिए जियो बैग डालने का कार्य प्रस्तावित है। वर्तमान में करीब 56 मीटर हिस्से में काम पूरा हो चुका है। जबकि शेष कार्य 30 जून तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। निरीक्षण में अधीक्षण अभियंता ने गुणवत्ता व समयबद्धता को लेकर मातहतों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। परियोजना की कुल लागत करीब छह करोड़ आंकी गई है। जबकि टेंडर 3 करोड़ 30 लाख में स्वीकृत हुआ है।


कटान निरोधक कार्य का निरीक्षण करते अधीक्षण अभियंता। ● अमृत विचार

● अधीक्षण अभियंता ने गुणवत्ता व समयबद्धता को लेकर दिए निर्देश

### जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का विधायक ने किया उद्घाटन, खिलाड़ियों में उत्साह

**उन्नाव, अमृत विचार :** बाईपास स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार को 7वीं डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप शुरू हुई। इसका उद्घाटन सदर विधायक पंकज गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व बैडमिंटन कोर्ट पर शॉट लगाकर किया। इस दौरान डीआईओएस सुनील दत्त भी मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया अभियान को देश का युवा धरातल पर उतार रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर आशवासन दिया कि बैडमिंटन कोर्ट में प्रकाश की समुचित व्यवस्था के लिए वह विधायक निधि से धन अवमुक्त करेंगे। वहीं, डीआईओएस ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलों का जुड़ाव एक स्वस्थ व बेहतर भविष्य के लिए अनिवार्य है। 3 दिनों तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में जिले के 40 से अधिक विद्यालयों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने बताया कि स्टेडियम का उच्चीकरण प्रगति पर है और जल्द ही यहां खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुविधाएं मिलेंगी।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते विधायक पंकज गुप्ता।

### हृदयांश ने तैराकी में जीते तीन पदक, राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**उन्नाव, अमृत विचार :** केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) लखनऊ संभाग द्वारा आईआईटी कानपुर में आयोजित क्षेत्रीय तैराकी प्रतियोगिता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र हृदयांश द्विवेदी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हृदयांश ने शानदार प्रदर्शन कर 50 मीटर बैकस्ट्रोक में गोल्ड, 50 मीटर फ्री स्टाइल व ब्रेस्टस्ट्रोक में सिल्वर मेडल जीतकर तीन पदक अपने नाम किए। उनकी इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य केपी यादव व विद्यालय स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया। कोच विकास अवस्थी ने भी हृदयांश की सराहना की। बैकस्ट्रोक में स्वर्ण पदक के साथ उनका चयन अब केवीएस की राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए हो गया है। जो जिले के लिए गर्व का विषय है।


मेडल दिखाता हृदयांश।

# आज लखनऊ व हरदोई से टकराएगा उन्नाव

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के सत्र 2026-27 के अंतर्गत लखनऊ में होने वाले अंडर-16 अंतर्जनपदीय क्रिकेट ट्रायल हेतु जिले की टीम का ऐलान किया गया है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने 17 सदस्यीय टीम व 8 स्टैंडबाई खिलाड़ियों की सूची जारी की। टीम मैनेजर साकिर हुसैन के नेतृत्व में खिलाड़ी लखनऊ रवाना हुए हैं। सभी मैच जीसीआरजीसी क्रिकेट स्टेडियम बक्शी का तालाब लखनऊ में होंगे।

चयनित टीम में आयुश यादव, अभिनव शुक्ला, आदित्य प्रकाश, कृष्णा शर्मा, पार्थ त्रिवेदी, विराट गुप्ता, अंसराज मोहन, अनमोल शर्मा, शाश्वत जायसवाल, सौरभ यादव, ओम शर्मा, शौर्य, कृष्ण शर्मा, देवांश, सौरभ, कौशिक मिश्रा व शिवांशु यादव को जगह मिली है। इसके अतिरिक्त ग्रंथ तिवारी, अर्नेश कार्तिक, तनिस रावत, वली मतीन सफवी, सम्यक समीर श्रीवास्तव, अथर्व सक्सेना, मृत्युंजय प्रताप सिंह व अस्मित पटेल को स्टैंडबाई में रखा गया है। टीम की रवानगी पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय राठी, उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी, राजकुमार यज्ञसेनी, नवीन सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव 'शंकर', संयुक्त सचिव विकास सिन्हा, कैलाश नेगी व ओम मिश्र ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके सफल प्रदर्शन की कामना की।



उन्नाव रेलवे स्टेशन से रवाना होती टीम।। ● अमृत विचार

● 17 सदस्यीय क्रिकेट टीम व 8 स्टैंडबाई खिलाड़ियों की सूची जारी

# लू के थपेड़ों से जनजीवन बेहाल दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचारः** मंगलवार को भीषण गर्मी ने जनजीवन प्रभावित कर दिया। मई माह में अब तक का यह सबसे अधिक गर्म दिन रहा। जहां सुबह से ही तेज धूप व लू के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया। जैसे-जैसे दिन चढ़ा तापमान में लगातार बढ़ोतरी होती रही और दोपहर तक सड़कों पर सन्नाटा पसर गया।

सुबह 10 बजे के बाद ही आसमान से बरसती आग ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया। केवल जरूरी कार्यों के लिए ही लोग बाहर निकले। वह भी सिर को गमछा, टोपी या दुपट्टे से ढककर। तेज गर्म हवाओं के चलते बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर चहल-पहल कम रही। भीषण गर्मी का असर पशु-पक्षियों पर भी दिखा। दोपहर होते ही जानवर छांव की तलाश में भटकते दिखे। वहीं पक्षी भी पेड़ों की आड़ में छिपे रहे। उधर बिजली की आंख-मिचौली ने घरों में बच्चों व महिलाओं की परेशानी बढ़ाई। जिला प्रशासन ने लोगों को दोपहर 12 से 3 बजे तक घर में ही रहने की सलाह दी है। वहीं, बाहर निकलते समय सिर ढकने, छाता या टोपी का प्रयोग करने व अधिक से अधिक तरल पदार्थ जैसे छाछ, लस्सी, नींबू पानी व आम का पना पीने की अपील की है। ताकि लू से बचा जा सके।

### देर रात फाल्ट सुधार के बाद लौटी आपूर्ति

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** मरहला चौराहा पावर हाउस क्षेत्र में मंगलवार को फाल्ट के कारण करीब एक दर्जन से अधिक घरों में सुबह से ही विद्युत आपूर्ति ठप रही। भीषण गर्मी में बिजली न आने से लोगों को परेशानी हुई और विभाग के प्रति आक्रोश रहा। स्थानीय निवासी सुनील वर्मा ने बताया कि सुबह से बिजली गुल होने पर उन्होंने दो बार फोन कर शिकायत की, इसके बावजूद देरशाम तक फाल्ट ठीक नहीं किया गया। इससे नाराज होकर देररात क्षेत्रीय लोग पावर हाउस पहुंच गए और वहां शिकायत दर्ज कराई। लोगों के विरोध के बाद विभाग हरकत में आया और कर्मियों को भेजकर फाल्ट दुरुस्त कराया। इसके बाद आपूर्ति बहाल हो सकी। इस दौरान स्थिति देख पुलिस भी पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया। लोगों का आरोप है कि गर्मी में विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### अराजकतत्वों ने गुमटियों में लगाई आग

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के हैबतपुर गांव निवासी पुत्ती लाल की सरैयां सब स्टेशन के पास पैतृक जमीन है। वह वहीं पर मडैया डालकर रहते हैं और वहीं गुमटी रखकर पान मसाला बेचते हैं। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे वह खाना खाने गांव गये थे। तभी अराजकतत्वों ने उसकी मडैया व गुमटी में आग लगा दी। जिससे सारा सामान व गृहस्थी जलकर खाक हो गई। आसपास के लोगों ने दमकल को सूचना दी। जिसके बाद दमकल पहुंची और आग बुझाई। दोपहर करीब 2 बजे तक वह वापस लौटे। जहां सारा सामान खाक देख उनके होश उड़ गये।

**आयोजन** | वृद्धाश्रम में आयोजित विद्युत जनसमस्या निस्तारण कैंप में उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर किया गया समाधान

# विधायक के विद्युत शिविर, 5 करोड़ से बिजली पोल लगाने की घोषणा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** सदर विधायक पंकज गुप्ता की पहल पर पीडीनगर स्थित वृद्धाश्रम में आयोजित विद्युत जनसमस्या निस्तारण कैंप में उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। कैंप में 62 शिकायतें आईं। जिनमें बिल संबंधी 15 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। विधायक ने शेष शिकायतों को 15 दिनों में हल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

इस दौरान विभागीय अधिकारियों के साथ सदर विधायक ने क्षेत्र की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। ट्रांसगंगा सिटी के बंद पड़े 2 फीडरों को जल्द शुरू कर सरोसी क्षेत्र को जोड़ा जाएगा। साथ ही, विधायक ने त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 5 करोड़ रुपये से उन क्षेत्रों में पोल लगवाने की घोषणा की जहां अभी पोल नहीं हैं। सभी सब स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। साथ ही, स्थानीय जन प्रतिनिधियों प्रधान/सभासद व विभागीय अधिकारियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनेगा। ताकि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। 1 किलोवाट के कनेक्शन धारकों का बिल बकाया होने पर भी बिना सूचना एक महीने तक कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बैलेंस कम होने पर मैसेज से समय-समय पर सूचना दी जाएगी। फाल्ट को तुरंत ठीक करने के लिए अलग से विशेष टीमें गठित होंगी और रोस्टर की जानकारी पब्लिक व्हाट्सएप ग्रुप पर पहले दी जाएगी। विधायक ने कहा कि लिए गए निर्णयों को एक सप्ताह में अमल में लाया जाए। बैठक में एसई अनिल सिंह, एक्सईएन हिमांशु गौतम, भरत गौतम व अन्य उपखण्ड अधिकारी मौजूद रहे।


विद्युत शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक पंकज गुप्ता। ● अमृत विचार

### स्मार्ट मीटर के झटके से उपभोक्ता हुए परेशान शिविर में जमकर किया गया विरोध

**उन्नाव :** वृद्धाश्रम में लगे विद्युत शिविर में एक उपभोक्ता ने स्मार्ट मीटर के अधिक बिल को लेकर अधिकारियों के सामने कड़ा विरोध किया। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वायरल वीडियो में उपभोक्ता विभागीय अफसरों पर लापरवाही का आरोप लगाता दिख रहा है। उसका कहना है कि पुराने मीटर के समय उसका मासिक बिल औसतन 800 से 1200 रुपये आता था। लेकिन जब से स्मार्ट मीटर लगा है तब से बिल अचानक बढ़कर 4 से 5 हजार आ रहा है। आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ गया है। शिविर में मौजूद लोग इस विरोध का समर्थन करते दिखे।

### पेयजल योजना की खोदाई से जगह-जगह लगा जाम, राहगीर हो रहे परेशान

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** अमृत भारत पेयजल योजना के तहत पाइप लाइन डालने के लिए हो रही खुदाई ने मंगलवार को लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। संकरे मार्ग व अधूरी मरम्मत के कारण दिनभर आवागमन प्रभावित रहा। जिससे लोगों को जाम झेलना पड़ा। जल निगम द्वारा अमृत भारत पेयजल योजना के अंतर्गत उन्नाव-शुक्लागंज लेन स्थित आजाद नगर धोबी पुलिया के पास जेसीबी से खुदाई कर पाइप लाइन डाली जा रही है। सड़क संकरी होने से इस दौरान आवागमन बाधित रहा और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार सुबह मरहला चौराहे के पास आरओबी के अंडरपास मार्ग पर भी पाइप लाइन डालने का कार्य हुआ। इसके चलते यहां वाहनों की लंबी कतार लग गई और जाम की स्थिति बन गई। कई लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। स्थिति बिगड़ती देख कर्मचारियों ने जल्दबाजी में खुदाई वाली जगह पर मिट्टी डालकर सड़क को समतल किया, जिसके बाद आजाद मार्ग की ओर से आने-जाने वाले वाहनों की आवाजाही आंशिक रूप से बहाल हो सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना उचित ट्रैफिक व्यवस्था के ऐसे कार्य कराए जाने से रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है।


पाइप लाइन डालने को हो रही खोदाई।

न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से चालक की दबकर मौत

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से चालक की दबकर मौत हो गई। इसकी खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव संभरखेड़ा गांव निवासी मुनेंद्र (25) पुत्र कमलेश बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत एक मिल में ट्रैक्टर चालक था। सोमवार देररात वह ट्रैक्टर से घर लौट रहा था। तभी गांव से थोड़ा पहले ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। उसके नीचे दबकर मुनींद्र गंभीर घायल हो गया। खेतों में मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकाला। परिजन उसे गंभीर हालत में सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर परिजन शव लेकर घर लौट आए।

### बजरंग बली की प्रतिमा स्थापना पर हुआ भंडारा

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। नगर के हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित एक एजेंसी के बाहर सुशील गुप्ता, रमेश गुप्ता व प्रेमचंद गुप्ता उर्फ राजू द्वारा मंगलवार को बाबा बजरंग बली की प्रतिमा स्थापित कर पूजन अर्चन किया गया। पूजन व आरती के बाद भंडारा आयाजित हुआ। इसमें सैकड़ों भक्तों व यात्रियों ने पूड़ी-सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया।

# मां से विवाद के बाद बेटे ने दी जान

## पुलिस के समझौता कराकर लौटते ही अधेड़ ने बाग में जाकर लगा ली फांसी

संवाददाता, हरदोई



भारत की फाइल फोटो।

अमृत विचार। अधेड़ और उसकी मां के बीच हुए आपसी झगड़े में यूपी-112 को फोन करने पर पहुंची पीआरवी टीम दोनों के बीच समझौता करा कर लौट गई, उसके बाद अधेड़ ने बाग़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मामला पाली थाने के बहाउद्दीनपुर का बताया जा रहा है।

जैसा कि बताते है कि बहाउद्दीनपुर निवासी 50 वर्षीय भारत पुत्र नत्थू खेती-बाड़ी करता था, उसके परिवार में पत्नी मीरा, एक बेटा प्रांशू व पांच बेटियां है। सोमवार को भारत घर में था, उसी बीच शाम को किसी घरेलू बात पर मां से उसका झगड़ा हो गया, बात इतनी बढ़ गई कि यूपी-112 को फोन कर दिया गया, वहां पहुंची पीआरवी की टीम ने पूछताछ की और दोनों में समझौता करा कर वापस चली गई, उसके जाते ही भारत भी घर से निकल गया, उसी दौरान देर शाम को उसका शव रत्नापुर के बाग़ में लटका हुआ देखा गया, उसने गमछे से फांसी लगाई। इसका पता होते ही पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच की जा रही है।

### लापता युवक का पड़ा मिला शव



केदार की फाइल फोटो।

हरदोई, अमृत विचार। घर से निकला युवक गायब हो गया, घर वाले उसे ढूंढ रहे थे, उसी बीच एक पेड़ के नीचे उसका शव पड़ा होने की खबर ने खलबली मचा दी, वहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। माना जा रहा है कि उसने आत्महत्या की, फिलहाल पुलिस हर पहलू से जांच-पड़ताल कर रही है। पिहानी कोतवाली के अमिरता निवासी 40 वर्षीय पुत्र केदार खेती-किसानी करता था, उसके परिवार में पत्नी निर्मला देवी के अलावा इकलौता बेटा नैतिक और तीन बेटियां हैं। उसके चाचा पतिराखन ने बताया कि विनोद सोमवार की दोपहर घर से निकला, उसके बाद से गायब हो गया था। घर वाले उसे इधर उधर ढूंढते हुए घूम रहे थे, उसी बीच पता चला कि गांव निवासी रामपाल के खेत पर खड़े पेड़ के नीचे विनोद का शव पड़ा हुआ है, इस खबर ने खलबली मचा कर रख दी, वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। विनोद के बारे में बताया गया कि वह शराब का लती था। उसने आत्महत्या की, ऐसी अटकलें लग रहीं हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# आग में झुलसी बेटी की इलाज के दौरान मौत, मां का लखनऊ में चल रहा उपचार

संवाददाता, हरदोई



संध्या की फाइल फोटो।

अमृत विचार। मकान में अचानक लगी आग से धमाका हुआ और दीवारे तक दरक गई। कमरें में सो रही मां-बेटी बुरी तरह झुलस गई, जिन्हे सीएचसी से मेडिकल कालेज और वहां से हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। जहां मंगलवार की सुबह बेटी की मौत हो गई, जबकि उसकी मां की हालत नाज़ुक बताई जा रही है।

बिलग्राम कोतवाली के अलियापुर निवासी रामू दिल्ली में नौकरी करता है। उसकी पत्नी बेबी (34) और 6 साल बेटी संध्या गांव में रहती थी। बेटा निखिल ननिहाल में रहकर पढ़ाई करता है। रामू की बहन ममता की 20 अप्रैल को शादी थी, वह 12 अप्रैल को दिल्ली से आया था। 22 अप्रैल की रात रामू, उसकी पत्नी व बेटी संध्या कमरे में सो रही थी, उसी बीच बिजली गुल होने पर रामू छत पर सो गया। उसी बीच अचानक कमरें में आग लग गई, धमाका होने से दीवारे तक दरक गई और मां बेबी व बेटी संध्या बुरी तरह झुलस गई। जिन्हे सीएचसी बिलग्राम से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से दोनों को हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया, जहां मंगलवार को संध्या की मौत हो गई, जबकि उसकी मिं बेबी की हालत नाज़ुक बनी हुई है। रामू के भाई राधेश्याम का आरोप था कि पेट्रोल छिड़क कर आग लगाई गई, पुलिस ने दी गई तहरीर पर जांच शुरु कर दी है।

### रेलवे ट्रैक पर पड़ा था शव, शिनाख्त नहीं

हरदोई, अमृत विचार। करना और मसीत रेलवे स्टेशन के बीच ट्रैक पर युवक का शव पड़ा देखा गया। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए छानबीन शुरु कर दी, फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मंगलवार को बघौली के स्टेशन मास्टर की सूचना पर करना और मसीत रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर युवक का शव कब्ज़े में लिया।

### बहू से छेड़छाड़ मामले में सुलह का दबाव बनाते घर में घुसकर पीटा

हरदोई, अमृत विचार। बहू से छेड़छाड़ के आरोपी सुलह का दबाव बना रहे थे, वही दबाव न मानने पर घर में घुसे आरोपियों ने सास-बहू के ऊपर हमला बोलते हुए दोनो.के सिर फोड़ दिए। मंगलवार की शाम को हुए इस तरह के हमले से गांव में चीख-पुकार होने लगी, वहां पहुंची पुलिस ने सास-बहू को मेडिकल के लिए सीएचसी पहुंचाया, मामले की जांच की जा रही है। बताया गया है कि मंगलवार की शाम को पिहानी कोतवाली गाजीपुर मजरा की रामवती पत्नी रामसहाय और उसकी बहू रुचि पाल घर में थी, उसी बीच गदनापुर मजरा सिमौर निवासी महमूद उनके घर में घुस गया और सास रामवती के सिर पर लाठी दे मारी, जिससे वह लहुलुहान हो गई, बचाने दौड़ी उसकी बहू रुचि पाल को भी बेरहमी से पीट कर अधमरा कर दिया, चीख-पुकार सुन कर आस-पड़ोसियों के ललकारने पर हमलावर धमकाते हुए भाग गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने सास-बहू को मेडिकल के लिए सीएचसी पिहानी पहुंचाया, पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। जैसा कि बताते है कि हमलावर महमूद ने रामवती की बहू से छेड़छाड़ की थी, जिसका मामला दर्ज है, आरोपी उसी में सुलह करने का दबाव बना रहा था, जबकि सास रामवती बराबर इंकार कर रही थी, उसी की खुन्नस में रामवती पर इस तरह का हमला किया गया।

### भतीजे के मुंडन के दौरान चाचा की छत से गिरकर मौत



हरदोई, अमृत विचार। घर में भतीजे के मुण्डन संस्कार की दावत चल रही थी, उसी बीच उसका दिव्यांग चाचा छत की सीढ़ियो. से नीचे गिर पड़ा, उसे वहां से उठा कर निजी हास्पिटल से 100 बेड हास्पिटल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया। बघौली थाने के बनियनखेड़ा निवासी 25 वर्षीय दिव्यांग राहुल वर्मा पुत्र मुंशीलाल गांव में परचून की दुकान करता था। सोमवार को उसके बड़े भाई पकंज के बेटे के मुण्डन की दावत थी, जिसमें नाते-रिश्तेदार शामिल थे। राहुल वर्मा छत पर था, उसी बीच पैर लड़खड़ाने से वह सीढ़ियो.से गिर कर बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया, उसे पहले एक निजी हास्पिटल ले जाया गया, जहां से उसे 100 बेड हास्पिटल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। कोतवाली देहात पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। राहुल दो भाइयों में छोटा था, उसकी शादी नहीं हुई थी।

### गंगा एक्सप्रेस-वे का रूट बदलने पर कटरी में आक्रोश, जताएंगे विरोध

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। गंगा एक्सप्रेस-वे का रूट गंगा किनारे से 40 किमी दूर स्थानांतरित करने पर कटरी क्षेत्र में भारी आक्रोश है। कटरी बचाओ अभियान के नेतृत्व में अधिवक्ता संजीव त्रिवेदी ने सरकार पर क्षेत्र की उपेक्षा व धोखा देने का आरोप लगाया है। आंदोलन कारियों का कहना है कि रूट बदलने से करीब 1.5 लाख लोग बाढ़ की विभीषिका व विकास के लाभ से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने मांग की कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से परियर तक 4 लेन का मजबूत बंधा किसान पथ बनाया जाए। मांगों को लेकर आज मल्लावां में प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपने और विरोध भी जताएंगे।

# गैर इरादतन हत्या में पति को 10 वर्ष का कारावास

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिला जज रीता कौशिक ने पत्नी की गैर इरादतन हत्या करने के मामले में आरोपित पति को जुर्म साबित होने पर 10 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंदन सिंह के अनुसार वादी मुकदमा शिवनाथ की पुत्री सुनीता की शादी घटना से 15 वर्ष पहले आरोपित मंशाराम पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम गोड़ाखेड़ा थाना हरियावां जिला हरदोई के साथ हुई थी। दोनो के संसर्ग से एक पुत्र एवं एक पुत्री का भी जन्म हुआ था। वादी के अनुसार उसकी पुत्री का पति सुनीता को अक्सर मारता पीटता था। 25 अगस्त 2020 को मंशाराम ने सुनीता को डंडे व ईंट से मार कर चोटें पहुंचाईं। घटना की सूचना मिलने पर वादी ने 26अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई। सुनीता को घायल अवस्था में पहले हरदोई नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया लेकिन हालत ठीक न होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंदन सिंह एवं बचाव पक्ष अधिवक्ता को सुनने के बाद जिला जज ने अभियुक्त मंशाराम को पांच हजार रुपए अर्थदंड के साथ दस वर्ष के कारावास की सजा दी। अर्थदंड न देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतने का भी आदेश दिया।

### जिले में तीसरा स्थान लाने पर विधायक व पालिकाध्यक्ष ने आदित्य का किया सम्मान



आदित्य को सम्मानित करते लोग। अमृत विचार

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। नगर के स्टेशन रोड स्थित श्री कृष्ण भूषण वेद वेदांग संस्कृत विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र आदित्य यादव ने जिले की मेरिट में तीसरा स्थान लाकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उसकी इस उपलब्धि पर सम्मान समारोह आयोजित हुआ। विधायक श्रीकांत कटियार व नगर पालिकाध्यक्ष रामजी गुप्ता ने आदित्य को अंगवस्त्र, मोमेंटो व नकदी देकर पुरस्कृत किया। अतिथियों ने छात्र के परिश्रम की सराहना कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रधानाचार्य मंजुलता द्विवेदी, किरन भारती, ज्ञानेश द्विवेदी व एडवोकेट शैलेंद्र शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# नाराज सभासदों से ईओ व अध्यक्ष ने मांगी माफी



धरने पर बैठे सभासद।

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार, मनमानी व तानाशाही कार्यशैली के विरुद्ध मंगलवार को आक्रोशित सभासदों ने पालिका कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। विरोध देख अंततः पालिकाध्यक्ष व ईओ को झुकना पड़ा और उन्होंने सभासदों से क्षमा याचना की।

सभासदों का आरोप है कि पालिका प्रशासन उनकी अनदेखी कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर के विकास कार्यों में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। बिना बोर्ड बैठक किए व बिना सभासदों की सहमति के मनमाने ढंग से निर्णय हो रहे हैं। पालिका में भ्रष्टाचार व अधिकारियों की तानाशाही चरम पर है। प्रदर्शन की सूचना पर पालिकाध्यक्ष रामजी गुप्ता व ईओ गुंजन गुप्ता पहुंचे। सभासदों ने अपनी मांगों को लेकर 13 सूत्रीय ज्ञापन ईओ को सौंपा। इस दौरान अधिकारियों ने माना कि संवाद में कमी रही और सभासदों की नाराजगी को गंभीरता से लेते हुए सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगी और आश्वासन दिया कि भविष्य में किसी भी बोर्ड सदस्य को शिकायत का अवसर नहीं दिया जाएगा। इसमें सभासद राहुल शुक्ला, शिव देवी, गीता अर्कवंशी, शिखा, हरिओम तिवारी, प्रियंका गौतम, सूरज बली, आशीष गुप्ता, शारदा देवी, वीरपाल, रुखसाना व अनिल रहे।



न्यूज ब्रीफ

### दिव्यांग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** दिव्यांग युवक ने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है। साण्डी थाने के नोनखारा निवासी जगन्नाथ (50) एक पैर से दिव्यांग था, उसकी शादी नहीं हुई थी। भाई दिनेश ने बताया कि जगन्नाथ कुछ दिन से बीमार रह रहा था। उसका गांव में ही उसका इलाज हो रहा था। मंगलवार को मां रामा और भाई खेत पर गए हुए थे। उसी बीच जगन्नाथ का शव गांव के बाहर पेड़ पर गमछे से बने फंदे से लटका मिला।

### नाबालिग को भगा ले जाने का मामला दर्ज

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी को फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर गांव के ही एक युवक के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। शिकायत के अनुसार घटना बीती 26 की रात करीब 9 बजे की है, जब आरोपी युवक किशोरी को घर से अपने साथ ले गया। बताया गया है कि किशोरी अपने साथ 20 हजार रुपए की नकदी भी ले गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है और संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार का कहना है कि जल्द ही किशोरी को बरामद कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 36,200 करोड़ से बना एक्सप्रेस -वे आज होगा जनता को समर्पित

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज करेंगे लोकार्पण, सभी तैयारियां पूरी, 12 जनपदों की कनेक्टिविटी को कवर करेगा एक्सप्रेस-वे

अनुराग मिश्रा 'मिनी'

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेस-वे का ऐतिहासिक लोकार्पण कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों से होना है। लोकार्पण कार्यक्रम और जनसभा को लेकर तैयारियां पूरी की जा चुकी है। सुरक्षा को लेकर एडीजी प्रवीण कुमार ने एक बार फिर से व्यवस्थाओं को लेकर निरिक्षण किया।

बुधवार को बाबा सुनासीर नाथ की धरा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण बन्दीपुर कलेनापुर के बीच बने टोल प्लाजा पर करेंगे। गंगाएक्सप्रेस-वे पूरी तरह से आमजन के लिए कल से खोल दिया जाएगा। 36 हजार 200 करोड़ की लागत से तैयार एक्सप्रेस-वे 12 जनपदों की कनेक्टिविटी को कवर करेगा। जो प्रयागराज और मेरठ की दूरी को कम समय में तय करेगा। आने वाले समय में एक्सप्रेस-वे के किनारे 47 हजार करोड़ के उद्योग धंधे भी स्थापित किये जाएगे। जो बेरोजगारों को रोजगार देने वाला साबित होगा। पीएम के आगमन को लेकर चप्पे चप्पे पर कई जनपदों की पुलिस फोर्स, सीआरपीएफ, एटीएस, एसपीजी, यातायात पुलिस सहित अन्य फोर्स मुस्तेदी से हेलीपेड, मंच और पंडाल में तैनात रहे। पंडाल में कार्यकर्त्ताओं के लिए पंखे, कूलर और एलईडी टीवी लगाई गईं है। सुरक्षा को लेकर 104 कैमरे मंच से लगाकर पंडाल तक और 44 कैमरे पार्किंग स्थल तक लगाए गए है। डीएम अनुनय झा और एसपी अशोक मीणा ने आज मंच पर लगे माइक और एलईडी पर लोकार्पण का प्रसारण भी देखा।


सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते अधिकारी। अमृत विचार


सज गया जनसभा स्थल। अमृत विचार



लोकार्पण कार्यक्रम व्यवस्था में लगे अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार


लोकार्पण के तैयार एक्सप्रेस-वे। अमृत विचार

### लोकार्पण को लेकर तीन मंच बनकर तैयार

**मल्लावां।** गंगाएक्सप्रेस –वे के लोकार्पण कार्यक्रम के लिए तीन मंच बनाए जा रहे है। विशाल काय मंच पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, नन्द गोपाल नन्दी, जसवंत सिंह सैनी, सांसद अशोक रावत मौजूद रहेंगे। दूसरे मंच पर जनप्रतिनिधि विधायक, सांसद की मौजूदगी। तीसरे मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### विधायक ने कार्यक्रम में पहुंचने का किया आवाहन

**मल्लावां।** विधायक आशीष सिंह आशू ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जीतोड़ मेहनत कर सारी व्यवस्थाओं पर अपनी नजर बनाए रखी। ताकि पीएम की तैयारीयों में कोई कसर न रह जाए। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्त्ताओं से 10 .30 बजे पहुंचने का आवाहन किया।


गोद में बच्चे को लेकर ड्यूटी कर रही महिला कांस्टेबल। अमृत विचार

### वाहन पार्किंग भी बनकर तैयार

**मल्लावां, अमृत विचार।** यातायात व्यवस्था को लेकर कई पार्किंग स्थल बनाए गए है। एक जो जनसभा स्थल के पास बनाया गया जहां पर वीआईपी अपने वाहनों को खड़ा करेंगे। गंगा एक्सप्रेस–वे से शंहजहांपुर से आने वालों के लिए जनसभा के ठीक सामने बनाया गया है। कन्नौज से आने वालों के लिए कलेनापुर के आस पास पार्किंग बनाई गई है। इसी तरह उन्नाव से आने वालों के लिए एक्सप्रेस–वे के पास पार्किंग व्यवस्था की गईं है।

# पूरे शहर में दिनभर लगा रहा जाम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री की जनसभा में जनता को ले जाने के लिए सैकड़ों रोडवेज बसें लगाई हैं। आईटीआई व सीएसएन मैदान में बसे खड़ी की गई, लेकिन जगह कम होने के कारण धीरे-धीरे बसों के आगमन से घंटाघर रोड, सोल्जर बोर्ड चौराहा व लखनऊ रोड पर जाम लग गया। इस जाम से दर्जनों सैकड़ों स्कूली बसें फंसी रहीं।

मंगलवार को यहां हालात इतने खराब हो गए कि चारों दिशाओं में करीब दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सुबह से शुरू हुआ जाम देर शाम तक बना रहा, जिससे आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।सबसे अधिक परेशानी स्कूल से लौट रहे बच्चों को झेलनी पड़ी। भीषण गर्मी और करीब 42 डिग्री तापमान में बच्चे बसों, साइकिलों और ई-रिक्शा में फंसे रहे। कई अभिभावक भी बच्चों को लेकर जाम में परेशान नजर आए। हालात ऐसे थे कि एंबुलेंस और दमकल जैसी आपातकालीन सेवाएं भी इस जाम से नहीं बच सकीं और घंटों तक रास्ता साफ होने का इंतजार करती रहीं। हरदोई। रोडवेज बसों के रैली में लग जाने के कारण बस अड्डे पर नाम मात्र की बसें रह गईं, जिससे लोगों को आवागमन में काफी असुविधा उठानी पड़ी। तपती धूप में लोग अपने बच्चों व सामान को लिए इधर उधर भटकते रहे। बसें न होने से घंटों लोगों को बस अड्डों पर इंतजार करना पड़ा।


सड़क पर लगे जाम में फंसी रोडवेज की बसें और निजी वाहन।


धूप में पैदल सामान व बच्चे ले जाते यात्री। अमृत विचार

### ड्यूटी से लौटे होमगार्ड की हालत बिगड़ी, मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** नवीन गल्ला मण्डी सण्डीला में तैनात होमगार्ड मंगलवार की सुबह ड्यूटी कर अपने घर पहुंचा,उसी बीच हालत बिगड़ गई,सीएचसी कछौना से 100 बेड हास्पिटल के लिए रिफर कर दिया गया,जहां पहुंचते ही मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। कछौना कोतवाली के पैरा निवासी 48 वर्षीय होमगार्ड कौशलेंद्र सिंह पुत्र वीरपाल सिंह सण्डीला की नवीन गल्ला मण्डी में ड्यूटी पर तैनात था, मंगलवार की सुबह कौशलेंद्र सिंह ड्यूटी से घर पहुंचा, वहां पहुंचते ही हालत बिगड़ गई, उसे सीएचसी कछौना से 100 बेड हास्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया,जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। होमगार्ड कौशलेंद्र सिंह के परिवार में पत्नी राजू सिंह, दो बेटे व दो बेटियां है। बड़े बेटे अमन सिंह की शादी हो चुकी है, वह चेन्नई में नौकरी करता है।


कौशलेंद्र की फाइल फोटो।

# सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अलग-अलग सड़क हादसों में गेस्ट हाउस में तैनात सफाई कर्मी और उसके साढ़ू सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में टड़ियावां थाने के इटौली गांव निवासी मुरली (50) सीतापुर रोड पर एक गेस्ट हाउस में सफाई कर्मी की नौकरी करता था,साथ में फर्रुखाबाद ज़िले के हरसिंहपुर थाना अमृतपुर निवासी उसका 30 वर्षीय साढ़ू राजीव भी उसी गेस्ट हाउस में नौकरी करता,दोनो.वहीं रहते थे। सोमवार को मुरली अपने साढ़ू राजीव के साथ दोस्त की शादी में शामिल होने टड़ियावां थाने के बुंदेला गांव गया हुआ था,रात में दोनों वहीं से वापस लौट रहे थे,रास्तें में कोतवाली देहात के मुरली पुरवा के पास पहुंचते ही तेज़ रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों ज़ख्मी हो गए। ड्राइवर कार को वहीं छोड़ कर भाग गया, दोनों को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां पहुंचते ही उन दोनों की मौत हो गई। मुरली के परिवार में पत्नी मानस आला,तीन बेटे व दो बेटियां, जबकि राजीव के परिवार में उसकी पत्नी रेखा के अलावा दो बेटे व दो बेटियां है।

वहीं दूसरी घटना में माधौगज कस्बे से घर जा रहें बाइक सवार युवक की टक्कर लगने से मौत हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के गांव सेलापुर निवासी सुनील कुमार के पुत्र अमन पटेल उम्र लगभग 24 वर्ष मंगलवार की सुबह साढ़े दस बजे कस्बे से शादी समारोह से वापस घर जा रहा था। मटियामऊ रोड़ पर सेलापुर गांव सामने अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे अमन पटेल की मौके पर मौत हो गई है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक परिवार में अकेला था व एक बहन अंजली पटेल है माता सरिता का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक पिता के साथ खेती में सहयोग करता था शादी नहीं हुई थी।


मुरली और राजीव की फाइल फोटो।

### साइकिल सवार की ऑटो से टकराकर मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बाज़ार से लौट रहा साइकिल सवार रास्तें में आटो की टक्कर से बुरी तरह ज़ख्मी हो गया, उसे सीएचसी हरपालपुर से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया,जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हरपालपुर थाने के बांसी सतौथा निवासी 65 वर्षीय नरेशपाल सोमवार को हरपालपुर की बाज़ार से लौट रहा था, उसी बीच रास्ते में नगरा मोड़ पर उसे ऑटो ने टक्कर मार दी, सीएचसी हरपालपुर से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया,जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** समधियाने की शादी में शामिल होने पहुंचा बुज़ुर्ग अपने घर जाने के लिए रेलवे ट्रैक के किनारे चल कर रास्ता तय कर रहा था,उसी बीच कोढ़वा रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। पिहानी कोतवाली के मीरपुर गन्नू निवासी 70 वर्षीय महिपाल सोमवार को कोतवाली देहात भूड़पुरवाअपने समधी के घर उसकी बेटी की शादी में शामिल होने आया था। मंगलवार सुबह वह अपने घर जाने के लिए भूड़पुरवा से रेलवे ट्रैक के किनारे चल कर लालपालपुर जाने के लिए रास्ता तय कर रहा था, कोढ़रा रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचते ही ट्रेन की चपेट में आने से वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया,उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। खेती-किसानी करने वाले महिपाल के परिवार में पत्नी जगदंबा,दो बेटे और एक बेटी है।

# युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

**अमृत विचार।** पचदेवरा थाना क्षेत्र के नारायनपुर गांव में संदिग्ध हालात में युवक का शव घर के अंदर कमरे में फंदे से लटका मिला। गांव निवासी सचिन ( 22) पुत्र हरिकिशोर हेयर कटिंग का कार्य करता था और दो भाइयों में बड़ा था। उसके पिता दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं, जबकि मां विनीता जनपद शाहजहांपुर के करनपुर गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। मंगलवार दोपहर सचिन घर पहुंचा और कमरे में चला गया। काफी देर बाद जब उसकी वृद्ध दादी विद्यावती बाग से घर लौटी तो सचिन को फंदे से लटका पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शाम करीब 5 बजे दरवाजा तोड़कर कमरे के अंदर प्रवेश किया, जहां सचिन का शव फंदे से लटकता मिला। ग्रामीणों के अनुसार मृतक अविवाहित था और उसका छोटा भाई रमन (10) है। थानाध्यक्ष शिवनारायण सिंह ने बताया कि मामले की शव पोस्टमार्टम को भेजा गया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।


सचिन की फाइल फोटो।

# हादसे में युवक की मौत, भाई घायल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बाइक सवार दो चचेरे भाईयों को बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर कार ने टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है।

अरवल थाने के टिकार निवासी 25 वर्षीय विद्यासागर पुत्र कन्हैया लाल सोमवार को अपने 20 वर्षीय चचेरे भाई रक्षपाल पुत्र रूपराम के साथ मौसेरी बहन की शादी में शामिल होने फर्रुखाबाद ज़िले के उजरामऊ थाना राजेपुर गया था। वहीं से देर रात दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे, उसी बीच बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर हरपालपुर थाने के बरसोहिया के पास कार ने ज़ोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों उछल कर दूर जा गिरे और बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए, जिन्हे एम्बुलेंस से सीएचसी हरपालपुर पहुंचाया गया, जहां विद्यासागर की मौत हो गई, जबकि रक्षपाल को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। विद्यासागर के बड़े भाई हरिशंकर ने बताया उसके परिवार में पत्नी सोनी और 10 दिन की बच्ची है।


हादसे में पति की मौत के बाद गोद में 10 दिन की बेटी को लेकर रोती-बिलखती पत्नी सोनी।

#### पत्नी रोक रही थी

शादी में फर्रुखाबाद जा रहे विद्यासागर को पत्नी सोनी ने देर रात का हवाला देते हुए रोका, लेकिन उसने नहीं सुनी। सोनी ने रात के लगभग 9 बजे उससे आखिरी बार बात की थी, गोद में 10 दिन की बेटी को लिए सोनी फूट-फूट कर रो रही थी, लोग कह रहे थे कि अगर बात मान ली होती तो शायद अनहोनी टल जाती।

### नहाते समय दूल्हे की बुआ की करंट लगने से मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** भतीजे की शादी में शामिल होने पहुंची बुआ मंगलवार की सुबह नहा रही थी। उसी बीच बंदरो की हरकत से बिजली का तार टूटने से वह करंट की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। सुरसा थाने के सर्रा सथरा की कन्यावती (65) पत्नी इन्द्रपाल के मौसेरे भाई शारदा के बेटे की शादी में शामिल होने साण्डी थाने के मुरौली कठेरियान गई थी, सोमवार को बारात गई हुई थी। मंगलवार की सुबह कन्यावती वहीं नहा रही थी, तभी बंदरों की हरकत से बिजली का तार टूटा और सीधे बाथरूम पर गिरा,जिससे कन्यावती करंट की चपेट में आ गई। कन्यावती के पति की पहले ही मौत हो गई थी,उसके दो बेटे धीरज,सोनू व दो बेटियां है।

# बराती-जनातियों में चले लाठी डंडे, आधा दर्जन लोग घायल

**हरियावां, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बीरमखेड़ा गांव में शुक्रवार रात शादी समारोह द्वारचार के बाद पानी पिलाने वाले जग को लेकर बरातियों और जनातियों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामूली तकरार ने उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्षों में कुर्सियां, लाठी-डंडे चलने लगे, मारपीट में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए।

बीरमखेड़ा निवासी रामू गुप्ता की पुत्री काजल की शादी मझिला थाना क्षेत्र के करावां निवासी बांके बिहारी के साथ तय थी। निर्धारित समय पर बारात गांव पहुंची और द्वारचार की रस्में शांतिपूर्वक संपन्न हुईं। इसी दौरान पानी पिलाने के लिए रखे जग को लेकर बरातियों और जनातियों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते खूनी झड़प में बदल गई। मारपीट में लड़की पक्ष से निखिल गुप्ता, शिवम गुप्ता और नीरज घायल हुए, जबकि लड़के पक्ष से पवन गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, अमन गुप्ता और नन्हे गुप्ता चोटिल हो गए। इनमें पवन, नन्हे और नीरज की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात काबू में किए और पवन, घनश्याम, अमन, निखिल व शिवम को थाने ले आई। थाना प्रभारी ने बताया कि लिखित तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

शिल्पी हत्याकांड | सपा मुखिया अखिलेश यादव के दौरे से पहले एसपी ने की कार्रवाई

# मल्लावां कोतवाल किए गए निलंबित

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** शिल्पी हत्याकांड में पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव के 30 अप्रैल को पीड़ित परिवार के घर आने से पहले एसपी अशोक मीणा ने कोतवाल शिवाकांत पांडेय को निलंबित कर दिया। पुलिस की कार्यवाही डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या के उस बयान के बाद से भी जोड़कर देखी जा रही है जिसमें उन्होंने कहा है कि हत्यारा अगर पाताल में भी घुस जाएगा तो भी उसे सजा दिलाएंगे।

13 अप्रैल को गढ़ी रसूलपुर निवासिनी शिल्पी कुशवाहा पुत्री रामरहीश कुशवाहा की गांव के ही ऋषभ द्विवेदी ने फावड़े से वार कर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने हत्यारा ऋषभ द्विवेदी को गिरफ्तार कर जैल भेज चुकी है। उसके बाद पुलिस ने पिता प्रमोद द्विवेदी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शिल्पी हत्या कांड को लेकर कुछ संगठन सोशल मीडिया पर एक्टिव थे, मल्लावां पुलिस ने सोशल मीडिया पर माहौल खराब करने को लेकर 150 लोगों के विरुद्ध मुकदमा और तीन लोगों का शांति भंग में चालान भी किया था। इस मामले को लेकर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार से मिलने के लिए 23 अप्रैल को जाना था लेकिन पुलिस ने सभी को हॉउस अरेस्ट कर लिया था। उसके बाद सपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश_यादव ने मामले संज्ञान लेकर 30 अप्रैल को पीड़ित परिवार के घर जाने का निर्णय लिया था।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी 27 अप्रैल को मामले पर संज्ञान लेकर अपना बयान जारी कर कहा था हत्यारा अगर पाताल में घुस जाएगा तो भी उसे सजा दिलाएंगे। 28 अप्रैल की रात को एसपी अशोक मीणा ने विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर कोतवाल मल्लावां शिवाकांत पाण्डेय पर कार्यवाही कर निलंबित कर दिया। अगर मामला देखा जाए तो पुलिस ने हत्यारे ऋषभ द्विवेदी पर पूर्व में दो मुकदमे भी पंजीकृत कर पहले भी जैल भेज चुकी थी। एसपी अशोक मीणा ने पुलिस कर्मियों को साफ संदेश भी दिया अगर कार्य में शिथिलता बरतेंगे तो उन पर भी सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### दावत में रायता मांगने को लेकर हुई मारपीट, पुलिस भी पहुंची

**हरदोई, अमृत विचार।** दावत के दौरान बार-बार रायता मांगने पर शुरु हुई बहस से बवाल बढ़ गया। खाना खा रहे युवक और खाना खिलाने वालों के बीच लात-घूंसे चले। एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस बीच-बचाव कर लौट गई। कोतवाली शहर के जोगीपुर मजरा तत्यौरा के दीपक की रविवार को बारात गई थी,सोमवार को वापस लौटी,उसी दिन रात में दावत की गई। बताते है कि दावत में गांव के अलावा नाते-रिश्तेदार शामिल थे। उसी में बिलग्राम कोतवाली के कबीरनपुरवा निवासी रिश्तेदार सोनू मेहमानों को खाना खिला रहा था। गांव निवासी विजय ने उससे रायता मांगा। सोनू ने उसे कई बार गिलास में रायता दिया, लेकिन फिर मांगने पर दोनों के बीच बहस होने लगी। विजय भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। उसी से बात इतनी बढ़ गई कि सोनू ने विजय को थप्पड़ जड़ दिया,वहीं से शुरु हुए बवाल में खूब लात-घूंसे चले,उछाल-उछाल कर कुर्सियां फेंकी गई। काफी खाना बर्बाद हुआ। सूचना पर पहुंची डायल-112 पीआरवी टीम ने समझौता कराकर मामला शांत कराया।

# लगन तुमसे लगा बैठे, जो होगा...

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** श्री खाटू श्याम संकीर्तन समिति के द्वारा आपके शहर में मुहिम गली-गली ऐलान होना चाहिए हर जगह बाबा का गुणगान होना चाहिए के तत्वाधान में श्री खाटू श्याम संकीर्तन समिति का मासिक कीर्तन बावन रोड स्थित मो. ब्रम्हपुरी कालोनी आजाद नगर में संपन्न हुआ। इसमें भजन गायक दिल्ली से चलकर दिल्ली की आन बान शान मंजीत सिंह रोमी ने भजन गया- सजा दो लगन तुमसे लगा बैठे,जो होगा देखा जाएगा,तुम्हे अपने बना बैठे,जो होगा देखा जाएगा।। दिल्ली से चलकर दिल्ली,की आन बान शान। संदीप राजपूत ने. मेरे सर पर रख बाबाअपने ये दोनों हाथदेना हो तो दीजिएजनम जनम का साथ देने वाले श्याम प्रभु तो धन और दौलत क्या मांगे। दूसरे दिन खाटू श्याम संकीर्तन समिति का भंडारा सिनेमा चौराहा मोनी बाबा मंदिर पर आयोजित किया गया। इसमें जरूरतमंदों ने भंडारा ग्रहण किया। इस मौके पर श्याम सेवक, आर्यन अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, अपूर्व गुप्ता, गौतम अग्रवाल, विकास गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


भजन प्रस्तुति करते गायक। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक अनिल ने किया कौशल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**लहरपुर।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत ग्राम गनेशपुर स्थित आइकॉन हॉस्पिटल में कौशल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अनिल वर्मा ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हॉस्पिटल की संचालिका सबाहत बिलाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। विधायक अनिल वर्मा ने कहा कि शिक्षा वह अनमोल रत्न है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता। संचालिका शबाहत बिलाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य 'सबको हुनर, सबको काम' देना है। यह योजना विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में करीब 250 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### लहरपुर में गौ रक्षा कार्यालय का शुभारंभ

**लहरपुर।** क्षेत्र में गौ संरक्षण और संवर्धन की गतिविधियों को विस्तार देने के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद के गौ रक्षा दल द्वारा नए कार्यालय का शुभारंभ किया गया। केसरीगंज-हरगांव मार्ग पर स्थित इस कार्यालय का उद्घाटन विहिप पदाधिकारियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया। वक्ताओं ने कहा कि इस केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य गौ माता की रक्षा करना और समाज में गौ सेवा के प्रति जागरूकता फैलाना है। अब इसी कार्यालय से गौ सेवा से जुड़े अभियानों, बैठकों और जन-जागरण कार्यक्रमों का सुचारू संचालन किया जाएगा। कार्यक्रम में महेंद्र मिश्रा, राज शुक्ला, दुर्गेश शुक्ला, कृष्णा पांडे, आर्यन वर्मा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे। लोगों ने इस पहल को समाज के लिए एक सकारात्मक और सराहनीय कदम बताया है।

### दबंगों ने महिला और बेटे को पीटा, कपड़े फाड़े

**हरगांव।** थाना क्षेत्र के बरियाडीह गांव में दबंगों द्वारा एक महिला और उसके नाबालिग बेटे के साथ मारपीट व अभद्रता करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को ऑनलाइन प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। गांव निवासी ज्योति सिंह पत्नी मनोज सिंह के अनुसार, शिवम आदि उसके पेड़ कटवा रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया, तो दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए उसे और उसके बेटे को बेरहमी से पीटा। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान दबंगों ने कपड़े भी फाड़ दिए। ज्योति सिंह की मानें तो उन्होंने कटेसर पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

### शातिरों ने दो घरों से समेटा लाखों का माल

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** सकरन इलाके में देर रात बेखौफ शातिरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ किया। पीड़ित पक्ष का दावा है कि चोरों ने एक घर में परिजनों को बंधक बनाया, तो दूसरे सूने घर में सीढ़ी लगाकर दाखिल हुए। रामलखन अवस्थी के मुताबिक, उसकी तबियत खराब होने के कारण परिजन उन्हें पुराने घर ले गए थे। इसी बीच चोर छत के रास्ते घर में घुसे और करीब 5 तोला सोना, एक किलो चांदी के जेवर व 17 हजार की नकदी समेट ले गए। इसके बाद चोरों ने पास ही स्थित हरीश सिंह के घर को अपना निशाना बनाया। गृहस्वामी को बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ितों के अनुसार कुल चोरी करीब दस लाख रुपये से अधिक की है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिल गई। साक्ष्य जुटाकर चोरों की तलाश की जा रही है।

### डांट से नाराज सुफियान लापता



**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** इमलिया सुल्तानपुर इलाके के छतौना गांव में दादी की डांट से नाराज बालक घर से निकलकर लापता हो गया, काफी तलाश के बाद पीड़ित पक्ष ने सूचना पुलिस को दी है। इमलिया सुल्तानपुर थानाक्षेत्र के छतौना निवासी वसीक के मुताबिक, उनका 11 वर्षीय पुत्र सुफियान घर पर था। किसी बात को लेकर उसे दादी ने डॉट फटकार दिया। छोटी सी बात पर कक्षा छह का छात्र नाराज होकर घर से निकल गया, फिर वापस नहीं आया। परेशान परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन सुफियान का पता नहीं चल सका। पीड़ित पक्ष ने सूचना पुलिस को दी।

# सेनेटरी पैड खत्म, डिमांड के इंतजार में 'जन औषधि केंद्र'

## जिला अस्पताल और महिला अस्पताल के जन औषधि केंद्र पर स्टाक खत्म

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।**

**अमृत विचार:** जनपद के महिला और जिला अस्पताल में इन दिनों जन औषधि केंद्र पर सेनेटरी पैड का स्टॉक खत्म हो गया है। ऐसे में महिला मरीज और तीमारदार दोनों को बाहर का सहारा लेना पड़ रहा है।

जिले में महिलाओं के प्रसव और अन्य उपचार को लेकर मुख्यालय का जिला महिला अस्पताल कारगर रहा है। यहां रामपुर मथुरा इलाके से लगभग सौ किमी चलकर आने वालों को भी लाभ मिलता है। लेकिन इन दिनों जनऔषधि केंद्र पर सेनेटरी पैड का स्टॉक खत्म हो चुका है। यही हाल जिला अस्पताल का है। हालांकि, जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. इन्द्र सिंह का कहना है कि जिला अस्पताल में इसकी जरूरत कम होती है, लेकिन स्टॉक उपलब्ध कराए जाने को लेकर सूचना दी जा चुकी है।

**तीमारदार बोले-सुलभ सामान बाहर है मंहगा :** खैराबाद निवासी बबलू अपनी पत्नी को प्रसव पीड़ा के उपरांत लेकर आए थे। बताते हैं कि सेनेटरी पैड की आवश्यकता हुई तो जन औषधि केंद्र पर पता चला कि स्टॉक खत्म हो गया है, ऐसे में बाहर जाकर मंहगा सामान खरीदना पड़ा। अस्पताल के महिला वार्ड में मुन्नी देवी, श्यामकली और प्रेमा ने भी यही समस्या बताई, वे एक मरीज को लेकर जिला अस्पताल लेकर आई थीं।



ओपीडी में जमा मरीज और तीमारदार। अमृत विचार



11:50 बजे जिला अस्पताल के दवा काउंटर पर खड़े मरीज और तीमारदार।



तेज धूप के बीच जिला अस्पताल में पानी की टंकी से प्यास बुझाते मरीज-तीमारदार।

> जन औषधि केंद्र पर 335 तरह की दवाएं उपलब्ध हैं। मरीजों से स्पष्ट बताया गया है कि जिस दवाओं की उन्हें आवश्यकता हो और वो उपलब्ध न हो पा रही हो तो मेरे कार्यालय आकर समस्या बता सकते हैं, बाहर से लेने की कोई जरूरत नहीं है। - **डॉ. इन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल**

### ओपीडी में लगी भीड़, डायरिया के मरीज बढ़े

जिला अस्पताल की ओपीडी में दोपहर एक बजे तक भीड़ रही। यहां रामकोट इलाके से सरवन आए थे। इन्होंने बताया कि परिवार के तीन बच्चों को उल्टी-दस्त की शिकायत है, डॉक्टर ने भर्ती करने की सलाह दी है। सकरारा से आए अभिषेक ने बताया कि गर्मी में अधिक निकलने के कारण तेज बुखार आ गया है। कांशीराम कॉलोनी की बिट्टी, रामकली और सरला अपने परिवार के साथ उल्टी-दस्त की शिकायत लेकर आई थीं।

### 2258 लोगों की हुई खून की जांच

जिला अस्पताल की पैथालॉजी में 2258 मरीजों के खून की जांच हुई है। पैथालॉजी के डॉ. राजाराम बताते हैं कि हीट वेव के कारण बुखार, उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ी है।

### ठंडे पानी की तलाश में तीमारदारों ने लगाई लंबी दौड़

जिला अस्पताल में ठंडे पानी की तलाश में बड़ी संख्या में मरीज और तीमारदार दोनों जिला अस्पताल के बाहर की दौड़ लगाते देखे गए। बढ़ते तापमान के बीच अस्पताल परिसर में भी पानी को लेकर भीड़ जुटती देखी गई।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा : 25 फीसद अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** तीन दिनों तक चली होमगार्ड भर्ती परीक्षा में 25 फीसद अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी, इस दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे।

- **जनपद के सात परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई थी तीन दिवसीय परीक्षा**

जनपद के 7 केंद्रों पर होमगार्ड भर्ती परीक्षा संपन्न हुई। तीन दिनों तक चली इस परीक्षा में कुल पंजीकृत 17,856 अभ्यर्थियों में से 4,445 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के अंतिम दिन कुल 1502 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. तीनों दिन प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ भ्रमणशील रहे।

# वित्तीय अनियमितता का आरोप लगा सभासदों ने खोला मोर्चा

**संवाददाता, सीतापुर।**

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद खैराबाद के निर्वाचित सभासदों ने नगर पालिका प्रशासन पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और बोर्ड बैठक की कार्रवाई में मनमानी का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। सभासदों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द जांच और कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सामूहिक रूप से त्यागपत्र देने को मजबूर होंगे। जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में सभासदों ने आरोप लगाया कि करीब 2 करोड़ रुपये की वाटर पाइप लाइन विस्तार योजना में मानकों का जमकर उल्लंघन किया गया है, जिससे लगातार लीकेज की समस्या बनी रहती है। वहीं, महेन्द्री टोला में नाली निर्माण का भुगतान होने के एक साल के भीतर ही दोबारा टेंडर कराकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। सभासदों का आरोप है कि बोर्ड बैठक की प्रोसिडिंग बुक में उनकी सहमति के बिना ही निर्णय अंकित कर दिए जाते हैं और विरोध करने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाती है। शिकायती पत्र भेजने वालों में सभासद विष्णु कुमार गौतम, साबिर अली, उमेश, हसीन अहमद, मुन्नी, शहादुन निशा, फरजंद अली, रोशन जहां, शबेनाज, जफरयाब बेग, मुर्सलीन, महरून निशा और सायरा निशा सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।



राहुल का पुतला फूंकते भाजपा पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका राहुल का पुतला

**संवाददाता हरगांव, अमृत विचार :** हरगांव विधानसभा क्षेत्र के झरेखापुर मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने महिला जन आक्रोश पग यात्रा निकालकर विपक्ष के विरुद्ध प्रदर्शन किया। झरेखापुर चौराहे पर आयोजित विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष कौशलेन्द्र सिंह ने किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि यह यात्रा संसद में महिला आरक्षण बिल का विपक्ष द्वारा विरोध किए जाने के खिलाफ निकाली गई है। महिलाओं में व्याप्त नाराजगी को जाहिर करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों का समर्थन किया और राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रितेश सिंह गौर, अनुज शुक्ला, पंकज पांडे, चंद्रभाल कनौजिया, कपिल सिंह, सुनील त्रिपाठी और अभय सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व महिलाएं मौजूद रहीं।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**संवाददाता हरगांव, अमृत विचार:** कोतवाली देहात इलाके में देर रात ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

- **झरेखापुर हाल्ट के करीब हुई घटना**

हरगांव थाना क्षेत्र के सेलूमऊ, मजरा पंडितपुरवा निवासी रामनरेश (53) रात घर से बिना बताए कहीं निकले थे। देर रात वह झरेखापुर हाल्ट से करीब पांच सौ मीटर दूर सिहानीपारा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पुत्र विनय ने बताया कि पिता के घर से लापता होने पर उनकी काफी खोजबीन की गई थी, लेकिन कोई पता नहीं चला। कोतवाली देहात प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

# तालाब के गहरे पानी में डूबने से युवक की मौत

**संवाददाता, सीतापुर।**

- **महोली कोतवाली क्षेत्र के देवरिया गांव की है घटना**

**अमृत विचार :** महोली इलाके के देवरिया गांव में भैंस चराने गए युवक की तालाब के गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। कई घंटों की मशक्कत के बाद गहरे पानी से निकाला जा सका।



विधि शंकर (फाइल फोटो)

महोली कोतवाली क्षेत्र का देवरिया निवासी विधि शंकर (18) पुत्र राम नारायण शुक्ला सुबह खेतों की ओर भैंस चराने निकला था। बताते हैं कि भैंस गांव के नजदीक स्थित देवी तालाब में चली गई। उसे निकालने के प्रयास में विधि शंकर गहरे पानी में डूब गया। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, बाद में उसका शव तालाब से निकाला जा सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। विधि शंकर सात भाई-बहनों में सबसे छोटा था, उसके पिता की मृत्यु 10 वर्ष पूर्व हो चुकी है।

# आधी आबादी के साथ किया विश्वासघात

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।**



कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री रजनी तिवारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की मंत्री रजनी तिवारी ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि कांग्रेस, सपा, टीएमसी और डीएमके ने संसद में महत्वपूर्ण विधेयकों का विरोध कर देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की इस महिला विरोधी मानसिकता का जवाब आने वाले समय में देश की नारी शक्ति जरूर देगी।

आयोजित प्रेस वार्ता और महिला जन आक्रोश सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट मानना है कि नीति निर्माण में महिलाओं की भागीदारी उनका स्वाभाविक अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल 'कोटा के भीतर कोटा' जैसे असंवैधानिक तर्क देकर 33 प्रतिशत आरक्षण की राह में रोड़ा अटका रहे हैं। यह उनकी तुष्टीकरण की राजनीति को दर्शाता है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि सनातन संस्कृति में नारी को मातृशक्ति मानकर पूजा जाता है, लेकिन विपक्ष उनके हक पर डाका डालने का काम कर रहा है। सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर पटेल, विधायक रेखा वर्मा, एमएलसी पवन सिंह चौहान, जया सिंह, कंचन प्रभा पांडे, मंजू राजवंशी, सावित्री चौधरी, शिवकुमार गुप्ता और रामकृष्ण भार्गव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जनपद न्यायाधीश ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



न्यायाधीशों को कारागार का निरीक्षण करातीं जेल अधीक्षिका प्रीति यादव।

**सीतापुर।** जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष जैन ने जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला, किशोर व अन्य बैरकों में जाकर बंदियों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के समय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव प्रकाश और प्राधिकरण के सचिव आलोक यादव भी मौजूद रहे। जनपद न्यायाधीश ने विशेष रूप से उन विचाराधीन बंदियों से वार्ता की, जो अपनी सजा का आधा समय काट चुके हैं। उन्होंने जेल अस्पताल और पाकशाला की व्यवस्थाओं को भी परखा, जो संतोषजनक पाई गईं। जेल अधीक्षिका प्रीती यादव ने बताया कि डॉक्टरों की टीम नियमित रूप से बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है और सभी दोषसिद्ध बंदियों की अपीलें दाखिल की जा चुकी हैं। इस दौरान लीगल एड डिफेंस काउंसिल सुजीत बाजपेई, भूपेंद्र दीक्षित व रितिकेश श्रीवास्तव सहित जेल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षा चौपाल व वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा

**सांडा।** विकास खंड सकरन के कंपोजिट विद्यालय मुर्थना में शिक्षा चौपाल, वार्षिकोत्सव और कक्षा 8 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, ऐसे आयोजनों से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन और परिश्रम का संदेश दिया। बीईओ ओंकार सिंह ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह के दौरान कक्षा 8 के छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस मौके पर इंचार्ज प्रधानाध्यापिका मधुबाला चौधरी, बृजेश कुमार, सविता, रामरतन, सर्वेश, उपेंद्र, अनुभव और पुष्पेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### मेधावियों का हुआ सम्मान, खिले चेहरे



अतिथि के साथ सम्मानित मेधावी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** इलाही बख्श इंटर कॉलेज इटारी में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 में विद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल परीक्षा में अजीमुश्शान ने 84.83 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं मालती प्रसाद ने 84.17 प्रतिशत के साथ द्वितीय और विवेक त्रिपाठी ने 84.00 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पाया। बालिकाओं में जैनब अनीस (80.83%) प्रथम और जिज्ञासा (80.50%) द्वितीय स्थान पर रहीं। इंटरमीडिएट में सुधा कश्यप ने 79.40 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टॉप किया। विद्यांशु ने 71.00 प्रतिशत के साथ दूसरा और सुषमा देवी ने 70.60 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक एख़लाक हुसैन, अध्यक्ष इरफान आविद अंसारी, प्रधानाचार्य अरविंद कुमार और पवन कुमार ने मेधावियों को पुरस्कृत किया।

### सिधौली सीएचसी में 'एफसीएम' इंजेक्शन का शुभारंभ

**सिधौली/सीतापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज एफसीएम इंजेक्शन का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जोशी ने वैक्सीन लॉन्च करते हुए कहा कि यह महिलाओं और किशोरियों में आयरन की कमी दूर करने में अत्यंत प्रभावी व सुविधायुक्त है। विशिष्ट अतिथि संयुक्त निदेशक डॉ. शालू गुप्ता व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने इंजेक्शन के लाभों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद सिंह, डॉ. रेहान आलम, अजीत कुमार, राजुल मौर्य, सावित्री और पूनम सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चौकी के सामने खड़ी बाइक चोरी

**सीतापुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मंडी चौकी के ठीक सामने स्थित एक जिम के बाहर से शातिरों ने सुबह एक बाइक पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। विकास नगर निवासी कार्तिकेश्वर सिंह के मुताबिक, वो सुबह जिम आए थे। उन्होंने अपनी बाइक बाहर खड़ी की थी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि एक युवक, जिसने गमछा डाल रखा था, करीब 20 से 25 मिनट तक जिम के बाहर रेकी करता रहा। मौका मिलते ही उसने शातिराना तरीके से बाइक का लॉक तोड़ा और फरार हो गया।

### दो पक्षों में खूनी संघर्ष, पांच गंभीर

**महोली/सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खैरवा में देर रात मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। इस हिंसक झड़प में एक ही परिवार के राकेश सहित कुल पांच लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है। गांव में किसी बात को लेकर हुई कहासुनी ने देखते ही देखते बड़े झगड़े का रूप ले लिया। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल सीतापुर में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने गांव के ही मानू और सोनू सहित पांच लोगों पर हमले का आरोप लगाया है।

# डीएम ने परखीं परियोजनाएं, 15 जून तक काम पूरा करने के दिये निर्देश

**संवाददाता सीतापुर / लहरपुर।**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सघन निरीक्षण कर चल रही कटाव निरोधक परियोजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक निर्देश दिए कि मानसून से पूर्व सभी सुरक्षात्मक कार्य हर हाल में पूरे कर लिए जाएं।

जिलाधिकारी ने सबसे पहले शारदा नदी के किनारे स्थित ग्राम मास्टरपुर में संचालित परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति देखते हुए निर्देश दिए कि 15 जून 2026 तक समस्त कार्य मानक के अनुरूप पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि बाढ़ के समय किसी प्रकार की समस्या न हो। इसके बाद उन्होंने शारदा नदी के दाएं किनारे पर स्थित ग्राम रतौली में चल रहे कार्यों का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई विशाल पोरवाल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग मिथिलेश वर्मा और सहायक अभियंता पुष्कर वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



ग्रामीणों से संवाद करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

### उद्यमियों को अनावश्यक परेशान न करें : डीएम

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला उद्योग बंधु एवं निवेश मित्र की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वरोजगार से जुड़ी शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों को अनावश्यक परेशान न किया जाए। उन्होंने ओडीओपी के तहत स्थापित कॉमन फैसिलिटी सेंटर को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में उद्यमियों द्वारा सड़क संबंधी समस्याएं उठाए जाने पर डीएम ने लोक निर्माण विभाग को तत्काल कार्रवाई करने को कहा।

### ससुराल पक्ष से परेशान युवक ने नहर में लगाई छलांग

**संवाददाता, लहरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ददुवापुर के निकट शारदा सहायक नहर में एक युवक ने छलांग लगा दी। युवक के नहर में कूदने की खबर से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से युवक की बाइक बरामद की है। देर शाम तक युवक की तलाश जारी रही, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।

- **गोताखोरों की मदद से देर शाम तक होती रही युवक की खोजबीन**

पीड़ित भाई अताउर्रहमान ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसके 24 वर्षीय भाई अरकानूर रहमान ने दो साल पहले लहरपुर के मोहल्ला पटकी टोला निवासी सीमा बानो से कोर्ट मैरिज की थी। आरोप है कि सीमा और उसके मायके वाले लगातार पैसों की मांग कर रहे थे और पिछले तीन दिनों से उसे धमकियां दे रहे थे। मंगलवार को सीमा के बुलाने पर अरकानूर घर से गया था। बाद में सीमा ने अरकानूर की मां को फोन कर बताया कि उसने नहर में कूदकर जान दे दी है। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह पति-पत्नी के बीच विवाद का मामला है। नहर किनारे बाइक मिलने की पुष्टि हुई है और गोताखोरों की मदद से युवक की खोजबीन की जा रही है।




एसडीएम को ज्ञापन सौंपते संत व अन्य। अमृत विचार

### गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**महमूदाबाद / सीतापुर।** ऐतिहासिक मां संकटा देवी धाम से गौ भक्तों ने संत श्री 1008 त्यागी दास महाराज व संत श्री 1008 सत्यानंद महाराज के नेतृत्व में एक जुलूस निकाला। नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ यह जुलूस तहसील पहुंचा, जहां गौ भक्तों ने उपजिलाधिकारी डॉ. अंजली सिंह को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। गौ भक्तों ने गौ माता को संवैधानिक रूप से 'राष्ट्रमाता' व 'राज्यमाता' घोषित करने और गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की पुरजोर मांग की। संतों ने स्पष्ट किया कि जब तक गौ माता को उनका उचित सम्मान नहीं मिलता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर रमेश वाजपेयी विरल, केशव राम शुक्ल, नरपत सिंह सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त उपस्थित रहे।

### इंटर में फेल होने पर छात्रा ने दी जान

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला मुंशीगंज की इंटरमीडिएट छात्रा ने परीक्षा में असफल होने पर विषाक्त का सेवन कर लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बताते हैं कि परीक्षा परिणाम आने के बाद से वो बेहद तनाव में थे। कोतवाली नगर के मोहल्ला मुंशीगंज के सर्वेश कुमार की 17 वर्षीय पुत्री काजल सविता हिंदू कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा थी। यूपी बोर्ड के घोषित हुए परीक्षा परिणाम में काजल अनुत्तीर्ण हो गई, जिससे वो मानसिक तनाव में थी। पिता सर्वेश के मुताबिक, वो कई दिन बेहद चुपचाप थी। सुबह काजल ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान छात्रा काजल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



काजल (फाइल फोटो)

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर आज से शुरू होगा आवागमन

## जनता को समर्पित होगा: जगतपुर टोल प्लाजा पर आयोजन की तैयारियां पूरी, क्षेत्र में फैला उत्साह का माहौल

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** प्रदेश की बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना का लोकार्पण मंगलवार को प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही अगले दिन से इस पर वाहनों का संचालन शुरू होने की संभावना है। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं और क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

जगतपुर स्थित टोल प्लाजा पर आयोजन को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यहां प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण के लिए बड़ा पंडाल, मंच और एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार करीब पांच लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा, यातायात और भीड़ नियंत्रण की भी विशेष व्यवस्था की गई है।

मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे प्रदेश के 12 जिलों को जोड़ता है। रायबरेली में इसकी लंबाई लगभग 79 किलोमीटर है, जिससे जिले को सीधी हाई स्पीड कनेक्टिविटी मिलेगी। जिले में लालगंज के



गंगा एक्सप्रेस-वे। अमृत विचार



गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण की चल रही तैयारी।

ऐहार और जगतपुर के गोकुलपुर-रोझइया के पास दो इंटरचेंज बनाए गए हैं, जो आसपास के क्षेत्रों के लिए अहम साबित होंगे। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस एक्सप्रेस-वे पर हल्के वाहनों के लिए अधिकतम गति 120 किमी प्रति घंटा और भारी वाहनों के लिए 100 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गई है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से हर किलोमीटर पर हाईटेक कैमरे लगाए गए हैं, जबकि प्रत्येक 10 किलोमीटर पर स्पीड मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित किया गया है।

स्थानीय लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक्सप्रेस-वे के समानांतर सर्विस रोड का निर्माण कराया गया है। टोल प्लाजा के पास सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं और यात्रियों के ठहराव के लिए भी समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए एक्सप्रेस-वे पर जगह-जगह पुलिस बूथ स्थापित किए जाने की योजना है। एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। ऊंचाहार तहसील के इटौरा बुजुर्ग में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। तैयारियों की मॉनिटरिंग लगातार की जा रही है।

**डीएम और एसपी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश:** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने हाल ही में स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। उपजिलाधिकारी विवेक राजपूत ने भी व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। गंगा एक्सप्रेस वे के संचालन से आवागमन की सुविधा बेहतर होगी। वहीं इसका लाभ स्थानीय व्यापार पर भी पड़ेगा।

### गंगा एक्सप्रेस-वे का वीडियो वायरल



लालगंज क्षेत्र के ऐहार के पास गंगा एक्सप्रेस वे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें ई-रिक्शा पर सवार कुछ युवक जा रहे हैं। यह वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की शिथिलता के कारण कई बार लोग स्टंट भी करते हैं।

### गंगा एक्सप्रेस-वे पर एक नजर

- **जुड़े जिले**- 12
- **रायबरेली में लंबाई**- 79 किमी
- **कुल लंबाई**- 594 किमी (मेरठ-प्रयागराज)
- **इंटरचेंज**- ऐहार (लालगंज), गोकुलपुर रोझइया (जगतपुर)
- **अधिकतम गति**- 120 किमी/घंटा (हल्के वाहन), 100 किमी/घंटा (भारी वाहन)
- **विशेषताएं**- हर किमी पर कैमरे, हर 10 किमी पर स्पीड मॉनिटरिंग सिस्टम।

## न्यूज ब्रीफ

### कुकर फटने से महिला झुलसी, भर्ती

**अमावां, अमृत विचार :** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की सुबह खाना बनाते समय गैस पर चढ़े एक कुकर में विस्फोट हो गया। कुकर फटने से खाना बना रही महिला झुलस गई। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के पूरे टीका मजरे कचौंदा नानकारी गांव निवासी सावित्री देवी (32) मंगलवार की सुबह अपने घर पर ही खाना बना रही थी। इस दौरान कुकर में सावित्री देवी ने दाल चढ़ा रखी थी। काफी देर तक सीटी नहीं आई तो सावित्री देवी ने कुकर के पास पहुंचकर सीटी हिला कर स्टीम को चेक करने का प्रयास किया, तभी कुकर में विस्फोट हो गया जिससे सावित्री देवी गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि घटना को लेकर कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

### मंदिर से मोबाइल और पर्स किया पार

**अमावां, अमृत विचार :** मिल एरिया थाना क्षेत्र में स्थित अभयदाता मंदिर में माली का काम करने वाले कालिका प्रसाद पुत्र रामकिशन का पर्स और मोबाइल उचक्कों ने पार कर दिया। पीड़ित ने बताया कि काम खत्म करने के बाद वह पहुंचा तो मोबाइल और पर्स गायब मिला। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच में पता चला कि मोबाइल व पर्स चुराने वाला स्थानीय एक व्यक्ति है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**बछरावां, अमृत विचार :** कस्बा के कमनी का तालाब की निवासी पिंकी रानी पत्नी राहुल गौतम अपनी दो छोटी बच्चीयों के साथ साथ अपने निजी मकान में रहती थी। पति बाहर प्राइवेट नौकरी करता था। रात 12 बजे के आसपास जब मृतक की बड़ी लड़की पानी पीने के लिये उठी तो उसकी माँ कमरे के अंदर लगी रॉड से लटके हुए देखा। घबराई लड़की ने इस घटना की सूचना अपने परिजनों को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया ये मामला आत्महत्या का लग रहा है। अगर कोई प्रार्थना पत्र आता है तो घटना की जांच की जायेगी।

### 14 मई को लखनऊ में होगी परिवहन प्राधिकरण की बैठक

**रायबरेली, अमृत विचार :** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अरविन्द कुमार यादव ने जानकारी दी है कि संभागीय परिवहन प्राधिकरण लखनऊ की बैठक 14 मई 2026 को आयुक्त लखनऊ मंडल के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में लखनऊ संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जनपदों से जुड़े विभिन्न प्रकार के वाहन परमिट प्रकरणों पर विचार किया जाएगा। इसके साथ ही परिवहन से संबंधित अन्य नीतिगत विषयों पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

### शैक्षिक गतिविधि का आयोजन संपन्न

**लालगंज, अमृत विचार :** श्री गणेश विद्यालय इंटर कॉलेज ऐहार में कक्षा 6, 7 एवं 8 जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक शैक्षिक गतिविधि का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अवनींद्र पांडे के निर्देशन में विद्यार्थियों को बिहार प्रान्त के एक प्रतिभाशाली एवं संघर्षशील बालक की सफलता की कहानी वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित की गई। इस दौरान प्रबंधक कार्तिकेय शंकर वाजपेई, प्रधानाचार्य अवनींद्र पांडे, कमलाकांत एवं वरिष्ठ शिक्षक अनुज अवस्थी आदि लोग उपस्थित रहे।

# डंपर की टक्कर से घायल युवक ने तोड़ा दम

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** सलोन क्षेत्र के परशदेपुर निवासी पवन कुमार (27) किसी व्यक्तिगत कार्य से साबिसपुर आया हुआ था। कार्य समाप्त कर वापस लौटते समय, पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद चालक डंपर लेकर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। स्थानीय निवासी लाइक अहमद ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए एंबुलेंस को सूचना दी और घायल पवन को लेकर ऊंचाहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। ऊंचाहार सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि अत्यधिक चोटों और रक्तस्राव के कारण घायल युवक को बचाया नहीं जा सका और उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है।

### हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**अमावां:** खदरी मजरे रूपामऊ गांव निवासी श्यामलाल पुत्र बद्री प्रसाद मोची का काम करते थे। बीती 25 अप्रैल की सुबह करीब 8:30 बजे वह बाइक से राही स्थित अपनी दुकान जा रहे थे। तभी रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर हैबतमऊ के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक ऑटो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में श्यामलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। सोमवार को परिजन उन्हें लखनऊ ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर ऑटो और चालक की तलाश की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

उन्नाव जनपद के निवासी संदीप (40) पुत्र करण सोमवार की रात 10 बजे रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर अपनी बाइक से अमावां की ओर जा रहा था। रास्ते में पूरे शहादत गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने संदीप की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में चौकी इंचार्ज पंकज ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# कुएं में गिरने से युवक की गई जान, मचा कोहराम

डलमऊ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के नरसवा गांव में सोमवार देर रात एक दुखद हादसे में 36 वर्षीय कृष्ण कुमार उर्फ बबलू तिवारी की कुएं में गिरने से मौत हो गई।



कृष्ण कुमार की फाइल फोटो।

बताया जाता है कि वह शराब पीने का आदी था और नशे की हालत में गांव के बाहर स्थित कुएं में जा गिरा। घटना की जानकारी कुछ देर बाद ग्रामीणों को हुई, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी और उनकी मदद से युवक को कुएं से बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी रोशनी और मां मीना का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार उसकी जेब से शराब का पाउच भी मिला। कोतवाल राघवन कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**बछरावां (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत भूप खेड़ा मजरे कुर्री गांव निवासी संदीप कुमार पुत्र संत प्रसाद (21) बीते दो वर्षों से लखनऊ में एक निजी अस्पताल में काम कर रहा था। सोमवार शाम उसकी छत से गिरकर मौत होने से हड़कंप मच गया। मंगलवार को शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता संत प्रसाद ने आशंका जाहिर करते हुए आरोप लगाया है कि उसके साथ रहने वाले चार युवकों ने उसके बेटे को धक्का मार कर छत से फेंका है जिससे उसकी मौत हुई है। इस बाबत कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। घटना लखनऊ में हुई थी इसलिए उन्हें घटना की जानकारी नहीं है।

# तीन डंपरों की भिड़ंत में दो चालक घायल



वाहन में फंसा चालक व मौजूद भीड़।



दुर्घटना के बाद सड़क पर खड़े वाहन। अमृत विचार

- **रायबरेली-जौनपुर हाईवे पर सूची पुलिस चौकी के निकट हुई दुर्घटना**

सलोन (रायबरेली)

**अमृत विचार।** रायबरेली-जौनपुर नेशनल हाइवे सूची पुलिस चौकी के निकट तेज रफ्तार तीन डंपरों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में दो डंपर चालक घायल हुए है। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि एक डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और चालक मलबे में तब्दील हो चुके केबिन के भीतर ही फंस गया। हादसा होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और डंपर के केबिन में फंसे चालक को निकालने के लिए पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को घंटों तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

आयरन कटर और अन्य टूल्स की मदद से केबिन के अगले हिस्से को काटकर घायल चालक को बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मंगलवार की दोपहर लगभग एक बजे के सलोन कोतवाली अंतर्गत सूची चौकी खौसनहा गांव के निकट तीन डंपरों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि सड़क पर ही दो डंपर पलट गए। जबकि तीसरा डंपर खाई में पलटने से बाल बाल बच गया। घटना की सूचना पर कई थानों की फोर्स के साथ पिआरवी पुलिस मौके पर पहुँच गई। इस दौरान घायल पड़े डंपर चालक बुद्धराज मवई थाना सदर बांदा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि केबिन में लहूलुहान अवस्था मे फंसे डंपर चालक अकील पुत्र शकील निवासी थाना हुसैनगंज जनपद अमेठी को आयरन कटर से काटकर केबिन से बाहर निकाला गया। इसके बाद एम्बुलेंश से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना इतनी भयावह थी की दोनों तरफ चार किलो मीटर तक सड़क जाम हो गया। जबकि लगभग दो हजार लीटर डीजल सड़क पर पानी की तरह बह गए। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि तीन डंपरो की आपस मे भिड़ंत में दो चालक घायल हुए है। वहीं केबिन के लोहे के बीच फंसे चालक को निकालने के लिए पहले क्रेन और गैस कटर जैसी मशीनों का इंतजाम करना पड़ा।

### नायब तहसीलदार और पूर्व थानाध्यक्ष समेत 10 पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश

**जगतपुर (रायबरेली) अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) ने भूमि विवाद के एक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए नायब तहसीलदार, तत्कालीन थानाध्यक्ष समेत 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने पुलिस को निर्देश दिया है कि मुकदमा दर्ज कर सक्षम अधिकारी से निष्पक्ष विवेचना कराई जाए। मामला जगतपुर थाना क्षेत्र के सलोन रोड स्थित पारी रजबहा के पास की जमीन से जुड़ा है। कैलाश चंद्र ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसकी करीब पांच बिस्वा जमीन, जो न्यायालय में विचाराधीन है, पर 29 मई 2025 को राजस्व व पुलिस टीम पहुंची और विपक्षियों के पक्ष में जबरन कब्जा करा दिया। आरोप है कि विरोध करने पर उसके और उसकी पुत्री के साथ मारपीट की गई। साथ ही गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। आरोप है कि जेब में रखे पांच हजार रुपये भी छीन लिए गए और दोनों को जबरन थाने ले जाकर पिटाई की गई। अदालत ने प्रथम दृष्टया आरोपों में पर्याप्त आधार पाते हुए तत्कालीन थानाध्यक्ष अजय कुमार राय, नायब तहसीलदार (सलोन) शमीम अहमद, लेखपाल दिनेश मिश्रा, कानूनगो विनोद द्विवेदी, पीआरडी जवान अनीता, कांस्टेबल आरती यादव, सिपाही शिव प्रकाश यादव सहितअनिल यादव, सुखलाल व विशाल निवासी अलीगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि प्रकरण की जांच निष्पक्ष व सक्षम अधिकारी से कराई जाए, ताकि तथ्यात्मक स्थिति सामने आ सके।

### कम्प्यूटर एजुकेशन सेन्टर का हुआ उद्‌घाटन

**शिवगढ़, अमृत विचार।** नगर पंचायत शिवगढ़ स्थित कैरियर मोड़ के पास मंगलवार को एक्सेस कम्प्यूटर एजुकेशन सेंटर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान खुलने से क्षेत्र के युवाओं को शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। संस्थान के अध्यक्ष तिलकराज सिंह और प्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए केंद्र की विभिन्न शैक्षिक सुविधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर भास्कर उपाध्याय, रमेश कुमार मिश्रा, सत्येंद्र प्रताप सिंह, पुणेंद्र सिंह, प्रवीण सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, अभय सिंह, हिमांशु प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



कम्प्यूटर सेंटर का उद्‌घाटन करते मुख्य अतिथि।

### एसडीएम ने नामित सभासदों को दिलाई शपथ



नामित सभासदों को शपथ दिलाते उपजिलाधिकारी गौतम सिंह। अमृत विचार

**महराजगंज, अमृत विचार।** नगर पंचायत में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से नामित तीन सभासदों को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राम लाल अकेला रहे। चेयरमैन सरला साहू की अध्यक्षता में हुए शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा द्वारा नामित सभासद अनुपमा पाण्डेय, विजय धोनी और सूर्य प्रकाश वर्मा ने शपथ ली। एस डीएम गौतम सिंह ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर भाजपा के महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुधा अवस्थी, अवधेश मिश्रा, विद्यासागर अवस्थी, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, ईओ रामाशीष वर्मा, मण्डल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, सभासद नूरुल हसन, धर्मेंद्र वर्मा, राजकुमारी, मुस्ताक राइनी, रामकुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# धूप में खेत पर काम कर रहे किसान की मौत

- **पुरासी गांव के परिजनों ने मौत का कारण हीट स्ट्रोक बताया**

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू का कहर देखने को मिला है। सोमवार को खेतों में काम करने के दौरान किसान की असमय मौत हो गई। परिजनों ने मौत का कारण तेज धूप और हीट स्ट्रोक बताया है। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार, पुरासी गांव निवासी किसान गया प्रसाद यादव सोमवार की सुबह से ही अपने खेतों में व्यस्त थे। सुबह वे ट्रैक्टर-ट्रॉली से खेतों में भूसा ढो रहे थे। करीब दस बजे के बाद वे घर लौटे और स्नान करने के बाद जानवरों के चारे के लिए बीज लेने हलोर बाजार गए। बाजार से लौटने के बाद, किसान गयाप्रसाद दोपहर में ही बिना आराम किए दोबारा ट्रैक्टर लेकर खेत पर पहुंच गए और बीज की बुवाई शुरू कर दी। इसी दौरान अचानक उन्हें पेट में तेज दर्द उठा और उल्टियां होने लगीं। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते, तब तक वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने सूचना परिजनों को दी। आनन-फानन में उन्हें महराजगंज सीएचसी ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. संजय राय ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही किसान की मौत हो चुकी थी। प्रथम दृष्टया हीट स्ट्रोक का मामला प्रतीत होता है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही गांव में मातम का माहौल है। फिलहाल परिजनों ने मंगलवार को गंगा तट पर किसान का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



गया प्रसाद यादव की फाइल फोटो।

# निजी अस्पताल में महिला की मौत पर जमकर हंगामा

अमावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के मटेहरा गांव निवासी सीमा (35) पत्नी रंजीत सोमवार को दिन में बाइक से गिरकर चोटिल हो गई थी। परिजनों ने सीमा को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। परिजनों ने सीमा को मिल एरिया थाना क्षेत्र में सारस होटल के पास स्थित एक निजी अस्पताल में सोमवार को भर्ती कराया था और दोपहर में सीमा की मौत हो गई। सीमा की मौत के बाद परिजन आक्रोशित हो उठे और अस्पताल संचालक के विरुद्ध प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों ने सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार ने मिल एरिया थाने पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया परिजनों की तहरीर पर नवजीवन हॉस्पिटल संचालक के विरुद्ध केस दर्ज किया जा रहा है।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, 36 लाख रुपये का माल भी बरामद

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र में दर्ज चोरी के एक बड़े मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से करीब 36 लाख रुपये मूल्य का चोरी का माल भी बरामद किया है। मंगलवार को किरण हाल में मामले का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार नौहार ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में की गई। उन्होंने बताया कि शहर कोतवाली में दर्ज चोरी के मामले की जांच के दौरान पुलिस लगातार साक्ष्य जुटा रही थी। इसी क्रम में मंगलवार को वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने त्रिपुला चौकी के पास से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनकी पहचान सूर्यमणि शर्मा और श्यामसुन्दर शर्मा निवासी जाटवपुर थाना हैदरगंज तथा बद्री पत्र राम जियावन निवासी सरायसुरा थाना बीकापुर जनपद अयोध्या के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चोरी का माल बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 36 लाख रुपये आंकी गई है। बरामदगी के बाद दोनों आरोपियों को विधिक कार्रवाई पूरी कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में अन्य संभावित आरोपियों की तलाश भी जारी है और गिरोह के नेटवर्क की जांच की जा रही है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके।

**आयोजन**

जन-आक्रोश सम्मेलन को प्रभारी मंत्री ने संबोधित करते कांग्रेस और सपा पर जमकर किया प्रहार

# सपा और कांग्रेस को महिला शक्ति चुनाव में देगी जवाब : राकेश

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने जन-आक्रोश सम्मेलन में आधी आबादी को 33 प्रतिशत आरक्षण विधेयक का विरोध कर कांग्रेस और सपा पर जमकर प्रहार किया। कहा कि दोनों पार्टियों ने अपनी मानसिकता का परिचय दिया। आने वाले समय में इसका जवाब महिला शक्ति चुनाव में जरूर देगी।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कहा कि सपा की मानसिकता तो सदैव महिला विरोधी रही है जो कि उत्तर प्रदेश के पिछली सरकारों में देखने को मिला है l आज मुख्यमंत्री योगी जी की सरकार में उत्तर प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित और स्वावलंबी बन रही हैं l इस दौरान उन्होंने पत्रकार वार्ता में भी सरकार की उपलब्धियां और महिला शक्ति को लेकर आगामी समय में पार्टी के दिशा के बारे में बताया। भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों पर सपा और कांग्रेस मिलकर वार कर रहे है, जिनका उत्तर महिला शक्ति आने वाले चुनावों में देगी!

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सुधा अवस्थी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव, पूर्व सदस्य महिला आयोग शीला सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष विधु सिंह ,रागिनी सिंह, शिल्पी चावला, पूर्णिमा श्रीवास्तव, देवेंद्र सिंह, शरद सिंह, नगर प्रभारी शिवेंद्र सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, अभिषेक वर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कमलेश चौधरी, संतोष सिंह, मीडिया प्रभारी विनय शुक्ला, रामशंकर यादव,अजय सिंह नामित सभासद, मोहित सिंह, विशाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



प्रभारी मंत्री राकेश सचान का स्वागत करते भाजपा नेता। अमृत विचार

### प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा

**रायबरेली, अमृत विचार।** प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति आवास से वंचित न रहे। निराश्रित गोवंशों के संरक्षण पर जोर देते हुए उन्होंने गर्मी और हीटवेव से बचाव के लिए गोशालाओं में चारा, पानी और छाया की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों को शीघ्र पूरा करने और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने, किसानों को सिंचाई हेतु नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने और बिजली आपूर्ति को सुचारु रखने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जले ट्रांसफार्मर समय से बदलने और सड़कों के मरम्मत कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नवीन चन्द्रा, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) अमृता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

## चोरी की बाइक के हुए चालान, केस दर्ज

**शुकुल बाजार (अमेठी), अमृत विचार :** शुकुल बाजार क्षेत्र के हरखूमऊ गांव निवासी एक युवक की बाइक चोरी होने के एक माह बाद उसी वाहन के लखनऊ में दो बार चालान कटने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूरे धर्मदास मजरे हरखूमऊ निवासी समर बहादुर पुत्र मोहरे प्रसाद 24 मार्च को ग्राम बलापुर में आशाराम मौर्य की माता के तेहरवीं भोज में शामिल होने गए थे। इसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। घटना के तुरंत बाद उन्होंने डायल 112 पर सूचना देने के साथ ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई थी। हालांकि बाइक बरामद नहीं हो सकी, लेकिन 14 अप्रैल और 23 अप्रैल को उसी बाइक का लखनऊ में चालान कटने की जानकारी मिलने से मामला और गंभीर हो गया। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि चोरी की बाइक का इस्तेमाल किसी आपराधिक गतिविधि या दुर्घटना में भी हो सकता है। थाना प्रभारी विवेक वर्मा ने बताया कि मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## गेहूं की फसल की नीलामी, 2900 रुपये में लगी बोली

**मुसाफिरखाना (अमेठी), अमृत विचार :** विकास खण्ड अंतर्गत दादरा गाँव में अकृषिक भूमि पर खड़ी गेहूँ की फसल की नीलामी प्रक्रिया मंगलवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। यह नीलामी एसडीएम मुसाफिरखाना द्वारा नामित नीलामी अधिकारी नायब तहसीलदार राम लखन वर्मा की देखरेख में दादरा पंचायत भवन पर आयोजित की गई। बताया गया कि नीलामी गाँव की गाटा संख्या 242 में दर्ज श्रेणी (4) की भूमि पर खड़ी फसल के लिए की गई, जिसे तहसील प्रशासन द्वारा सार्वजनिक रूप से कराया गया। नीलामी में करण सिंह (पुत्र जोधा सिंह), प्रकाश पाण्डेय पुत्र इंद्र प्रकाश पाण्डेय निवासी पूरे पहलवान, राहुल पुत्र हरिशंकर तथा पवन कुमार सिंह पुत्र बब्बन सिंह सहित कई ग्रामीणों ने भाग लिया। नीलामी की शुरुआती बोली 1500 रुपये से शुरू हुई। प्रतिस्पर्धात्मक बोली के दौरान राहुल पाल निवासी दादरा ने 2900 रुपये की सर्वाधिक बोली लगाकर फसल अपने नाम कर ली। अन्य प्रतिभागी 2800 रुपये से आगे बोली नहीं बढ़ा सके। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक सत्यदेव सिंह, लेखपाल तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दो पक्षों में चले लाठी डंडे, 17 पर केस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** चांदा थाना क्षेत्र के कल्यानपुर रामपुर गांव में मामूली सड़क विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले जिससे पूरे गांव में मारपीट हो गई।27 अप्रैल की दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि गांव में दो गुट लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। सूचना पर उपनिरीक्षक वीरेन्द्र मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि दोनों पक्ष- कमलेश निषाद पक्ष और विक्रमाजीत पक्ष सड़क से वाहन निकालने के विवाद को लेकर आमने-सामने थे। दोनों ओर से गाली-गलौज के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। स्थिति इतनी भयावह हो गई कि पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन वे और उग्र हो गए।

# सीएमओ ने गंदगी देख लगाई जमकर फटकार

▶ विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत सीएमओ ने गूजीपुर गांव का निरीक्षण कर लिया जायजा

संग्रामपुर (अमेठी)


गूजीपुर गांव में निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मंगलवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र के ग्रामसभा गूजीपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गांव के निवासी राजाराम प्रजापति, छोटेलाल, शोभनाथ गुप्ता, स्वदेश नाथ गुप्ता व तुलसीराम गुप्ता के घरों पर पहुंचकर स्वास्थ्य टीम द्वारा संचालित डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान की जानकारी ली। सीएमओ ने डेंगू, दिमागी बुखार, मलेरिया व टीबी जैसी बीमारियों से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्र में फॉगिंग, एंटी-लार्वा छिड़काव और स्वच्छ पेयजल व्यवस्था का भी जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान गूजीपुर स्थित पुस्तकालय के सामने जाने वाली नाली में भारी गंदगी पाए जाने पर उन्होंने संबंधित जिम्मेदारों को फटकार लगाते हुए शीघ्र सफाई कराने के निर्देश दिए। गूजीपुर पहुंचने से पहले सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, विद्युत व्यवस्था और हीट वेव से निपटने के इंतजामों की समीक्षा की। अस्पताल में ओआरएस कॉर्नर, शीतल पेयजल और पर्याप्त दवाएं उपलब्ध पाई गईं। साथ ही बिजली न रहने की स्थिति में जनरेटर व इनवर्टर की व्यवस्था भी सुनिश्चित मिली। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चल रहे इस अभियान के तहत स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। साथ ही कुपोषित बच्चों व श्वास रोगियों का सर्वे कर उन्हें उपचार के लिए प्रेरित किया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ. संतोष सिंह, एआरओ यशवंतराव, फार्मासिस्ट बृजेंद्र यादव, बीपीएम शंभूनाथ पांडे, बीसीपीएम तीर्थराज यादव, वार्ड बॉय संजय पाठक व गौरव पांडे सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

## लाखों खर्च होने के बाद भी जल निकासी ठप कालिकन धाम जाने वाले श्रद्धालु परेशान

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र में लाखों रुपये की लागत से बनाया गया इंटरलॉकिंग मार्ग अब बदहाल होता जा रहा है। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर लगातार पानी भरा रहने से राहगीरों और श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।मामला प्राथमिक विद्यालय भवसिंहपुर के पास स्थित उस इंटरलॉकिंग मार्ग का है, जो खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय संग्रामपुर और कालिकन धाम की ओर जाता है। विद्यालय के बगल में पेयजल के लिए लगाई गई प्याऊ से लगातार बहता पानी सड़क पर फैल रहा है। इसके चलते इंटरलॉकिंग उखड़ने लगी है और मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त होता जा रहा है।स्थानीय लोगों और दर्शनार्थियों का कहना है कि कालिकन धाम एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके बावजूद साफ-सफाई और जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह लचर है, जो स्वच्छता के प्रति लापरवाही को दर्शाता है।ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो मार्ग पूरी तरह ध्वस्त हो सकता है। फिलहाल सड़क पर भरे पानी के कारण आवागमन में भारी परेशानी बनी हुई है।


जल निकासी न से सड़क पर बहता गंदा पानी।

## पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग, सीएम को भेजा ज्ञापन


कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देते प्रधान संघ के पदाधिकारी व ग्राम प्रधान। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग उठाते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम व विधायक राकेश सिंह के माध्यम से भेजा। यह ज्ञापन जिलाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी जिलाध्यक्ष प्रधानसंघ के नेतृत्व में सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश की पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 और 19 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है, लेकिन मतदाता सूची के पुनरीक्षण में देरी, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना और सुप्रीम कोर्ट के ट्रिपल टेस्ट के अनुरूप आरक्षण प्रक्रिया पूरी न होने के कारण समय पर चुनाव कराना संभव नहीं दिख रहा है। संगठन ने तर्क दिया कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड जैसे राज्यों में ऐसी स्थिति में निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही प्रशासनिक दायित्व सौंपे गए थे, इसलिए यूपी में भी वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए। संगठन का कहना है कि प्रशासकों की नियुक्ति संविधान के भाग-9 की मूल भावना के विपरीत है। साथ ही, कार्यकाल बढ़ाने से ग्रामीणों का सरकार पर विश्वास मजबूत होगा और इसका सकारात्मक प्रभाव आगामी विस चुनाव पर भी पड़ेगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अमेठी अरविंद शुक्ला व प्रधान उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया पर अपुष्ट खबर फैलाने पर शिक्षक निलंबित

संवाददाता, अमेठी

कार्रवाई

**अमृत विचार।** जिले के विकास खण्ड भादर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बैधिकपुर के सहायक अध्यापक साधुराम पर सोशल मीडिया पर अपुष्ट खबर फैलाने पर शिक्षक को निलंबित कर दिया गया शिक्षक के विरुद्ध कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन के मामले में विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा उन्हें निलंबित करते हुए नियमानुसार आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

निलंबन अवधि के दौरान साधुराम को वित्तीय नियमों के अंतर्गत जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा, जो अर्द्ध वेतन अवकाश के बराबर होगा। साथ ही, अन्य प्रतिकर भत्ते भी नियमानुसार देय होंगे, बशर्ते संबंधित खर्चों का प्रमाण प्रस्तुत किया जाए। हालांकि, इस अवधि में महंगाई भत्ते का अतिरिक्त लाभ नहीं मिलेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भत्तों के भुगतान हेतु संबंधित शिक्षक को यह प्रमाणित करना होगा कि वे किसी अन्य रोजगार, व्यापार या व्यवसाय में संलग्न नहीं हैं। जांच प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी पूजा देवी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि साक्ष्यों के आधार पर आरोप पत्र तैयार कर निर्धारित समयावधि में जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। निलंबन अवधि में साधुराम को उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर से संबद्ध किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कहा कि विभागीय नियमों के अनुसार निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी और दोष सिद्ध होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खराब भोजन की शिकायत पर प्रशासन सख्त

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत चल रहे सुपरवाइजरों और प्रगणकों के प्रशिक्षण में खराब भोजन की शिकायत सामने आने के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। सोमवार को पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय और आरडीआरके पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता खराब होने और थाली में कीड़े निकलने से नाराज प्रशिक्षुओं ने विरोध प्रदर्शन किया था। यह मामला अमृत विचार में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों ने संज्ञान लिया।

मंगलवार को प्रशिक्षण व्यवस्था में बदलाव करते हुए केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ के स्थान पर नगर पंचायत कार्यालय के सभागार को नया प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया। साथ ही भोजन की गुणवत्ता में भी सुधार सुनिश्चित किया गया। मौके पर पहुंचे महराजगंज एसडीएम गौतम प्रकाश ने प्रशिक्षुओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके साथ बैठकर भोजन किया। उन्होंने भोजन की शुद्धता को लेकर संबंधित जिम्मेदारों को सख्त निर्देश दिए। एसडीएम ने प्रशिक्षुओं को आश्वासन दिया कि आगे बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अपना व्यक्तिगत मोबाइल नंबर भी साझा किया, ताकि किसी भी समस्या की सूचना तुरंत दी जा सके। आरडीआरके पब्लिक स्कूल पहुंचकर भी उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बेहतर भोजन मिलने पर प्रशिक्षुओं ने राहत जताई और प्रशासन की कार्रवाई की सराहना की। एसडीएम गौतम प्रकाश ने बताया कि सोमवार को जो भोजन प्रशिक्षुओं को दिया गया था उसकी जांच कराई जा रही है जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


प्रशिक्षुओं की समस्याएं सुनते एसडीएम गौतम प्रकाश। अमृत विचार

**प्रशिक्षण केंद्र बदला गया**

- एसडीएम ने प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं के साथ किया भोजन

## घर में घुसकर ताला लगाने का प्रयास, विरोध पर गाली-गलौज व धमकी देने का आरोप

**शुकुल बाजार (अमेठी) अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मवैया रहमतगढ़ गांव निवासी एक युवक ने अपने सगे भाई व एक महिला पर घर में घुसकर विवाद करने, ताला लगाने का प्रयास करने तथा विरोध करने पर गाली-गलौज व धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राज विजय यादव पुत्र विजय बहादुर यादव ने थाना बाजार शुकुल में दी गई तहरीर में बताया कि उसका अपने सगे भाई विवेक उर्फ अनुज से संपत्ति विवाद चल रहा है, जिसका मामला दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि उसका भाई पिछले करीब तीन वर्षों से शिव कांति मिश्रा उर्फ अन्नू नामक महिला के साथ रह रहा है और उक्त महिला उसे घर से बेदखल करने का प्रयास करती रहती है। पीड़ित के अनुसार, 26 अप्रैल को दोपहर करीब दो बजे महिला के बुलावे पर एक अज्ञात युवक चौपहिया वाहन से घर पहुंचा और घर में प्रवेश कर गया। आरोप है कि इसके बाद महिला घर के आवागमन द्वार पर ताला लगाने लगी। विरोध करने पर महिला व अज्ञात युवक ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। राज विजय यादव का कहना है कि उसने तत्काल पीआरवी को फोन कर सूचना दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपित वाहन से मौके से चले गए। उसने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अज्ञात वाहन का पता लगाया जा रहा है। मामले की जांच उप निरीक्षक राजेश मौर्य को सौंपी गई है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कोतवाली में 59 नए रंगरूटों की हुई तैनाती


कोतवाली में आमद दर्ज कराते नए रंगरूट। अमृत विचार

**महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** कोतवाली में 59 प्रशिक्षित महिला और पुरुष रंगरूटों की तैनाती की गई है। इस कदम से पुलिसिंग व्यवस्था में सुधार होने और मौजूदा स्टाफ पर काम का बोझ कम होने की उम्मीद है। इन रंगरूटों की भर्ती वर्ष 2025 में हुई थी और व्यावहारिक प्रशिक्षण के बाद उन्हें विभिन्न थानों में ड्यूटी के लिए भेजा गया है। इन प्रशिक्षित रंगरूटों की तैनाती का मुख्य उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ करना और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इन्हें कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम और विवेचना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया गया है। उनकी उपस्थिति से पुलिस और जनता के बीच संबंध और मजबूत होंगे। महराजगंज थाने को मिले कुल 59 रंगरूटों में 50 पुरुष और 9 महिला कर्मी शामिल हैं। इन रंगरूटों से पैदल गश्त कराई जा रही है, जिससे लोगों में सुरक्षा का भाव पैदा हो रहा है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि नए रंगरूटों की तैनाती से स्टाफ की कमी की समस्या दूर होगी। इससे पुलिसकर्मियों पर काम का बोझ कम होगा और वे अपनी जिम्मेदारियों का अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकेंगे, जिससे क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित होगी।

## शुकुल बाजार सीएचसी में छाया पेयजल संकट

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

समस्या

- भीषण गर्मी में वाटर कूलर महीनों से खराब, मरीजों की बढ़ी परेशानी

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के चलते क्षेत्र में बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शुकुल बाजार में मरीजों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। ऐसे में जहां अस्पताल में शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए, वहीं यहां पानी का संकट गहराता नजर आ रहा है।

अस्पताल परिसर में पेयजल के लिए हैंडपंप और वाटर कूलर की व्यवस्था तो की गई है, लेकिन पर्चा काउंटर के ठीक बगल में लगा वाटर कूलर महीनों से खराब पड़ा है। गर्मी के इस दौर में ठंडे पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होने के बावजूद यह सुविधा पूरी तरह ठप है।

मरीजों और उनके तीमारदारों का कहना है कि अस्पताल में पानी की व्यवस्था नाम मात्र की है। मजबूरी में उन्हें बाहर से पानी की बोतल खरीदकर लानी पड़ रही है। एक तीमारदार ने बताया, "गर्मी में मरीज को लेकर आए हैं, लेकिन यहां पीने के लिए ठंडा पानी तक नहीं मिल रहा। बाहर से पानी खरीदना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सीएचसी पर रोजाना बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं। खासकर गर्मी में उल्टी-दस्त, बुखार और डिहाइड्रेशन के मरीज बढ़ जाते हैं, जिससे पानी की जरूरत और भी अधिक हो जाती है। इसके बावजूद पेयजल व्यवस्था दुरुस्त न होना चिंता का विषय बना हुआ है।इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुधीर वर्मा का कहना है कि अस्पताल में पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध है और खराब वाटर कूलर को जल्द ठीक कराने के निर्देश दिए गए हैं।

हालांकि, जमीनी हकीकत यह है कि भीषण गर्मी में मरीजों और तीमारदारों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है, जो स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। वहीं लोगों का कहना है कि अस्पताल जैसी जगह पर पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा की अनदेखी समझ से परे है।

## एआरपी चयन प्रक्रिया शुरू 13 मई तक करें आवेदन

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने एआरपी चयन प्रक्रिया शुरू कर दी है। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विकास खंडों में रिक्त पदों पर तैनाती के लिए प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित प्रारूप में पंजीकृत डाक से आवेदन 13 मई तक कार्यालय पते पर पहुंचना अनिवार्य है। यह चयन प्रक्रिया अमेठी जनपद के लिए महत्वपूर्ण है। शिक्षकों को स्नातक स्तर पर संबंधित विषय में उत्तीर्ण होना चाहिए। न्यूनतम पांच वर्ष का शिक्षण अनुभव भी आवश्यक है। अभ्यर्थी की सेवानिवृत्ति में दस वर्ष शेष रहने चाहिए। किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्रवाई न हुई हो, यह भी एक शर्त है। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, शिक्षण प्रदर्शन और साक्षात्कार शामिल होंगे। प्रत्येक चरण में न्यूनतम 60 फीसदी अंक अनिवार्य है। कुल अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों का कार्यकाल एक वर्ष तय रहेगा, जिसे प्रदर्शन के आधार पर नवीनीकृत किया जा सकता है। लिफाफे पर पद और विषय स्पष्ट रूप से अंकित करना जरूरी है। हिंदी में भादर और जामों विकास खंडों में पद रिक्त हैं। अंग्रेजी के लिए मुसाफिरखाना व तिलोई में रिक्तियां हैं। विज्ञान में जगदीशपुर, जामों, संग्रामपुर व सिंहपुर में पद खाली हैं।

## लुधियाना से आजमगढ़ जा रही बस पलटी, 38 घायल, 8 लोग लखनऊ रेफर

**विंदेश्वरीगंज (सुलतानपुर) अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। धनपतगंज थाना क्षेत्र में माइल स्टोन 108, पूरे चतुरी हरना हरौरा के पास लुधियाना से आजमगढ़ जा रही एक निजी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार 38 यात्री घायल हो गए, जिनमें 8 की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया। मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे लुधियाना से आजमगढ़ जा रही बस के चालक का नियंत्रण खो गया, जिससे बस सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और यात्री मदद के लिए गुहार लगाने लगे। आसपास के ग्रामीणों ने बिना देर किए राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बस से बाहर निकालकर पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक चारू निगम, क्षेत्राधिकारी बल्दीराय आशुतोष कुमार, थानाध्यक्ष धनपतगंज अंजू मिश्रा समेत कई थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य तेज किया। सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जिला अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। घायलों में मुरली भारद्वाज, गुलशन राजभर, शीला देवी, अमन कुमार, रामचंद्र (अहरौला, आजमगढ़), मिथ्थू, रामसेवक, निर्मला, आदर्श, अनीशा, सुमन, अंगद, दुर्गावती, मुरुक नारायण, आशीष राजभर, अंजली राजभर, मीरा, शिवम, विजय कुमार, राममूरत, रामू, नीरज, मनराज, दीपचंद, महंत सहित अन्य शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल सनाया यादव (5), धनुषधारी (35), सरिता (32), मुरली भारद्वाज (34), रजनीश (डेढ़ वर्ष), रामू (40), प्रियांशी (4) और दुर्गावती (40) को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस की शुरुआती जांच में तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही को दुर्घटना की मुख्य वजह माना जा रहा है।

आयोजन

केन्द्रीय विद्यालय में 55वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

# हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण होती है खेल भावना : अम्बरीश

संवाददाता, रायबरेली


पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

**अमृत विचार।** मंगलवार को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के तत्वावधान में 55वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक वर्ग की शतरंज एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि अम्बरीश गुप्ता, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय बीएचईएल जगदीशपुर द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

उद्घाटन अवसर पर प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के साथ-साथ खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने खेलों को जीवन का आवश्यक हिस्सा बताते हुए खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया और खिलाड़ियों को जीत के लिए आवश्यक गुणों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि अम्बरीश गुप्ता, ने भी अपने संबोधन में खेलों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण खेल भावना होती है, जो एक खिलाड़ी की वास्तविक पहचान होती है। इसके बाद उन्होंने प्रतियोगिता के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की। कार्यक्रम में दोनों पालियों के उप प्राचार्य, प्रधानाध्यापक एवं अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। समारोह का संचालन श्रीमती आकांक्षा पांडेय द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में लखनऊ संभाग के विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों की 22 टीमें और 250 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। वॉलीबॉल मुकाबलों में केविसीआरपीएफ बिजनौर, केवि ओसीएफ कानपुर एवं अन्य टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 वर्ग में भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। वहीं शतरंज प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों के बीच कड़े और रणनीतिक मुकाबले जारी रहे। प्रतियोगिता के लीग मैच आगामी दिनों तक जारी रहेंगे।

## विद्यार्थियों का सम्मान, शिक्षा को बताया जीवन की आधारशिला

**रायबरेली, अमृत विचार।** शिव नारायण सिंह विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गौरा में मंगलवार को यूपी बोर्ड हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य लाल संजय प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और शिक्षा को जीवन की आधारशिला बताते हुए कहा कि बिना शिक्षा के मानव जीवन अधूरा है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इंटरमीडिएट में जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा जया शुक्ला को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विज्ञान वर्ग में लवकुश, सोहनी, रेशमा, राजकुमारी, जानवी, विनीता गुप्ता, अनामिका, आराधना शुक्ला, प्रिंस कुमार व सौमिका यादव तथा मानविकी वर्ग में अंकिता सोनी, रेनू देवी, शीतल द्विवेदी और सलोनी को सम्मानित किया गया। हाई स्कूल स्तर पर रश्मि, नीलू, कशिश सिंह, रवि मौर्य, दिलशाद अली, सुजीत कुमार, प्रिया, साक्षी, अंकुश कुमार व मुस्कान को भी सम्मान मिला। इस अवसर पर राजेंद्र प्रताप सिंह, सरोज अनिल कुमार, कृपाशंकर मौर्य, दिनेश चंद वर्मा, डॉ. सुनील दत्त, मुन्नालाल, सुधीन्द्र कुमार, कमीक्षा प्रताप सिंह आदि रहे।


मेधावी को सम्मानित करते शिक्षक।

# आर्थिक कूटनीतिक सफलता

वैश्विक अर्थव्यवस्था आज संरक्षणवाद, आपूर्ति-श्रृंखला अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनावों के दौर से गुजर रही है। ऐसे समय में भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता व्यापारिक के साथ रणनीतिक महत्व का भी है। यह इसका संकेत है कि भारत अपनी आर्थिक कूटनीति को नए आयाम दे रहा है। महज नौ महीनों में व्यापक वार्ताओं का निष्कर्ष समझौते के बतौर निकलना इस बात का प्रमाण है कि नई दिल्ली अब 'धीमी बातचीत' की पुरानी छवि से बाहर निकलकर निर्णायक और तेज़ व्यापारिक साझेदार बनना चाहती है। यह समझौता इसलिए ऐतिहासिक है, क्योंकि यह भारत की हिंद-प्रशांत रणनीति को आर्थिक आधार देता है, जहां पश्चिमी बाजारों में ऊंचे शुल्क और गैर-टैरिफ बाधाएं भारतीय निर्यात को सीमित करती रही हैं, वहीं न्यूजीलैंड के साथ 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच भारतीय उत्पादों के लिए एक नया द्वार खोल सकती है।

वर्तमान में दोनों देशों के बीच व्यापार लगभग 1.5 अरब डॉलर के आसपास है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 49 फीसद की वृद्धि के बावजूद दोनों देश के बाजारों के आकार के लिहाज से कम ही है। ऐसे में अगले पांच वर्षों में इसे पांच अरब डॉलर और 15 साल में 20 अरब डॉलर निवेश तक ले जाना अति महत्वाकांक्षी लक्ष्य है, पर क्रियान्वयन प्रभावी हो तो असंभव भी नहीं है। भारतीय निर्यातकों के लिए यह समझौता खास है। फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग सामान, आईटी सेवाएं और कृषि-प्रसंस्कृत उत्पादों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी तो सेवा क्षेत्र— विशेषकर आईटी, शिक्षा और पेशेवर सेवाओं में अस्थायी वीजा प्रावधान भारतीय युवाओं के लिए नए अवसर खोल सकते हैं। यह न केवल निर्यात बढ़ाएगा, बल्कि रोजगार सृजन को भी गति देगा, हालांकि चुनौतियां भी हैं। डेयरी और बागबानी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में घरेलू उत्पादकों की चिंता स्वाभाविक है, क्योंकि न्यूजीलैंड की डेयरी प्रतिस्पर्धात्मक रूप से अत्यंत मजबूत है। ऐसे में समझौते में संतुलन बनाना, जैसे- चरणबद्ध बाजार खोलना या कोटा प्रणाली लागू करना आवश्यक होगा। यही संतुलन इस समझौते की सफलता की कसौटी बनेगा। गैर-टैरिफ बाधाएं भी बड़ी चुनौती हैं। गुणवत्ता मानक, जैव-सुरक्षा नियम और प्रमाणन प्रक्रियाएं यदि सरल नहीं की गईं, तो न्यूजीलैंड के बाज़ारों में 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच का वास्तविक लाभ सीमित हो सकता है, इसलिए समझौते पर हस्ताक्षर होना ही पर्याप्त नहीं, लॉजिस्टिक्स, मानकीकरण और व्यापार सुगमता में ठोस सुधार जरूरी हैं। न्यूजीलैंड के कृषि समूहों की संवेदनशीलता को देखते हुए उनकी आंतरिक राजनीति इस समझौते को प्रभावित हो सकती है, परंतु दोनों देशों के साझा हित—स्थिर आपूर्ति-श्रृंखला, विश्वसनीय साझेदारी और चीन पर निर्भरता में संतुलन इस समझौते को आगे बढ़ाने की मजबूत प्रेरणा प्रदान करते हैं।

यह समझौता भारत के लिए पारंपरिक बाजारों से आगे बढ़कर नए, स्थिर और भरोसेमंद साझेदार तलाशने हेतु 'विविधीकरण की रणनीति' का हिस्सा है। यदि इसे सही ढंग से लागू किया गया, तो यह न केवल व्यापारिक आंकड़ों को बढ़ा असमानता दूर करेगा, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की आर्थिक और रणनीतिक स्थिति को भी सुदृढ़ करेगा।

## प्रसंगवश

# नृत्य उद्योग का आकार 45 अरब डॉलर से अधिक

मानव सभ्यता की सबसे पुरानी अभिव्यक्तियों में से एक है 'नृत्य'। जब शब्द अस्तित्व में नहीं थे, तब शरीर की गति ही संवाद का माध्यम थी। समय के साथ नृत्य ने भिन्न-भिन्न संस्कृतियों में अनेक रूप धारण किए और आज यह विश्वभर में एक जीवित कला के रूप में स्थापित है। नृत्य अब वैश्विक संदर्भ में केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक कूटनीति का प्रभावी साधन बन चुका है। नवीनतम 'विश्व नृत्य रिपोर्ट' के अनुसार, वैश्विक स्तर पर नृत्य उद्योग का आकार 45 अरब डॉलर से अधिक पहुंच गया है। वर्चुअल नृत्य कार्यक्रमों में वर्ष 2020 के मुकाबले 2025 तक 60 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। नृत्य चिकित्सा को अब मानसिक स्वास्थ्य उपचारों में सम्मिलित किया जा रहा है।



श्वेता गोयल

शिक्षिका

अनेक देशों में चिकित्सक अवसाद, चिंता और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याओं के उपचार में नृत्य आधारित विधियों का उपयोग किया जा रहा है। विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं ने भी नृत्य को शिक्षा के एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में स्वीकार किया है, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सृजनात्मकता का विकास होता है। नृत्य की विविधता, उसकी समावेशिता और उसके सामाजिक महत्व का उत्सव मनाने के लिए प्रत्येक वर्ष 29 अप्रैल को 'अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस नृत्य को एक साझा मानव धरोहर के रूप में प्रस्तुत करता है, जिसमें भौगोलिक सीमाओं, जाति, धर्म, भाषा या राजनीतिक विचारधाराओं की कोई बाधा नहीं होती। इस अवसर पर करीब 170 देशों में एक साथ नृत्य महोत्सवों, कार्यशालाओं और सार्वजनिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाता है।

नृत्य परंपरा की दृष्टि से भारत विश्व के सबसे समृद्ध देशों में से एक है। भारतीय नृत्य हजारों वर्षों से चली आ रही एक जीवंत और विकसित परंपरा है, जिसकी जड़ें वेदों, पुराणों, महाकाव्यों और शास्त्रों में गहराई से समाहित हैं। भारतीय नृत्य की विशिष्टता उसकी आध्यात्मिक गहराई, दार्शनिकता और सामाजिक प्रतिबद्धता में निहित है। भारतीय नृत्य केवल सौंदर्य प्रदर्शन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक साधना का माध्यम है। नाट्यशास्त्र, जो लगभग दो हजार वर्ष पूर्व रचित एक विश्वप्रसिद्ध ग्रंथ है, भारतीय नृत्य की बुनियादी संरचना और सिद्धांतों का आधार है। इस ग्रंथ में नृत्य, नाट्य और संगीत के तत्वों का अत्यंत वैज्ञानिक और विशद विवरण दिया गया है।

भारत में नृत्य की विविधता उसकी सांस्कृतिक विविधता की तरह अद्भुत है। प्रत्येक क्षेत्र, प्रत्येक राज्य, यहां तक कि कई गांवों की भी अपनी विशिष्ट नृत्य परंपराएं हैं। भारत के शास्त्रीय नृत्य रूप जैसे भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, कथकली, मणिपुरी और सत्त्रिया, न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। इन सभी शास्त्रीय नृत्य शैलियों में अंग संचालन, हस्तमुद्राएं, नेत्र भाव, पद संचालन और ताल की अत्यंत जटिल विधियां हैं, जिन्हें साधना द्वारा वर्षों में सिद्ध किया जाता है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य का एक प्रमुख उद्देश्य जीवन के रहस्यों को भावों के माध्यम से व्यक्त करना है। इनमें नौ रसों का विशेष महत्व है, श्रृंगार, वीर, करुण, हास्य, रौद्र, भयानक, वीभत्स, अद्भुत और शांत। एक सिद्ध नर्तक या नर्तकी अपने अभिनय द्वारा दर्शकों को इन रसों की अनुभूति कराता है और उन्हें एक आत्मिक यात्रा पर ले जाता है। भारतीय लोक नृत्य समृद्ध और विविधतापूर्ण हैं।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)



अच्छे बनो, नहीं तो अकेले रह जाओगे।
–मार्क ट्वेन, अमेरिकी लेखक

# जिंदगी, जेब और भविष्य पर भारी पड़ेगा जल संकट





राजेश जैन

वरिष्ठ पत्रकार

पानी अब सिर्फ प्यास बुझाने का साधन नहीं, बल्कि जीवन, स्वास्थ्य, खेती, अर्थव्यवस्था और सामाजिक स्थिरता की धुरी है और यही धुरी तेजी से कमजोर पड़ रही है। विडंबना यह है कि हम नहीं समझ पा रहे हैं कि पानी का संकट अब केवल पर्यावरण का विषय नहीं रहा, बल्कि हमारे समय का सबसे बड़ा सामाजिक, आर्थिक और मानवीय संकट बन चुका है। यह संकट उस बुनियादी संसाधन से जुड़ा है, जिसके बिना सभ्यता, विकास और जीवन की कल्पना ही संभव नहीं।

आज जल संकट की कहानी केवल सूखते तालाबों, घटते भूजल स्तर या कम होती बारिश तक सीमित नहीं है। यह उस परिवार की कहानी है, जो नल के निर्धारित समय का इंतजार करता है, उस किसान की कहानी है, जिसकी पूरी फसल बारिश और सिंचाई पर निर्भर है और उस शहर की कहानी है, जहां पानी अब अधिकार नहीं, बल्कि खरीदी जाने वाली सेवा बनता जा रहा है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि यह संकट अचानक नहीं आया। यह धीरे-धीरे हमारे जीवन में समाता गया और अब हमारी दिनचर्या, बजट, स्वास्थ्य और भविष्य सभी को प्रभावित कर रहा है।

शहरों में पानी अब सहज उपलब्ध संसाधन नहीं रहा। सुबह-शाम पानी आने का समय तय है और उसके बीच का पूरा दिन उसी की योजना बनाने में गुजरता है। कई इलाकों में लोग टैंकरों पर निर्भर हैं, यानी पानी अब बाजार में बिकने वाला उत्पाद बन चुका है। एक मध्यमवर्गीय परिवार हर महीने हजारों रुपये केवल पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने में खर्च कर रहा है। यह बदलाव खामोशी से हुआ, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम बेहद गंभीर हैं, क्योंकि जब पानी बाजार का हिस्सा बनता है, तो समानता खत्म होने लगती है। पानी का निजीकरण धीरे-धीरे सामाजिक विभाजन को और गहरा कर रहा है, जहां भुगतान करने की क्षमता ही उपलब्धता तय करने लगी है।

> शहरों में पानी अब सहज उपलब्ध संसाधन नहीं रहा। सुबह-शाम पानी आने का समय तय है और उसके बीच का पूरा दिन मैनेजमेंट में गुजरता है। कई जगहों पर लोग टैंकर के भरोसे हैं। यानी पानी अब बाजार में बिकने वाली चीज बन चुका है।

जब सब्जियां महंगी होती हैं, तो चर्चा अक्सर पेट्रोल, डीजल या सप्लाई चेन तक सीमित रह जाती है, जबकि असली कारण कई बार पानी होता है। कम बारिश, गिरता भूजल स्तर और महंगी सिंचाई खेती की लागत बढ़ा रहे हैं। इसका सीधा असर आम आदमी की थाली पर पड़ता है। यानी जल संकट केवल प्यास का संकट नहीं, बल्कि महंगाई का भी बड़ा कारक बन चुका है। आने वाले वर्षों में खाद्य सुरक्षा पर इसका असर और अधिक स्पष्ट दिखाई देगा।

पानी की उपलब्धता जितनी बड़ी समस्या है, उससे कहीं अधिक गंभीर चुनौती उसकी गुणवत्ता है। देश के अनेक हिस्सों में लोग वही पानी पी रहे हैं, जो उनकी बीमारियों का कारण बन रहा है। डायरिया, टाइफाइड, फ्लोराइड और आर्सेनिक जैसी समस्याएं लाखों लोगों की जिंदगी प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में बड़ा प्रश्न यह है कि क्या 'हर घर जल' केवल पाइपलाइन पहुंचाने तक सीमित है, या उसमें सुरक्षित और शुद्ध पानी भी शामिल है? केवल पहुंच नहीं, गुणवत्ता भी नीति का केंद्र बननी चाहिए।

जल संकट का सबसे बड़ा और अक्सर अदृश्य भार महिलाएं और बच्चे उठाते हैं। गांवों और बस्तियों में आज भी पानी लाने की जिम्मेदारी मुख्यतः महिलाओं पर है। कई किलोमीटर पैदल चलकर पानी लाना उनके दैनिक जीवन का हिस्सा है। इसका असर बच्चों, विशेषकर लड़कियों की शिक्षा पर पड़ता है, क्योंकि पानी लाने की जिम्मेदारी उनके स्कूल समय को निगल जाती है। इस तरह जल संकट सामाजिक असमानता को और गहरा करता है।

एक ओर शहरों में स्विमिंग पूल, कार वॉश और सजावटी फव्वारों के लिए पानी उपलब्ध है, तो दूसरी ओर गांवों और झुग्गी बस्तियों में पीने के पानी के लिए संघर्ष हो रहा है। यह असमानता केवल संसाधनों की नहीं, बल्कि प्राथमिकताओं की भी है। यदि यही स्थिति बनी रही, तो पानी भविष्य में सामाजिक संघर्ष और अस्थिरता का बड़ा कारण बन सकता है। जल असमानता सामाजिक असंतोष को जन्म देती है और धीरे-धीरे व्यवस्था के प्रति अविश्वास बढ़ाती है।

पानी अब प्राकृतिक संसाधन भर नहीं, बल्कि राजनीतिक मुद्दा भी बन चुका है। चुनावों में मुफ्त पानी के वादे होते हैं, लेकिन दीर्घकालिक जल प्रबंधन पर गंभीरता कम दिखाई देती है। राज्यों के बीच नदी जल विवाद बढ़ रहे हैं। शहरों में अव्यवस्थित शहरीकरण और गांवों में जल संरचनाओं की उपेक्षा ने स्थिति को और जटिल बनाया है। स्पष्ट है कि समस्या केवल पानी की कमी नहीं, बल्कि उसके प्रबंधन की विफलता भी है।

जलवायु परिवर्तन ने पानी की उपलब्धता को और अनिश्चित बना दिया है। कहीं अचानक बाढ़ आती है, तो कहीं लंबे समय तक सूखा पड़ता है। यह असंतुलन खेती, शहरों, उद्योगों और पूरी अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। अब जल संकट केवल 'कम पानी' का नहीं, बल्कि 'अनिश्चित पानी' का बन चुका है। मौसम की यह अनिश्चितता भविष्य की जल योजनाओं को और कठिन बना रही है। जल संकट का समाधान केवल सरकारों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। यह सामूहिक जिम्मेदारी है। घरों में पानी बचाने की आदत, वर्षा जल संचयन, स्थानीय जल स्रोतों का पुनर्जीवन, अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग और खेती में माइक्रो-इरिगेशन जैसी आधुनिक तकनीकों का विस्तार— ये छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। सबसे जरूरी है पानी को असीमित संसाधन मानने की मानसिकता बदलना।

जल संकट की सबसे खतरनाक बात यह है कि यह धीरे-धीरे बढ़ता है, इसलिए इसकी गंभीरता देर से समझ आती है। पानी केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं, बल्कि जीवन का सबसे बुनियादी संकट बन चुका है। यदि आज पानी को राष्ट्रीय और व्यक्तिगत प्राथमिकता नहीं बनाया गया, तो आने वाले वर्षों में यह केवल समस्या नहीं रहेगा, यह संघर्ष का कारण बनेगा, घर-घर में, शहर-शहर में और देशों के बीच भी। पानी बचाना अब पर्यावरण प्रेम नहीं, अस्तित्व की अनिवार्यता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



सपा पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी। भाजपा पीडीए समाज को न्याय दिलाने से रोकना चाहती है। महिला सुरक्षा पर भाजपा सरकार के दावे खोखले हैं। सरकार ने असली पत्थरबाजों पर कोई कार्रवाई नहीं की।

–अखिलेश यादव
सपा अध्यक्ष

समाजवादी पार्टी की गिद्ध नजर हमेशा ऐसे मामलों पर रहती है, जहां से राजनीतिक फायदा लिया जा सके। सपा का मकसद पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना नहीं, बल्कि समाज में तनाव पैदा कर अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करना है।

–अनिल राजभर
मंत्री, उत्तर प्रदेश



# स्वच्छ हरित- बड़ा मंगल अभियान



नुसरत जहां

एजीए, लखनऊ हाईकोर्ट

उत्तर प्रदेश की राजधानी जिसे 'तहजीब का शहर' कहा जाता है, अपनी संस्कृति, चिकनकारी कढ़ाई, लजीज खानपान और ऐतिहासिक इमारतों के लिए प्रसिद्ध है। यही नहीं गोमती नदी किनारे बसे शहर में ज्येष्ठ माह की चिलचिलाती गर्मी एवं धूप में हनुमान भक्त हर बड़े मंगल को जगह-जगह बड़ी संख्या में भंडारों का आयोजन होता है। कहा जाता है कि ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल को हर मजहब के, चाहे अमीर हों या गरीब, पूरी श्रद्धा से प्रसाद ग्रहण करते हैं। यहां गंगा-जमुनी तहजीब लखनऊ को पूरे विश्व में खास बनाती है।

हर्ष की बात है कि इस साल 2026 को बड़े मंगल बहुत ही विशेष रहने वाले हैं, क्योंकि इस वर्ष ज्येष्ठ माह में चार नहीं, बल्कि पांच बड़े मंगल पड़ेंगे। यह दुर्लभ संयोग 19 साल बाद बन रहा है। 2026 में बड़े मंगल की तारीखें (8 मंगल) पांच मई से 23 जून तक हैं। दूसरे, जो इसे खास बनाती है, वह यह है कि इस धार्मिक परंपरा को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की दिशा में 'लोक भारती' ने 'हरित बड़ा मंगल अभियान' की शुरुआत की है। इस पहल के तहत बड़े मंगल के अवसर पर आयोजित होने वाले भंडारों को पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल बनाने का संकल्प लिया गया है।

बड़ा मंगल की परंपरा को स्वच्छता, हरित सोच, सामाजिक सहभागिता से जोड़ते हुए इस बार भंडारों में सिंगल यूज प्लास्टिक का भी प्रयोग पूरी तरह से त्याग करने का संकल्प लिया गया है। भंडारों में पत्तल, बांस आदि जैविक एवं कंपोस्ट योग्य सामग्री का प्रयोग होगा। आयोजकों के कचरा प्रबंधन, कूड़ा वर्गीकरण एवं पुनर्चक्रण के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्वच्छता टीम एवं पर्यावरण मित्र समूह का गठन होगा।

> ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल को हर मजहब के लोग चाहे अमीर हों या गरीब, पूरी श्रद्धा से लाइन में लगकर प्रसाद ग्रहण करते हैं।

स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल भंडारे आयोजित करना ही इस पहल का मूल उद्देश्य है, ताकि धार्मिक परंपरा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचे। राजधानी लखनऊ में बड़े मंगल की अपनी अलग महत्ता है। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल में लखनऊ के हर मंदिर में रौनक एवं जगह-जगह भंडारों का आयोजन होता है। इस दिन हनुमान जी की विशेष रूप से पूजा की जाती है। मान्यता है कि इसी माह में हनुमान जी की पहली मुलाकात भगवान राम से हुई थी।

मंदिर का पौराणिक उल्लेखः भगवान श्रीराम के कहने पर लक्ष्मण जी, माता सीता को अयोध्या से महर्षि वाल्मिकी के आश्रम लेकर जा रहे थे, रास्ते में लक्ष्मणपूरी नगरी पड़ी। लक्ष्मण टीले पर लक्ष्मण जी रुके, सीताजी ने यहीं विश्राम किया था। यहां रक्षा के लिए स्वयं बजरंगबली मौजूद रहे। तभी से इस जगह पर हनुमान रक्षक बनकर विराजमान हैं।

पुराना हनुमान मंदिर के मुख्य महंत गोपाल दास जी महाराज ने बताया कि लखनऊ में एक महामारी फैली थी, बड़ी संख्या में लोग उसकी चपेट में आने लगे। लोगों ने हनुमान जी से प्रार्थना की। महामारी खत्म हो गई। तभी से ज्येष्ठ महीने के मंगल को हनुमान जी का प्रसाद वितरण होने लगा।

लखनऊ नामा में भी मंदिर का जिक्रः डॉ. योगेश प्रवीण लखनऊ नामा में लिखते हैं कि गोमती के उस पार हनुमान के दो प्राचीन मंदिर हैं, जिस मंदिर को आज मुख्य मंदिर का महत्व दिया जाता है, वो इत्र व्यापारी लाला जाटमल ने 1783 ई. में बनाया था।

यह मंदिर महंत खासाराम के अनुरोध पर तैयार किया गया था। योगेश प्रवीण आगे लिखते हैं कि लखनऊ के अलीगंज में दूसरा हनुमान मंदिर है, जिसे सआदत अली खां की मां आलिया बेगम ने बनवाया था। आलिया रैकबार ठाकुर घराने की थीं।

बड़े मंगल के अवसर पर नवाब वाजिद अली शाह एक ब्रह्मभोज का आयोजन करते थे। बेगमों की तरफ से बंदरों को चना खिलाया जाता था। लगभग 400 वर्ष पहले प्रारंभ हुई यह धार्मिक परंपरा आज भी पूरी श्रद्धा भाव से लगातार हर वर्ष मनाई जाती है। शहर की हर सड़क, मोहल्ले और मुख्य चौराहों पर लगभग 300–400 से अधिक भंडारे आयोजित होते हैं। भक्तों की मान्यता है कि हनुमान जी संकट मोचन हैं। वे सभी के कष्ट हरते हैं।

राम भक्त श्री हनुमान जी की सबसे बड़ी सेवा प्यासे को पानी और भूखे को भोजन देना है। यही हमारा धर्म भी सिखाता है। बड़े मंगल पर स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल भंडारों का आयोजन करने में हम सभी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि धार्मिक परंपरा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचे।

Email:nusratfahad8@gmail.com

## सोशल फोरम

# पृथ्वीराज कपूर और शंकर

उन दिनों पृथ्वीराज कपूर शकुंतला नाम का अपना एक नाटक शुरू करने की तैयारी कर रहे थे। एक दिन एक लड़का उनसे मिला। पृथ्वीराज कपूर ने लड़के से पूछा कि तुम क्या करते हो? लड़के ने जवाब दिया कि मैं तबला बजा लेता हूं। हारमोनियम भी बजा लेता हूं। डांस भी कर लेता हूं और कभी-कभार नाटकों में इक्के-दुक्के डायलॉग्स भी स्टेज पर बोल चुका हूं। उन्होंने लड़के से दादर आने के लिए कहा। दादर में एक जगह थी, जहां अक्सर नाटकों रिहर्सलें चला करती थी।



रंजन शर्मा

रिटायर्ड ऑफिसर

वो लड़का दादर पहुंच गया। ये पूरा घटनाक्रम 1940 के आस-पास का है। पृथ्वीराज कपूर ने उस लड़के से कहा कि तबला बजाकर सुनाओ। लड़के ने तबला बजाया कि जिसने भी सुना वो सुनता रह गया। पृथ्वीराज कपूर ने एलान कर दिया कि अब से ये लड़का पृथ्वी थिएटर का अहम सदस्य होगा। उस लड़के का नाम था शंकर सिंह रघुवंशी। वही जो आगे चलकर शंकर-जयकिशन की ज़बरदस्त संगीतकार जोड़ी में से एक था।

शंकर जी की जयकिशन जी संग जोड़ी कैसे बनी थी। जयकिशन दयाभाई पांचाल गुजरात से मुंबई करियर बनाने के इरादे से आए थे। वो हारमोनियम के उस्ताद थे। जयकिशन जी ने एक फैक्ट्री में टाइम कीपर की नौकरी शुरू कर दी। फुर्सत के वक्त में वो संगीत जगत में नाम बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। एक दफा गुजराती फिल्मों के उस वक्त के नामी डायरेक्टर चंद्रवर्दन भट्ट के ऑफिस के बाहर जयकिशन जी शंकर जी से मिले। शंकर जी को पता चला कि जयकिशन हारमोनियम बहुत अच्छा बजाते हैं, तो शंकर जी ने उन्हें पृथ्वी थिएटर में बतौर हारमोनियम नवाज़ रखवा दिया। अब पृथ्वी थिएटर के सभी नाटकों में शंकर जी तबला बजाते थे और जयकिशन जी हारमोनियम बजाते थे।

राज कपूर ने शंकर जयकिशन को आग के म्यूज़िक डायरेक्टर राम गांगुली का सहयोगी बनने का ऑफर दिया। इन दोनों ने राम गांगुली के गाइडेंस में आग के म्यूज़िक पर काम किया। राज कपूर शंकर जी से बड़े प्रभावित हुए। राज कपूर ने अपनी नेक्स्ट फिल्म बरसात अनाउंस की तो उसमें म्यूज़िक कंपोज़ करने का काम उन्होंने शंकर जी को दिया। उन्होंने जयकिशन जी को भी अपने साथ जोड़ लिया। इस तरह से शंकर-जयकिशन की जोड़ी बनी।

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# शहरी विकास के बीच स्लम बस्ती की हकीकत

देश भर की स्लम बस्तियों की स्थिति पर नज़र डालें, तो यह समस्या केवल एक बस्ती तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में व्यापक रूप से फैली हुई है। भारत में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 6.55 करोड़ लोग स्लम बस्तियों में रहते थे, जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 5.41 प्रतिशत है। देश के दो हजार से अधिक शहरों और कस्बों में लगभग 1.39 करोड़ स्लम परिवार निवास करते हैं। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 तक भारत में लगभग 20.9 करोड़ लोग स्लम क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं। यह संख्या दर्शाती है कि शहरीकरण के साथ-साथ स्लम बस्तियों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। यह आंकड़ा इस बात का संकेत देता है कि देश में शहरी गरीबों की संख्या और उनकी समस्याएं गंभीर होती जा रही हैं।



निरमा कुमारी रैगर

एक्टिविस्ट

स्लम बस्तियों में सुविधाओं की कमी का मुख्य कारण तेजी से हो रहा शहरीकरण और ग्रामीण क्षेत्रों से रोजगार की तलाश में होने वाला पलायन है। शहरों में उद्योग, निर्माण कार्य और सेवा क्षेत्र में काम की तलाश में लोग आते हैं, लेकिन उनके लिए पर्याप्त सस्ते आवास उपलब्ध नहीं होते। परिणामस्वरूप वे शहर के किनारों पर अस्थाई बस्तियां बसाने को मजबूर हो जाते हैं। इन बस्तियों में रहने वाले लोग शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, फिर भी उन्हें आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पातीं।

ऐसी बस्तियों की स्थिति में सुधार के लिए कई ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे पहले, सरकार और स्थानीय प्रशासन को इन बस्तियों में स्वच्छ पेयजल की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रत्येक गली में पक्की नालियां और कचरा प्रबंधन की व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए, ताकि गंदगी और बीमारियों को रोका जा सके। सामुदायिक स्नानघर और शौचालयों का निर्माण भी अत्यंत आवश्यक है, जिससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही, बस्ती में आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए। इससे बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा और पौष्टिक आहार मिल सकेगा, साथ ही गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को आवश्यक पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

रोजगार के क्षेत्र में भी सुधार की आवश्यकता है। ऐसी बस्ती के लोगों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए, ताकि वे बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकें और उनकी आय में वृद्धि हो सके। इसके लिए स्वयं सहायता समूहों और लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। साथ ही शहरी आवास योजनाओं जैसे किफायती आवास कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए, ताकि स्लम बस्तियों के निवासियों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराया जा सके।

वास्तव में, किसी शहर का विकास तभी सार्थक माना जाएगा, जब उसमें रहने वाले और उसके विकास में योगदान देने वाले सभी नागरिकों को समान अवसर और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों, इसलिए आवश्यक है कि सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर इन बस्तियों के विकास के लिए ठोस और स्थायी कदम उठाएं, ताकि शहर का हर कोना विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। यदि ऐसी बस्तियों की समस्याओं को समय रहते दूर नहीं किया गया, तो यह न केवल सामाजिक असमानता को बढ़ाएगा, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं को भी गंभीर बना देगा।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

विश्व नृत्य दिवस आज

# नृत्य : मन के भावों का अभिनीत गीत



नृत्य मनुष्य के उल्लास का प्रत्यक्ष भावात्मक प्रदर्शन है। जब मन उल्लास से भर उठता है, तो शारीरिक चेष्टाएं उसकी अभिव्यक्ति नृत्य के रूप में करती हैं। इस प्रकार नृत्य मन के भावों का अभिनीत गीत है। यदि सूक्ष्मता से देखें तो प्रकृति का हर तत्व खुशी में नृत्य करता जान पड़ता है। बरसते पानी में महकती धरती पर सिर्फ मोर ही नहीं नाचते, पेड़ों की डालियां भी वर्षा की बूंदों के साथ झूमती नजर आती हैं। प्रकृति से इतर अपनी सभ्यता और संस्कृति के विकास क्रम में मनुष्य ने नृत्य की लय और गति को विभिन्न शैलियों में बांधकर नृत्य के अनेक प्रकारों को सृजित किया है। भारत में बहुल सांस्कृतिक विविधता में विभिन्न नृत्य शैलियां विकसित हुईं हैं। इन नृत्य शैलियों को शास्त्रीय नृत्य और लोक नृत्य की दो श्रेणियों में रख सकते हैं। यह दोनों ही शैलियां भारतीय संस्कृति, इतिहास और सामाजिक जीवन के जीवंत प्रतीक हैं।



डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री
निदेशक, रुहेलखंड शोध संस्थान, शाहजहांपुर

भारत में लोक नृत्य की परंपरा अत्यंत प्राचीन, विविधतापूर्ण और जीवंत रही है, जो देश की सांस्कृतिक बहुलता का सशक्त प्रतीक है। यह परंपरा विभिन्न क्षेत्रों, जातीय समूहों और सामाजिक समुदायों के जीवन से गहराई से जुड़ी हुई है। भारत के प्रत्येक प्रदेश- जैसे पंजाब, राजस्थान, गुजरात और असम की अपनी विशिष्ट लोकनृत्य शैलियां हैं, जो वहां की भौगोलिक, ऐतिहासिक और सामाजिक परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करती हैं। लोक नृत्यों का उद्भव मुख्यतः कृषि-आधारित समाज से हुआ, जहां फसल कटाई, वर्षा, विवाह और धार्मिक उत्सवों के अवसर पर सामूहिक रूप से नृत्य किया जाता था।

उदाहरण के लिए, पंजाब का भांगड़ा फसल की खुशी का प्रतीक है, जबकि गुजरात का गरबा देवी-उपासना से जुड़ा हुआ है। इन नृत्यों में स्थानीय लोकगीत, वाद्य यंत्र और पारंपरिक वेशभूषा का महत्वपूर्ण स्थान होता है। आधुनिक समय में भी लोक नृत्य अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए हैं और सांस्कृतिक उत्सवों व मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से इन्हें नया आयाम मिला है।



## कथक नृत्य

कथक भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपराओं में एक प्रमुख और विकसित शैली है, जिसकी ऐतिहासिक जड़ें प्राचीन कथावाचन परंपरा से जुड़ी हैं। 'कथक' शब्द 'कथा' से बना है और प्रारंभ में कथक वे कलाकार थे, जो मंदिरों और जनसभाओं में धार्मिक कथाएं प्रस्तुत करते थे। यह शैली उत्तर भारत, विशेषत: उत्तर प्रदेश में विकसित हुई तथा लखनऊ और जयपुर घरानों के माध्यम से समृद्ध हुई। इसके विकास को तीन चरणों में देखा जा सकता है- मंदिर परंपरा, दरबारी प्रभाव और आधुनिक मंचीय स्वरूप। भक्ति काल में इसमें कृष्ण लीलाओं का वर्णन प्रमुख रहा, जबकि मुगल काल में इसमें नजाकत, श्रृंगार और तकनीकी जटिलता का समावेश हुआ। कथक की विशेषता उसकी भाव-भंगिमा, 'अभिनय', तेज 'तत्कार' और घूमरदार 'चक्कर' हैं, जो इसे विशिष्ट बनाते हैं।



## लिल्ली घोड़ी

लिल्ली घोड़ी या कठ घोड़वा नृत्य उत्तर प्रदेश और बिहार के ग्रामीण अंचलों में प्रचलित एक पारंपरिक लोकनृत्य है। यह नृत्य विवाह, मेलों और उत्सवों में प्रस्तुत किया जाता है। ऐतिहासिक रूप से इसका संबंध वीरता और घुड़सवारी की परंपरा से है। नर्तक लकड़ी या बांस से बने कृत्रिम घोड़े को कमर में बांधकर रंग-बिरंगे वस्त्रों में नृत्य करते हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है मानो वे घोड़े पर सवार हों। यह नृत्य मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक संदेशों का भी माध्यम रहा है।



## कजरी

कजरी भारतीय लोकसंगीत की एक भावप्रधान शैली है, जिसका उद्गम उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर और वाराणसी क्षेत्र में माना जाता है। सावन-भादों की वर्षा ऋतु में गाए जाने वाले कजरी गीत विरह, प्रेम और प्रकृति के सौंदर्य को अभिव्यक्त करते हैं। जब इन गीतों के साथ नृत्य किया जाता है, तो यह एक संपूर्ण सांस्कृतिक अनुभव बन जाता है। स्त्रियां समूह में झूला झूलते हुए या आंगन में गोल घेरा बनाकर कजरी गाती और नृत्य करती हैं। यह शैली ग्रामीण जीवन की सहज अभिव्यक्ति है, जिसमें भाव और लय का सुंदर संतुलन दिखाई देता है।

## मयूर नृत्य



मयूर नृत्य भारतीय लोक और शास्त्रीय परंपराओं का एक मनोहारी रूप है, जो विशेष रूप से ब्रज क्षेत्र में प्रचलित है। इसका संबंध कृष्ण की लीलाओं और प्रकृति-प्रेम से जोड़ा जाता है। वर्षा ऋतु में मोर के नृत्य से प्रेरित होकर यह शैली विकसित हुई। कलाकार मोर के पंखों से सुसज्जित वेशभूषा पहनकर उसकी चाल और मुद्राओं का अनुकरण करते हैं। बांसुरी, ढोलक और मंजीरा जैसे वाद्य यंत्र इसकी लयात्मकता को और अधिक आकर्षक बनाते हैं।

## जोगिनी नृत्य

जोगिनी नृत्य उत्तराखंड और हिमालयी क्षेत्र की लोकसंस्कृति का एक आध्यात्मिक रूप है। यह देवी-उपासना और धार्मिक अनुष्ठानों से जुड़ा हुआ है। इस नृत्य में नर्तक भावावेश में आकर नृत्य करते हैं, जिससे दैवीय अनुभूति का संचार होता है। ढोल, दमाऊ और रणसिंघा जैसे वाद्य यंत्र इसकी ऊर्जा को बढ़ाते हैं। इस प्रकार भारत के लोक नृत्य न केवल मनोरंजन के साधन हैं, बल्कि वे देश की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक जीवन और ऐतिहासिक परंपराओं का सजीव प्रतिबिंब भी प्रस्तुत करते हैं।



## छपेली

छपेली नृत्य उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र का एक लोकप्रिय लोकनृत्य है, जो वसंत ऋतु और होली जैसे उत्सवों पर किया जाता है। इसमें स्त्री-पुरुष युगल के रूप में भाग लेते हैं और लोकगीतों की धुन पर संवादात्मक शैली में नृत्य करते हैं। इसमें श्रृंगार, हास्य और सामाजिक जीवन के विविध रंग दिखाई देते हैं। हुड़का और मंजीरा जैसे वाद्य यंत्र इसकी लय को सजीव बनाते हैं।

## पाय डंडा

पाय डंडा नृत्य उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में प्रचलित एक ऊर्जावान लोकनृत्य है। यह नृत्य मुख्यत: फसल कटाई, मेलों और धार्मिक अवसरों पर किया जाता है। इसमें डंडों का तालबद्ध टकराव वीरता और समन्वय का प्रतीक होता है। इसका संबंध प्राचीन युद्धाभ्यास और शारीरिक कौशल से भी जोड़ा जाता है।



## नौटंकी

नौटंकी उत्तर भारत की एक लोकप्रिय लोकनाट्य परंपरा है, जिसमें संगीत, गायन, संवाद और नृत्य का समन्वय होता है। इसका विकास विशेषत: उत्तर प्रदेश में हुआ। नौटंकी में नृत्य कथा-वाचन का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसमें कथक की छाप स्पष्ट दिखाई देती है, विशेषकर चक्कर और भाव-भंगिमा में। ढोलक, नगाड़ा और हारमोनियम की ताल पर कलाकार नृत्य करते हुए कथा को जीवंत बनाते हैं। नौटंकी में सम्मिलित नृत्य स्वरूप विविध लोक और शास्त्रीय शैलियों से प्रभावित होते हैं। इनमें कथक की छाप स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, विशेषकर उसकी घूमरदार चाल, चक्कर और भाव-भंगिमा में। इसके साथ ही लोकनृत्य की सरलता और सहजता भी इसमें समाहित रहती है, जिससे यह आम जनमानस के लिए अधिक ग्राह्य बन जाता है। नौटंकी के नृत्य में अभिनय (अभिनयात्मक नृत्य) का विशेष स्थान होता है। कलाकार गीतों और संवादों के बीच नृत्य करते हुए कथा के भावों को अभिव्यक्त करते हैं। स्त्री पात्रों की भूमिका, चाहे पुरुष कलाकार निभाएं या स्त्रियां, उसमें लयात्मकता और नज़ाकत का समावेश होता है। नृत्य की गतियां अधिक जटिल न होकर दर्शकों के साथ संवाद स्थापित करने वाली होती हैं।

आर्ट गैलरी

# सहयोग और जीवन की यात्रा दर्शाती पेंटिंग



यह पेंटिंग आधुनिक शैली की एक प्रभावशाली रचना है, जिसमें मानव जीवन, श्रम और सामाजिक संबंधों को प्रतीकात्मक रूप में दर्शाया गया है। चित्र में कई मानव आकृतियां दिखाई देती हैं, जिन्हें ज्यामितीय आकृतियों जैसे वृत्त, त्रिभुज और आयत के माध्यम से उकेरा गया है। यह शैली चित्र को अमूर्तता प्रदान करती है और दर्शक को गहराई से सोचने के लिए प्रेरित करती है। चित्र के केंद्र में कुछ महिलाएं और पुरुष दिखाई देते हैं, जो अपने-अपने कार्यों में लगे हुए हैं। किसी के हाथ में घड़ा है, तो कोई सहारा देता हुआ प्रतीत होता है। यह सामूहिकता और सहयोग की भावना को दर्शाता है।

आकृतियों के झुके हुए चेहरे और सरल भाव जीवन की गंभीरता, संघर्ष और संवेदनशीलता को व्यक्त करते हैं। रंगों का प्रयोग भी बहुत सूक्ष्म और संतुलित है। हल्के नीले, हरे, भूरे और पीले रंगों का संयोजन शांति और स्थिरता का वातावरण बनाता है। पृष्ठभूमि का हरा रंग प्रकृति और जीवन का प्रतीक है, जबकि धूसर रंग मानव जीवन की कठिनाइयों को दर्शाता है। चित्र में रेखाओं और आकृतियों का संतुलन यह दर्शाता है कि कलाकार ने केवल दृश्य नहीं, बल्कि भावनाओं को भी उकेरने का प्रयास किया है। यह पेंटिंग केवल एक दृश्य प्रस्तुत नहीं करती, बल्कि समाज में परस्पर निर्भरता, सहानुभूति और एकता का संदेश देती है। समग्र रूप से यह पेंटिंग दर्शाती है कि जीवन में संघर्ष और कठिनाइयों के बावजूद, मनुष्य आपसी सहयोग और समझ के माध्यम से आगे बढ़ता है। कलाकार ने अपनी अनूठी शैली के माध्यम से साधारण जीवन को असाधारण अर्थ प्रदान किया है, जो इस कृति को विशेष बनाता है।

### नीरज के बारें में



नीरज गोस्वामी भारत के एक प्रसिद्ध समकालीन चित्रकार और मूर्तिकार हैं, जिन्होंने अपनी अनूठी कला शैली से विशेष पहचान बनाई है। वे विशेष रूप से तेल रंगों के कुशल प्रयोग के लिए जाने जाते हैं, जिनसे उनकी पेंटिंग्स में अद्भुत चमक और जीवंतता दिखाई देती है। उनकी कलाकृतियों में आधुनिकता और भावनात्मक गहराई का सुंदर समन्वय मिलता है। नीरज गोस्वामी की रचनाएं दर्शकों को आकर्षित करने के साथ-साथ विचार करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने भारतीय कला जगत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और अपनी सृजनशीलता के माध्यम से कला को नई दिशा प्रदान की है। वे सेलेडॉन पोर्सिलेन और ओनिक्स स्टायरेशन के रंगों का उपयोग करते हैं, जिससे उनके कैनवस में एक सौम्य चमक और अद्वितीय रंग संयोजन समाहित हो जाता है। नीरज की पेंटिंग्स कीमती पत्थरों से मिलती-जुलती होने के लिए जानी जाती हैं, जिनमें एक ऐसी पारदर्शिता दिखाई देती है, जो कला जगत में शायद ही कभी देखने को मिलती है। वे अपनी कलाकृतियों में एक उल्लेखनीय दीप्ति प्राप्त करते हैं, जिससे वे एक विशिष्ट और चमकदार गुणवत्ता के साथ अलग दिखती हैं। तेल रंगों पर अपनी महारत और रंगों के अनूठे संयोजन के माध्यम से, नीरज गोस्वामी पारंपरिक सीमाओं को पार करते हुए ऐसी कलाकृतियां बनाते हैं, जो अपनी चमक और दीप्ति से मंत्रमुग्ध कर देती हैं।

अनोखी परंपरा

# नेपाल के न्यिनबा समुदाय में आज भी प्रचलित है 'पांचाली' प्रथा

हिमालय की ऊंची वादियों में स्थित नेपाल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ कुछ अनोखी और कम ज्ञात परंपराओं के लिए भी पहचाना जाता है। इन्हीं में से एक है 'पांचाली' प्रथा, जिसे भ्रातृ बहुपतित्व कहा जाता है। यह परंपरा महाभारत की द्रौपदी की कथा की याद दिलाती है और आज भी नेपाल के सुदूर हुमला जिले में रहने वाले न्यिनबा समुदाय के बीच प्रचलित है। इस प्रथा के अनुसार, एक ही महिला का विवाह परिवार के सभी भाइयों से कराया जाता है। आधुनिक समाज में यह व्यवस्था असामान्य लग सकती है, लेकिन इसके पीछे गहरे सामाजिक और आर्थिक कारण निहित हैं।

हुमला जिले के दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में बसे न्यिनबा लोग अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन करते हैं। समुद्र तल से ऊंचाई पर स्थित इन गांवों में खेती सीमित है और संसाधन बहुत कम हैं। ऐसे में परिवार की जमीन का बंटवारा उनके लिए बड़ी समस्या बन सकता है। यदि प्रत्येक भाई अलग विवाह करे, तो जमीन छोटे-छोटे हिस्सों में बंट जाएगी, जिससे उत्पादन घटेगा और आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। इस समस्या से बचने के लिए सभी भाइयों की शादी एक ही महिला से कर दी जाती है, जिससे संपत्ति संयुक्त रहती है और परिवार आर्थिक रूप से स्थिर बना रहता है।

इस व्यवस्था में विवाह सामान्यतः बड़े भाई से होता है, जो परिवार का मुखिया भी होता है। विवाह के बाद महिला सभी भाइयों की पत्नी मानी जाती है और परिवार सामूहिक रूप से जीवन जीता है। घर और आजीविका से जुड़े निर्णय बड़े भाई द्वारा लिए जाते हैं, जबकि अन्य सदस्य भी समान रूप से जिम्मेदारियां निभाते हैं। बच्चों को किसी एक पिता से नहीं जोड़ा जाता, बल्कि पूरे परिवार की संतान माना जाता है, जिससे पारिवारिक विवाद की संभावना कम हो जाती है। न्यिनबा समुदाय में महिलाएं घर और खेतों का कार्य संभालती हैं, जबकि पुरुष पशुपालन और व्यापार में लगे रहते हैं। जौ, बाजरा और आलू की खेती तथा नमक और ऊन का व्यापार उनकी आजीविका के मुख्य साधन हैं। हालांकि नेपाल सरकार ने 1963 में इस प्रथा पर कानूनी प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन दूरस्थ क्षेत्रों में इसका प्रभाव सीमित रहा है। 1980 के दशक में मानवशास्त्री नैन्सी लेविन ने इस परंपरा का अध्ययन करते हुए इसे केवल सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में जीवित रहने की रणनीति बताया। आज भी यह प्रथा वहां के लोगों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनी हुई है।



# बज्जिकांचल की बसेरी कला और कंचन प्रकाश

मानव की प्रारंभिक अभिव्यक्तियों में चित्रांकन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रागैतिहासिक शैलाश्रय चित्र इस बात के सशक्त प्रमाण हैं कि मनुष्य ने अपनी अनुभूतियों, शिकार-जीवन और प्रतीकों को दृश्य रूप में अंकित किया। भाषा, संकेत और मौखिक परंपराओं के समानांतर विकसित होते हुए भी चित्रकला ने सामाजिक-सांस्कृतिक स्मृति के निर्माण में विशिष्ट योगदान दिया। यही परंपरा गुफा-चित्रों से आगे बढ़ते हुए विभिन्न सभ्यताओं में विकसित हुई और आज भी लोकजीवन में जीवित है। भारत के अनेक अंचलों की लोक चित्रकलाएं समकालीन कला परिदृश्य में अपनी सशक्त उपस्थिति बनाए हुए हैं। आधुनिकता के विस्तार के बावजूद लोकचित्रों की प्रतीकात्मकता और सामुदायिक ऊर्जा आज भी आकर्षण का केंद्र है।

इसी सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित करती प्रदर्शनी 'बज्जिका आर्टः कंचन प्रकाश और संजू देवी के बीच एक संवाद' का उद्घाटन 11 फरवरी 2026 को दिल्ली स्थित चंपा ट्री आर्ट गैलरी में हुआ। यह पहल आईसीसीआर, म्यूजियम ऑफ सेक्रेड आर्ट (MOSA) और गैलरी के संयुक्त सहयोग से आयोजित की गई। चित्रकार कंचन प्रकाश और सुजनी कढ़ाई कलाकार संजू कुमारी को साथ प्रस्तुत करते हुए यह प्रदर्शनी रंग और धागे के बीच संवाद रचती है। कथात्मक कढ़ाई और समानांतर चित्रित रूपों के माध्यम से यह आयोजन स्त्री सृजनशीलता और बज्जिका अंचल की जीवित परंपराओं को सामने लाता है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक



बज्जिकांचल की जिस बसेरी (या बंसेरी/देव-सिंगार) लोककला को यहां प्रमुखता दी गई, वह मिथिला या मंजूषा की तरह व्यापक पहचान नहीं पा सकी है। बज्जिका के विद्वान उदय नारायण सिंह के अनुसार बसेरी कला कभी इस अंचल की सांस्कृतिक पहचान थी, जो आधुनिकता की चकाचौंध में धूमिल पड़ रही है। फिर भी कुछ कला अनुरागी इसे जीवित रखे हुए हैं। इस परंपरा को संजोने में चुल्हिया देवी, वासमती देवी, इंदिरा देवी और कृति देवी जैसी महिला कलाकारों का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

बसेरी कला मूलतः विवाह-परंपराओं से जुड़ी भित्ति-चित्रकला है। बज्जिकांचल, जिसमें बिहार के मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर और वैशाली जिले शामिल हैं, में यह विश्वास है कि विवाह के समय बांस-पूजन से वंश-वृद्धि और समृद्धि होती है। विवाह से पूर्व 'मटकोर' नामक रस्म के अवसर पर घर की बाहरी दीवारों को गोबर-मिट्टी से लीपकर उन पर बांस, पशु-पक्षी, फूल-पत्तियों और मंगल प्रतीकों का अंकन किया जाता है। कुछ स्थानों पर इस कार्य में नाई जाति की स्त्रियों की भी सहभागिता होती है।





मटकोर बिहार के ग्रामीण हिंदू विवाह संस्कारों की एक प्राचीन रस्म है। विवाह से एक-दो दिन पूर्व महिलाएं तालाब या खेत से मंगलगीत गाते हुए शुद्ध मिट्टी लाती हैं, जिससे मंडप (मड़वा) की वेदी तैयार की जाती है। यह मिट्टी धरती माता के आशीर्वाद, उर्वरता और नवजीवन का प्रतीक मानी जाती है। इसी क्रम में बांस के झुरमुट पर जाकर उसकी पूजा की जाती है। रोली, हल्दी, अक्षत और दीप अर्पित कर बांस देवता से अनुमति ली जाती है, तभी चयनित बांस काटा जाता है। बांस स्थायित्व, लचक और वंश वृद्धि का प्रतीक है।

बसेरी चित्र इन्हीं सांस्कृतिक मान्यताओं से प्रेरित होते हैं। दीवारों पर लंबवत बांस-आकृतियां, पत्तियां, चिड़ियां, लताएं और कभी-कभी सूर्य या कलश जैसे प्रतीक अंकित किए जाते हैं। रंगों में गेरुआ, हरा, पीला और नीला प्रमुख होते हैं। रेखांकन सरल, सजावटी और प्रतीकात्मक होता है। यह स्त्रियों की सामूहिक सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है, जो विवाह को प्रकृति और समुदाय से जोड़ती है।

राज्य पुरस्कार और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की सीनियर फेलोशिप से सम्मानित कंचन प्रकाश ने इस दीवार-कला को कागज और कैनवास पर रूपांतरित कर नई पहचान दी है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कला संकाय से शिक्षित कंचन आधुनिक और समकालीन कला-भाषा से परिचित होते हुए भी अपने अंचल की परंपरा को संरक्षित और संवर्धित करने में सक्रिय हैं। उनके प्रयासों से यह विलुप्तप्राय कला राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मंचों तक पहुंच रही है।

वस्तुतः बसेरी कला केवल एक लोकचित्र परंपरा नहीं, बल्कि प्रकृति-सम्मान, स्त्री-सृजन और सामुदायिक एकता का जीवंत सांस्कृतिक दस्तावेज है। इसके संरक्षण और संवर्धन के प्रयास निरंतर जारी रहें, यही अपेक्षा है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,886.91 | 23,995.70 |
| गिरावट | 416.72 | 97.00 |
| प्रतिशत में | 0.54 | 0.40 |

सोना 1,54,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,44,000 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, बुधवार, 29 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बिजनेस ब्रीफ

### इन्फोसिस, एक्सेंचर भारत में करियर के लिए शीर्ष कंपनियां

**नयी दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस भारत में करियर विकास के लिए शीर्ष कंपनी बनकर उभरी है। इसके बाद एक्सेंचर और अमेजन का स्थान है। यह जानकारी मंगलवार को जारी लिंक्डइन की '2026 शीर्ष कंपनियां' सूची में दी गई है। वार्षिक सूची का यह 10वां संस्करण है, जिसमें 25 बड़ी कंपनियों को शामिल किया गया है। इस सूची में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों, वैश्विक सलाहकार फर्मों और वित्तीय दिग्गजों का दबदबा है। जेपी मॉर्गन चेस और एसएपी ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया है। वर्ष 2026 की इस सूची में दस नई कंपनियों ने प्रवेश किया है।

### मदर डेयरी की 30 नये उत्पादों की घोषणा

**नयी दिल्ली।** मदर डेयरी ने इस बार गर्मी के सीजन में 30 से अधिक नये उत्पाद बाजार में उतारने की मंगलवार को घोषणा की और कहा कि इससे उसके प्रमुख श्रेणियों में कारोबार 30 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इन मूल्य-वर्द्धित उत्पादों को पूरे सीजन के दौरान चरणबद्ध तरीके से बाजार में उतारा जायेगा। इंडल्जेंस, सेहत, सुविधा और क्षेत्रीय पसंद जैसे प्रमुख पहलुओं पर आधारित ये उत्पाद हर उम्र के उपभोक्ताओं और बदलती जीवनशैली के लिए विविध और आकर्षक विकल्प पेश करते हैं। आइसक्रीम सेगमेंट में ब्रांड लगभग 20 नये उत्पाद ला रहा है।

### विशाखापत्तनम में गूगल डेटा सेंटर का शिलान्यास

**तारलुवाड़ा (आंध्र प्रदेश)।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की बढ़ती डिजिटल क्षमता का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कहा कि 15 अरब डॉलर के आगामी गूगल एआई डेटा सेंटर के साथ विशाखापत्तनम कृत्रिम मेधा (एआई) केंद्र के रूप में उभरेगा। विशाखापत्तनम के तारलुवाड़ा में 'गूगल क्लाउड इंडिया एआई डेटा सेंटर' के शिलान्यास समारोह में उन्होंने कहा कि यह पहल भारत के एआई आधारित डिजिटल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह परियोजना अदाणी कॉनेक्स और एयरटेल नेक्सट्रा के साथ साझेदारी में विकसित की जा रही है।

### मारुति सुजुकी का शुद्ध लाभ 6.45 प्रतिशत घटा

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 6.45 प्रतिशत घटकर 3,659 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में उसे 3,911.1 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार यह सूचना दी।

# कच्चे तेल में उछाल से सहमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 417 अंक फिसला

## बैंक, वित्तीय एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में गिरावट से भी नुकसान में रहे सूचकांक

**मुंबई, एजेंसी**

कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज उछाल और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव में मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 417 अंकों के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 97 अंक गिरकर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि मुख्य रूप से बैंक, वित्तीय एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट से मानक सूचकांक नुकसान में रहे।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 416.72 अंक यानी 0.54 प्रतिशत गिरकर 76,886.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 562.57 अंक तक लुढ़ककर 76,741.06 तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 97 अंक यानी 0.40 प्रतिशत गिरकर 23,995.70 अंक पर बंद हुआ।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितता के जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया और निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। इसके अलावा नियामकीय प्रावधानों के कारण बैंकों के शेयर भी दबाव में रहे।

बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,257 कंपनियों के शेयर गिरकर बंद हुए जबकि 1,998 कंपनियों में तेजी रही और 172 अन्य अपरिवर्तित रहे।

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला जबकि अमेरिकी बाजार सोमवार को स्थिर बंद हुए थे। इससे पहले, सोमवार को सेंसेक्स 639.42 अंक चढ़कर 77,303.63 और निफ्टी 194.75 अंक बढ़कर 24,092.70 पर बंद हुआ था।




**ब्रेंट क्रूड 2.97 % उछलकर 111.4 डॉलर प्रति बैरल**

**नुकसान में रहे शेयर :-** एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, इंटरग्लोब एविएशन, मारुति सुजुकी, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

**बढ़त के साथ बंद हुए :-** रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और सन फार्मा।

### मिडकैप में 0.27 प्रतिशत की गिरावट

बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.42 प्रतिशत की बढ़त पर रहा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 0.27% की गिरावट में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक खंड में सर्वाधिक 2.20 प्रतिशत की सुस्ती रही जबकि बैंकेक्स 1.61 प्रतिशत गिर गया। निजी बैंकों के खंड में 1.23 प्रतिशत और वाहन खंड में 0.98 प्रतिशत की गिरावट रही।

- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड करीब 2.97 प्रतिशत उछलकर 111.4 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,151.48 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की।

### एक्सपर्ट्स की राय

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि आरबीआई ने बैंकों के लिए 'प्रत्याशित ऋण ह्रास' (ईसीएल) ढांचे को अप्रैल 2027 से लागू करने को अंतिम रूप दे दिया है। इस बदलाव के कारण निकट अवधि में बैंकों की वित्तीय प्रावधान की जरूरत बढ़ सकती है।

एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों का 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाना, रुपये का 94.5 के ऊपर चले जाना और एफआईआई की लगातार निकासी से भारतीय बाजार पर दबाव बना हुआ है।

**कैपिटल सब्सिडी और एसजीएसटी रिइम्बर्समेंट से निवेश लागत में बड़ी राहत**

# गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे उद्योग लगाने पर खर्च होगा कम

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**




**अमृत विचार:** औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के तहत गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित हो रहे इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स (आईएमएलसी) में निवेश करने वाले उद्योगों को एलिजिबल कैपिटल इनवेस्टमेंट (ईसीआई) पर 42% तक कैपिटल सब्सिडी और 100% नेट एसजीएसटी रिइम्बर्समेंट (ईसीआई के 300% तक) की सुविधा से निवेश लागत में बड़ी राहत दे रही है। आईएमएलसी अब देश के प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में उभर रहे हैं।

सरकार द्वारा दी जा रही बहुस्तरीय सब्सिडी, टैक्स छूट और आसान प्रक्रियाओं ने इसे निवेशकों के लिए 'हाई-इंसेंटिव कॉरिडोर' बना दिया है। सरकार ने विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रावधान किए हैं। सरकारी भूमि पर 80% तक फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी और 35% तक कैपिटल सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है।

इसके अलावा, आईएमएलसी में स्थापित इकाइयों को भूमि पंजीकरण पर 100% स्टाम्प ड्यूटी छूट मिलती है, जिससे उद्योग स्थापना आसान और किफायती हो जाती है। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए ऊर्जा और नवाचार पर विशेष जोर दिया गया है।

एफडीआई और फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनियों को 5 वर्षों तक 100% बिजली शुल्क (इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी) में छूट दी जा रही है। ग्रीन इंडस्ट्री को प्रोत्साहित करने के लिए 50% तक (अधिकतम 2.5 करोड़) का इंसेंटिव दिया जा रहा है, जबकि रिसर्च एवं डेवलपमेंट के लिए 10 करोड़ तक का अनुदान उपलब्ध है।

### 'निवेश मित्र' से आसान और पारदर्शी प्रक्रिया

निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए निवेश मित्र सिंगल विंडो पोर्टल को सशक्त किया गया है। इस प्लेटफॉर्म पर 500 से अधिक सेवाएं उपलब्ध हैं, जिनमें भूमि आवंटन, स्वीकृति और इंसेंटिव ट्रैकिंग शामिल है। इससे निवेशकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और समय की बचत होती है।

- एफडीआई, भूमि और स्टाम्प ड्यूटी में विशेष रियायतें, पावर, ग्रीन और आरएंडडी इंसेंटिव से इंडस्ट्री को बढ़ावा

### बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा

आईएमएलसी में स्थापित उद्योगों को केंद्र सरकार की पीएलआई योजना के साथ 30% तक अतिरिक्त टॉप-अप दिया जा रहा है। इससे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलती है और बड़े निवेश आकर्षित होते हैं। सरकार का लक्ष्य है कि गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित ये औद्योगिक क्लस्टर न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# निर्यात होगा 25 लाख टन गेहूं, अधिसूचना जारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीएफटी ने 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति देने के सरकार के फैसले को अधिसूचित कर दिया है। केंद्र ने 20 अप्रैल को एक और अच्छी फसल की संभावना के बीच भंडार की आरामदायक स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति दी थी।

इसके साथ ही अब कुल 50 लाख टन गेहूं और 10 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की अनुमति मिल गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि गेहूं की निर्यात नीति प्रतिबंधित बनी रहेगी। हालांकि, अतिरिक्त 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति है।

इसमें कहा गया कि इसके लिए विस्तृत तौर-तरीकों को एक अलग आदेश के माध्यम से अधिसूचित किया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया कि इसके अलावा 13 मई, 2022 की डीजीएफटी की अधिसूचना में उल्लेखित मौजूदा नीतिगत स्थिति लागू रहेगी, जिसमें भारत सरकार द्वारा अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दी गई अनुमति और उनकी सरकारों के अनुरोध के आधार पर भी निर्यात की अनुमति दी जाएगी। यह मात्रा उक्त 25 लाख टन गेहूं निर्यात की अनुमति के अतिरिक्त होगी। कृषि मंत्रालय के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के लिए देश का गेहूं उत्पादन 12.02 करोड़ टन रहने का अनुमान है।



- फसली वर्ष 2025-26 में देश में गेहूं का उत्पादन 12 करोड़ टन रहने का अनुमान

### रुपया 53 पैसे टूटकर 94.68 प्रति डॉलर पर

**मुंबई,एजेंसी।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 53 पैसे टूटकर 94.68 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण निवेशकों का भरोसा कम होने से रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा है कि चालू खाते के घाटे (सीएडी) में संभावित वृद्धि और अस्थिर पूंजी प्रवाह के कारण भी रुपये में तेज गिरावट आई है।

इसके अलावा, विदेशी निवेशकों द्वारा निंरतर निकासी से रुपये पर दबाव पड़ा है। इस साल अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 19 अरब डॉलर से अधिक की निकासी की है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.35 पर खुला और कारोबार के अंत में यह 94.68 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 53 पैसे की गिरावट है।

# एटीएफ कीमतों पर जल्द राहत दे सरकार

**मुंबई, एजेंसी**

देश की प्रमुख विमानन कंपनियों ने एटीएफ कीमतों की वजह से विमानन उद्योग के 'अत्यधिक दबाव' में होने का जिक्र करते हुए कहा है कि तत्काल राहत नहीं दिए जाने पर संचालन ठप होने की भी स्थिति बन सकती है।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने नागर विमानन मंत्रालय को पत्र लिखकर विमानन ईंधन (एटीएफ) की कीमतों, करों में राहत और घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए समान मूल्य निर्धारण व्यवस्था की बहाली की मांग की है।

एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट की भागीदारी वाले इस संगठन ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है, जबकि कई क्षेत्रों में हवाई क्षेत्र पाबंदियों ने परिचालन लागत और बढ़ा दी है। विमानन कंपनियों के कुल परिचालन खर्च का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा एटीएफ का ही होता है। एफआईए ने 26 अप्रैल को लिखे पत्र में कहा कि किसी भी प्रकार के तदर्थ मूल्य निर्धारण (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय के बीच) या एटीएफ की कीमतों में अनुचित वृद्धि से एयरलाइंस को भारी नुकसान होगा और विमान खड़ा करने की नौबत आ सकती है, जिससे उड़ानें रद्द करनी पड़ेंगी।

एयरलाइंस ने एटीएफ पर 11 प्रतिशत उत्पाद शुल्क को अस्थायी रूप से स्थगित करने की भी मांग की है। उनका कहना है कि ईंधन की बढ़ी कीमतों और रुपये में गिरावट के कारण लागत और अधिक बढ़ गई है। एयरलाइंस संगठन के मुताबिक, सरकार ने पिछले महीने घरेलू उड़ानों के लिए एटीएफ कीमतों में बढ़ोतरी को 15 रुपये प्रति लीटर तक सीमित किया था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए कीमतों में 73 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हो गई। इससे वैश्विक उड़ानों पर गंभीर असर पड़ा है और अप्रैल में भारी नुकसान हुआ है।

एयरलाइंस ने चेतावनी दी है कि मौजूदा मूल्य ढांचा यदि जारी रहा तो घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों का संचालन असंभव हो जाएगा और उद्योग गंभीर संकट में पहुंच सकता है।



- एयरलाइन संगठन ने पत्र लिखकर सरकार से की मांग

### विस चुनाव बाद नहीं बढ़ेंगी पेट्रोल, डीजल की कीमतें : सरकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि सरकार की पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में मतदान समाप्त होने के बाद कीमतों में बढ़ोतरी की अटकलों को खारिज किया। पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में रिकॉर्ड चौथे साल भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण पिछले दो महीनों में कच्चा तेल 50 प्रतिशत से अधिक महंगा हो गया है। लागत और बिक्री मूल्य के बीच बढ़ते अंतर के कारण सरकारी तेल कंपनियों को भारी नुकसान हो रहा है। कुछ अनुमानों के अनुसार यह दैनिक नुकसान लगभग 2,400 करोड़ रुपये है। इसी कारण अटकलें लगाई जा रही थीं कि असम, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव बुधवार को संपन्न होने के बाद कीमतों में तत्काल बढ़ोतरी हो सकती है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# निर्वाचन आयोग ने एनआईए से कहा देसी बमों का उपयोग रोका जाए

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि शरारती तत्व मतदान में बाधा डालने और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने के लिए बमों का इस्तेमाल न कर पाएं।

आयोग के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह निर्देश चुनावी राज्य में देसी बमों की बरामदगी और एक हल्के विस्फोट की रिपोर्ट के बाद आया है। राज्य में पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को हुआ था, जबकि दूसरे एवं अंतिम चरण का मतदान बुधवार को होगा।

अधिकारियों ने कहा कि आयोग पश्चिम बंगाल में मतदान के दिन या चुनाव के बाद की हिंसा को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहा है। निर्वाचन आयोग का यह निर्देश तब आया जब पुलिस ने 26 अप्रैल को दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ में एक व्यक्ति के घर से बड़ी संख्या में देसी बम बरामद किए, जो बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का कथित कार्यकर्ता है। यह घटना राज्य में विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण से कुछ दिन पहले हुई।

बाद में केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर एनआईए ने राज्य में 79 देसी बमों की बरामदगी की जांच के लिए एक मामला दर्ज किया।

एनआईए के प्रवक्ता ने बीते रविवार को कहा था कि आतंकवाद रोधी एजेंसी ने आज एक मामला दर्ज किया, जो मूल रूप से शनिवार को कोलकाता के भांगड़ संभाग के उत्तर काशी पुलिस थाना में दर्ज किया गया था, और जांच शुरू कर दी है।



कोलकाता के भवानीपुर में 29 अप्रैल को होने वाल मतदान से पूर्व केंद्रीय सुरक्षा बलों की उच्च स्तरीय गश्त जारी है। ● अमृत विचार

# न्यायाधिकरण से मंजूरी प्राप्त 1,468 मतदाता बंगाल चुनाव के दूसरे चरण में कर सकेंगे मतदान : अधिकारी

**कोलकाता, एजेंसी**

एसआईआर से जुड़े न्यायाधिकरण के आदेशों के बाद पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में कुल 1,468 लोगों का नाम जोड़ा गया है, जो 29 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग के अनुसार, जिन मतदाताओं के नाम पूरक मतदाता सूची में हैं, वे आयोग की वेबसाइट पर अपना मतदाता पहचान पत्र क्रमांक दर्ज करके अपने विवरण की जांच कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं की अपीलों का निपटारा अपीलीय न्यायाधिकरणों द्वारा 27 अप्रैल तक कर दिया गया था, उन्हें एक पूरक मतदाता सूची में शामिल किया गया है, और वे दूसरे चरण में मतदान कर सकेंगे। दूसरे चरण में मतदान पश्चिम बंगाल के सात जिलों में फैले 142 निर्वाचन क्षेत्रों में होगा।

### ... चलें बूथ की ओर



पश्चिम बंगाल : अंतिम चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हो गयीं। हावड़ा के बागनान स्थित डीसीआरसी केंद्र से ईवीएम-चुनाव सामग्री लेकर निकलतीं मतदान कर्मी। ● फोटो : शुभंकर चक्रवर्ती

# आम जनता बनाम ममता की लड़ाई बन गया है पश्चिम बंगाल चुनाव : समिक भट्टाचार्या

**कोलकाता, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्या ने तृणमूल कांग्रेस को 'जीवित अवशेष' मात्र बताते हुए कहा है कि यह चुनाव 'आम जनता बनाम ममता' की लड़ाई बन चुका है। पश्चिम बंगाल चुनाव के पहले चरण में हुए भारी मतदान को अभूतपूर्व बताते हुए श्री भट्टाचार्या ने कहा कि 93.19 प्रतिशत मतदान इस बात का साफ इशारा है कि ममता बनर्जी अब सत्ता से जा रही हैं। श्री भट्टाचार्या ने बातचीत में कहा कि ममता बनर्जी की विदाई तय है। इतनी बड़ी संख्या में हुआ मतदान सत्ता विरोधी लहर को दिखाता है। यही माहौल चुनाव के दूसरे चरण में भी बना रहेगा। हमें भरोसा है कि हम बंगाल में बड़ी जीत हासिल करेंगे और चार मई को सरकार बनाएंगे। पश्चिम बंगाल में दो चरणों के विधानसभा चुनाव के तहत पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को हुआ था और दूसरे चरण की वोटिंग बुधवार को होगी और नतीजों की घोषणा चार मई को की जाएगी। घुसपैठियों पर उन्होंने कहा कि राज्य के कई सीमावर्ती जिलों की आबादी और संरचना में अब तक बहुत बड़ा बदलाव आ चुका है। पश्चिम बंगाल की बांग्लादेश के साथ लगभग 2,216 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है, जो किसी भी भारतीय राज्य की सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय थल और नदी सीमा है। श्री भट्टाचार्या ने आरोप लगाया कि बंगाल के सीमावर्ती जिलों की पूरी जनसांख्यिकी बदल गई है। इसमें कोई शक नहीं है कि तृणमूल ने सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दिया और देश की सुरक्षा को खतरे में डाला है।

# उपद्रवियों पर कार्रवाई को लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ याचिका दायर

**कोलकाता, एजेंसी**

- तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने का लगाया आरोप

कलकत्ता उच्च न्यायालय में मंगलवार को एक याचिका दायर की गई, जिसमें आरोप लगाया गया है कि निर्वाचन आयोग पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई के सिलसिले में उसकी तरफ से जारी आदेश पर अमल नहीं कर रहा है।

उच्च न्यायालय ने 22 अप्रैल को आयोग की ओर से नियुक्त पुलिस पर्यवेक्षक के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें कुछ नागरिकों को उपद्रवी करार दिया गया था और संबंधित अधिकारियों को उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था।

तृणमूल कांग्रेस के सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष दायर याचिका में दावा किया कि आयोग ने लगभग 350 लोगों की एक नयी सूची तैयार की है, जिनके खिलाफ कार्रवाई की जानी है। इस खंडपीठ में न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन भी शामिल हैं। याचिका में बनर्जी ने आरोप लगाया कि उच्च न्यायालय ने आदेश के कार्यान्वयन पर 30 जून तक रोक लगा दी थी, लेकिन निर्वाचन आयोग इसका पालन नहीं कर रहा है। खंडपीठ ने बनर्जी के मुवक्किल को उनकी तरफ से मौखिक रूप से किए गए अनुरोध पर अवमानना याचिका दायर करने की अनुमति दे दी।

हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया था कि यह आदेश नागरिक/पुलिस अधिकारियों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 या किसी अन्य दंड संहिता के तहत अपराध करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोकेगा।

# वह 'सिंघम' हैं, तो मैं 'पुष्पा' हूं: तृणमूल नेता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले की फाल्टा विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जहांगीर खान ने निर्वाचन आयोग की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के उत्तर प्रदेश कैडर के अधिकारी अजय पाल शर्मा के क्षेत्र का दौरा करने पर मंगलवार को आपत्ति जताई। खान ने कहा कि अगर शर्मा सिंघम हैं, तो वह पुष्पा हैं और पार्टी कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने शर्मा पर पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए 29 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए फाल्टा में उनके खिलाफ प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि शर्मा को तृणमूल समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ा।

अमृत विचार

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पहले चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार के चयन मंडल में भारतवंशी

**लंदन।** पहले चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार 2027 के चयन मंडल की मंगलवार को घोषणा की गई, जिसमें उत्तरी लंदन में बच्चों की किताब दुकान चलाने वाली एक भारतवंशी विक्रेता को भी शामिल किया गया है। मसवेल हिल स्थित पुरस्कृत ''बच्चों की किताब दुकान'' की मालिक संचिता बसु डे सरकार लेखक फ्रैंक कॉटरेल-बॉयस और अभिनेत्री लॉली एडेफोपे के साथ मिलकर आठ से बारह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए समकालीन सर्वश्रेष्ठ कथा साहित्य का चयन करेंगी। वार्षिक बुकर पुरस्कार की तरह ही बच्चों के लिए इस साहित्यिक पुरस्कार के विजेता को 50,000 पाउंड की राशि दी जाएगी और अंतिम सूची में चयनित लेखकों को 2,500 पाउंड मिलेंगे।

### एस-400 मिसाइल प्रणाली की चौथी इकाई अगले महीने मिलेगी

**नई दिल्ली।** भारत को सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली की चौथी इकाई रूस से अगले महीने के पहले हिस्से में प्राप्त होने की उम्मीद है। इससे भारतीय वायुसेना के वायु रक्षा तंत्र को और मजबूती मिलेगी। सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों के मुताबिक अक्टूबर 2018 में भारत ने पांच मिसाइल प्रणालियां खरीदने के लिए रूस के साथ 5 अरब अमेरिकी डॉलर का एक समझौता किया था और इनमें से तीन की आपूर्ति पहले ही की जा चुकी है। मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति के लिए संशोधित समयसीमा के अनुसार, पांचवीं इकाई नवंबर तक सुपुर्द कर दी जाएगी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 मिसाइल प्रणालियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### भ्रष्टाचार मामले में शहबाज की बेटी-दामाद को मिली जमानत

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने मंगलवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बेटी राबिया इमरान और उनके पति इमरान यूसुफ को भ्रष्टाचार और धनशोधन के एक बड़े मामले में जमानत दे दी। न्यायाधीश अशफाक अहमद ने दंपति की जमानत याचिकाएं मंजूर कर लीं और संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) को सात मई तक उन्हें गिरफ्तार करने से रोक दिया। अदालत के एक अधिकारी ने कहा, लाहौर की विशेष अदालत ने प्रधानमंत्री शहबाज की बेटी राबिया इमरान और उनके पति इमरान यूसुफ को भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में सात मई तक अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी है।

# ट्रंप को झटका, न्यूयॉर्क में एनपीटी समीक्षा सम्मेलन में ईरान को चुना गया उपाध्यक्ष

## गुट निरपेक्ष आंदोलन के समर्थन से हुआ चयन, अमेरिका ने बताया शर्मनाक और अपमानजनक

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक घटनाक्रम में ईरान को न्यूयॉर्क में चल रहे परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन का उपाध्यक्ष चुना गया है। इसे अमेरिका के लिए जहां बड़ा झटका माना जा रहा है, वहीं ईरान ने इसे परमाणु हथियार मुक्त दुनिया के लिए अपने प्रयासों की जीत बताया है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी (आईएईए) का कहना है कि ईरान लगातार परमाणु अप्रसार संधि के नियमों का उल्लंघन कर रहा है।

वियना में ईरानी मिशन ने एक बयान में कहा कि यह चुनाव वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए ईरान की भूमिका और वकालत का सम्मान है। ईरान ने अपना पुराना नारा दोहराते हुए कहा, परमाणु ऊर्जा सभी के लिए, लेकिन परमाणु हथियार किसी के लिए नहीं। ईरान ने अपने दावे में यह भी कहा कि उनके यहां परमाणु हथियारों पर धार्मिक रूप से पाबंदी है। इसके लिए उन्होंने अपने दिवंगत सर्वोच्च नेता के उस फतवे का हवाला दिया जिसमें इन हथियारों के इस्तेमाल पर रोक लगाई गई है। गौरतलब है कि पिछले साल आईएईए के 35 सदस्यीय बोर्ड ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें 2005 के बाद पहली बार आधिकारिक रूप से कहा गया था कि ईरान परमाणु नियमों का पालन नहीं कर रहा है। परमाणु एजेंसी का आरोप है कि ईरान ने कई संदिग्ध ठिकानों पर अघोषित परमाणु सामग्री और गतिविधियों के बारे में जानबूझकर जानकारी नहीं दी है।

एनपीटी समीक्षा सम्मेलन में 34 उपाध्यक्ष होते हैं। ईरान उपाध्यक्ष के रूप में सम्मेलन की सामान्य समिति का हिस्सा बन गया है, जो सम्मेलन के संचालन और एजेंडे को व्यवस्थित करने में मदद करती है। ईरान के लिए यह नियुक्ति उसकी परमाणु नीति और परमाणु हथियारों से मुक्त दुनिया के लिए उसकी वकालत की वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता के रूप में देखी जा रही है। ईरान का चुनाव गुटनिरपेक्ष आंदोलन जो 121 विकासशील देशों का समूह है, की ओर से नामांकन के आधार पर हुआ है। यह दर्शाता है कि कई विकासशील देश शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के अधिकार और परमाणु निरस्त्रीकरण के मुद्दे पर ईरान के साथ खड़े हैं।


न्यूयॉर्क में सोमवार को शुरू हुआ परमाण अप्रसार संधि सम्मेलन।

### अमेरिका समेत पश्चिमी देशों ने किया कड़ा विरोध

इस चुनाव का अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों ने कड़ा विरोध किया है। अमेरिका ने इसे शर्मनाक और सम्मेलन की विश्वसनीयता के लिए अपमानजनक बताया है, उसका आरोप है कि ईरान अपनी परमाणु प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन कर रहा है। उपाध्यक्ष के रूप में ईरान प्रक्रियात्मक भूमिका में आ गया है, यह ईरान को वैश्विक परमाणु नीतियों पर चर्चा के दौरान अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का एक बड़ा मंच प्रदान करेगी।

### परमाणु हथियारों के विनाशकारी परिणामों को भूल रही है दुनिया : गुटेरस

- कहा- दुनिया में हो रही है परमाणु हथियारों में चिंताजनक बढ़ोतरी

सम्मेलन के दौरान संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दुनिया को आगाह करते हुए कहा कि देश परमाणु हथियारों के विनाशकारी परिणामों को भूलते जा रहे हैं और दुनिया भूलने की खतरनाक बीमारी की चपेट में है। गुटेरेस ने याद दिलाया कि परमाणु निरस्त्रीकरण की कोशिशें 1946 से ही शुरू हो गई थीं, लेकिन अब दशकों की मेहनत पर पानी फिरता दिख रहा है। परमाणु हथियारों की धमकियां फिर से सुनाई देने लगी हैं, देशों के बीच अविश्वास बढ़ रहा है और हथियार नियंत्रण की नीतियां दम तोड़ रही हैं। गुटेरेस ने कहा कि पिछले साल दुनिया भर में सैन्य खर्च बढ़कर 2.7 ट्रिलियन डॉलर हो गया। इसके साथ ही दशकों बाद पहली बार परमाणु हथियारों की संख्या में भी चिंताजनक बढ़ोतरी देखी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि परमाणु परीक्षणों को लेकर फिर से चर्चा शुरू होना और नए देशों द्वारा परमाणु हथियार पाने की कोशिश करना एक बड़ा खतरा है। गुटेरेस ने कहा, अतीत में दुनिया केवल इसलिए बची रही क्योंकि नेताओं ने संयम दिखाया। उन्होंने जोर दिया कि परमाणु युद्ध कभी जीता नहीं जा सकता और इसे कभी लड़ा भी नहीं जाना चाहिए।

# होर्मुज में सुरक्षित आवागमन बहाल होना चाहिए : भारत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हुई बहस में जहाजों पर हमलों की निंदा की
- कहा- ऐसे हमले वैश्विक शांति और ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस में भारत ने सोमवार को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित एवं निर्बाध समुद्री आवागमन को तत्काल बहाल करने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि इस महत्वपूर्ण जलमार्ग में वाणिज्यिक जहाजों पर हाल ही में हुए हमले वैश्विक शांति, ऊर्जा सुरक्षा एवं आर्थिक स्थिरता के लिए खतरा हैं।

अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के एजेंडे के अंतर्गत समुद्री क्षेत्र में जलमार्गों की सुरक्षा एवं संरक्षण पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की उच्च स्तरीय खुली बहस में भारतीय प्रतिनिधि योजना पटेल ने जोर दिया कि महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा वैश्विक व्यापार एवं स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। जलमार्गों की सुरक्षा के लिए नए सिरे से अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान करते हुए पटेल ने कहा कि ऐसी घटनाएं अस्वीकार्य हैं और इनके परिणामस्वरूप पहले ही भारतीय नाविकों की जान जा चुकी है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार का एक बड़ा हिस्सा वहन करते हैं और किसी भी व्यवधान के अंतरराष्ट्रीय स्थिरता के लिए दूरगामी परिणाम होते हैं।

पटेल ने कहा कि महत्वपूर्ण जलमार्गों पर नौवहन की स्वतंत्रता का अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार पूरी तरह सम्मान किया जाना चाहिए । उन्होंने सुरक्षित एवं निर्बाध समुद्री मार्ग की तत्काल बहाली का आग्रह किया। भारत ने एक स्वतंत्र समुद्री व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### रूस ने कहा- ईरान को होर्मुज पर अपना नियंत्रण रखने का पूरा अधिकार

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वसीली नेबेंजिया ने जोर देकर कहा है कि जंग के समय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए ईरान के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन को विनियमित और प्रतिबंधित करने का अधिकार सुरक्षित है। नेबेंजिया ने सोमवार को इस मसले पर बोलते हुए सारा इल्जाम ईरान पर मढ़ने की कोशिशों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, पूरी जिम्मेदारी ईरान पर डालने की कोशिश की गई, मानो ईरान ने ही अपने पड़ोसियों पर हमला किया हो। होर्मुज में ईरान के कदम का बचाव करते हुए उन्होंने कहा युद्ध की स्थिति में खतरे का सामना कर रहे किसी भी तटीय देश के पास अपनी सुरक्षा के लिए अपने क्षेत्रीय जल क्षेत्र के भीतर आवाजाही को सीमित करने का अधिकार होता है। रूसी दूत ने पश्चिमी देशों पर दोहरे मानदंड अपनाने का भी आरोप लगाया।

# राजीव गांधी हत्या मामले के दोषी ने वकील के रूप में पंजीकरण कराया

**चेन्नई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड के दोषियों में से एक एजी पेरारिवलन ने अपना नाम तमिलनाडु और पुडुचेरी बार एसोसिएशन में वकील के रूप में पंजीकृत कराया है।

पेरारिवलन को इस मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई थी लेकिन उसे 2022 में रिहा कर दिया गया था। पेरारिवलन (54) का वकील के तौर पर पंजीकरण 27 अप्रैल को हुआ। वह मद्रास हाईकोर्ट में वकील के तौर पर काम करेगा और कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने पर जोर देगा। पेरारिवलन को सोमवार को औपचारिक रूप से बार एसोसिएशन में शामिल किया गया। मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी समारोह में उपस्थित थे। तमिलनाडु और पुडुचेरी बार काउंसिल के अध्यक्ष पी एस अमलराज और उपाध्यक्ष एस प्रभाकरण भी शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मई 2022 को अनुच्छेद 142 के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए पेरारिवलन की रिहाई का आदेश दिया था।

# धर्म पूछा, कलमा पढ़ने को कहा, फिर सुरक्षा गार्डों को चाकू घोंपा

## महाराष्ट्र के ठाणे में पहलगाम जैसी घटना, गिरफ्तार आरोपी से मिले आईएसआईएस के दस्तावेज

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र के ठाणे में सोमवार तड़के पहलगाम के आतंकी हमले से मिलती-जुलती घटना हुई। दो सुरक्षा गार्डों से धर्म पूछने और कलमा पढ़ने के लिए कहने के बाद एक शख्स ने उन पर चाकू से हमला कर दिया और दोनों को गंभीर रूप से घायल करने के बाद भाग निकला। बाद में उसे सीसीटीवी फुटेज से पहचान करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की जांच एटीएस को सौंपी गई है। एटीएस ने उसके आवास से अकेले ही हमला करने और इस्लामिक स्टेट का उल्लेख करने वाला एक नोट, एक लैपटॉप और कुरान की तीन प्रतियां बरामद की हैं।

एटीएस के मुताबिक आरोपी की पहचान 31 वर्षीय जैब जुबैर अंसारी के रूप में हुई है जो 2020 में अमेरिका से भारत लौटा था। सोमवार तड़के उसने ठाणे के मीरा रोड इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत में हुई कहासुनी के बाद सुरक्षा गार्ड से कथित तौर पर उनका धर्म पूछा था। एक पीड़ित के मुताबिक इसके बाद उसने उन्हें कलमा पढ़ने को कहा। वे ऐसा नहीं कर पाए तो उसने चाकू से उन पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इससे पहले आरोपी ने सुरक्षा गार्डों से किसी मस्जिद का पता पूछा था और उन्होंने उसकी जानकारी होने से इन्कार कर दिया था। एटीएस के एक अधिकारी के अनुसार, अभी तक की जांच में पता चला है कि इस हमले में अंसारी अकेले ही शामिल था। महाराष्ट्र सरकार की ओर से जांच सौंपे जाने के बाद एटीएस ने घटना स्थल से करीब 200 मीटर दूर मीरा रोड स्थित नया नगर के स्मिता रीजेंसी भवन स्थित आवास की तलाशी ली, जहां वह अकेले रहता था।


चाकू लेकर खड़ा आरोपी। ● सीसीटीवी फुटेज

### अमेरिका में 20 साल रहकर लौटा था भारत


ठाणे पुलिस ने सील किया घर।

एटीएस ने बताया कि आरोपी 2000 से 2020 तक अपने माता-पिता के साथ अमेरिका में रहता था। वर्क परमिट समाप्त होने के बाद वह भारत लौट आया और कुछ समय तक मुंबई के कुर्ला और पड़ोसी नवी मुंबई के वाशी में रहा। 2022 से वह स्मिता रीजेंसी बिल्डिंग में अकेला रह रहा उसकी पत्नी अफगान है जो उसे छोड़कर अमेरिका चली गई। मीरा भायंदर-वसई विरार क्षेत्र में मिश्रित आबादी रहती है, जिसमें मुस्लिम बहुल एक क्षेत्र भी शामिल है।

### खुद ही कट्टरपंथी बनने जैसा मामला : फडणवीस

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आरोपी कई वर्षों से अमेरिका में रह रहा था और संभवत: ऑनलाइन सामग्री और किताबों से प्रभावित होकर चरमपंथी मानसिकता अपना बैठा। ऐसा लगता है कि इसी से प्रभावित होकर उसने जिहाद और दूसरे धर्मों के लोगों की हत्या की सोच विकसित कर ली। हालांकि एटीएस और एनआईए जैसी एजेंसियों की मदद से हम इस बात की जांच करेंगे कि इस कट्टरपंथ के पीछे कौन है और क्या इसमें अन्य लोग भी शामिल हैं।

# जामिया मिल्लिया में राष्ट्रीय स्वयं संघ के कार्यक्रम का भारी विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**


जामिया मिल्लिया के गेट पर पुलिस-प्रदर्शनकारियों में भिड़ंत।

- भारी पुलिस बल की तैनाती के बावजूद मुख्यद्वार बंद कर अतिथियों को आने से रोका
- जामिया हमारा विश्वविद्यालय आपकी शाखा नहीं के नारे लगे

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्रों ने मंगलवार को परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का कड़ा विरोध किया। दिल्ली पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स की भारी तैनाती के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने प्रवेश द्वार को बंद कर अतिथियों को ऑडिटोरियम के अंदर आने से रोक दिया। उन्होंने संघ के कार्यक्रम को केंद्रीय विश्वविद्यालय की गरिमा के खिलाफ बताया और उसे रद्द करने की मांग की।

छात्रों ने इस दौरान 'जामिया हमारा विश्वविद्यालय है, आपकी शाखा नहीं' और 'कैंपस के भगवाकरण को बंद करो' जैसे पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इंकलाब जिंदाबाद के भी नारे लगाए और ऑडिटोरियम के प्रवेश द्वार को अवरुद्ध कर दिया। लेफ्ट विंग के छात्र संगठनों स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने इस विरोध का नेतृत्व किया। एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि आरएसएस अपने मुख्य अतिथि को ऑडिटोरियम में ले जाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन छात्रों ने मुख्य द्वार पर मोर्चा संभाल लिया और आरएसएस पदाधिकारियों से कैंपस से निकलने को कहा।

आइसा ने एक बयान में कहा कि जामिया में आरएसएस के लिए कोई जगह नहीं है। आइसा ने आरोप लगाया कि जिस संगठन ने स्वतंत्रता आंदोलन में कोई भूमिका नहीं निभाई, वह आज अपनी सत्ता मजबूत करने के लिए राष्ट्रवाद का कार्ड खेल रहा है। एसएफआई ने सोमवार को एक बयान में कहा, अल्पसंख्यक छात्रों वाले परिसर में संघ का कार्यक्रम आयोजित करना एक प्रत्यक्ष उकसावा और उसकी गरिमा व सुरक्षा पर हमला है।

**दूसरे कॉलेजों में भी हो चुका है विरोध:** जामिया में मंगलवार को बढ़ा यह तनाव दिल्ली विश्वविद्यालय के उन कॉलेजों की घटनाओं के बाद हुआ जहां हाल ही में संघ से जुड़े कार्यक्रमों का छात्रों और शिक्षक निकायों ने कड़ा विरोध किया था।

# मेलानिया के चेहरे पर विधवा होने के इंतजार जैसी चमक... भद्दे मजाक पर भड़के ट्रंप

- जिमी किमेल को एबीसी की नौकरी से निकालने की मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप ने जिमी किमेल के एक आपत्तिजनक मजाक को लेकर एबीसी से उन्हें नौकरी से निकालने की मांग की है। किमेल ने बृहस्पतिवार को 'जिमी किमेल लाइव' के दौरान मजाक करते हुए कहा था कि मेलानिया के चेहरे पर विधवा होने का इंतजार कर रही महिला जैसी चमक है।

मेलानिया ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, किमेल जैसे लोगों को हर शाम टीवी के जरिए घरों में घृणा फैलाने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी बाद में इसी बात को दोहराया।

इस मामले पर एबीसी की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। किमेल अपनी प्रस्तुतियों के जरिए लंबे समय से राष्ट्रपति ट्रंप को निशाना बनाते रहे हैं तथा पिछले साल प्रशासन के साथ टकराव के बाद उन्होंने अपनी टिप्पणियों को और तीखा कर दिया। रूढ़िवादी नेता चार्ली किर्क की हत्या पर की गई एक टिप्पणी के बाद एबीसी ने उन्हें निलंबित कर दिया था और नेटवर्क के कुछ सहयोगी चैनलों ने भी उनका शो बंद करने का फैसला किया था। ट्रंप के संघीय संचार आयोग के प्रमुख ब्रेंडन कार ने इन कदमों का समर्थन किया था। हालांकि बाद में एबीसी और उससे जुड़े चैनलों ने किमेल को वापस ले लिया।

### होर्मुज में जहाजों की आवाजाही रुकने से 20,000 नाविक फंसे

**दुबई।** होर्मुज जलडमरूमध्य को पार न कर पाने के कारण सैकड़ों जहाजों पर सवार लगभग 20,000 नाविक खाड़ी में फंसे हुए हैं। इनमें गैस और तेल के टैंकर सहित कई मालवाहक जहाज शामिल हैं। समुद्र संबंधी डेटा देने वाली कंपनी लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस के अनुसार 13 से 19 अप्रैल के दौरान इस जलडमरूमध्य से लगभग 80 जहाज गुजरे। युद्ध से पहले यहां से रोज 130 से ज्यादा जहाज गुजरते थे। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद अब तक दर्जनों जहाजों पर हमलों में 10 नाविकों की मौत हो चुकी है।

### पाकिस्तान: आंखों के इलाज के बाद इमरान खान को वापस जेल भेजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मंगलवार को एक स्थानीय अस्पताल में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की दाहिनी आंख की बीमारी का इलाज किया गया और फिर उन्हें वापस जेल भेज दिया गया। जेल में बंद खान (74 वर्ष) को जनवरी के अंत में दाहिनी 'सेंट्रल रेटिनल वेन आक्कलुजन' का पता चला था और उन्हें 'पाकिस्तान आयुर्विज्ञान संस्थान में लाया गया था, जहां उन्हें एंटी-वीईजीएफ इंजेक्शन दिया गया था, जो हर महीने दोहराया जाता है। उनका आखिरी इलाज 23 मार्च को हुआ था। पीआईएम के प्रवक्ता के अनुसार, खान को मंगलवार को नेत्र संबंधी उपचार के लिए अस्पताल लाया गया था और उन्हें चौथा इंट्राविट्रियल इंजेक्शन दिया गया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नई कार्ययोजनाओं को गति मिलेगी। जल्दबाजी में कोई बड़ा निवेश करने से बचें।

**वृष** — आज रुका हुआ धन प्राप्त होने से होगा। परिवार के साथ सुखद समय व्यतीत होगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतना जरूरी है।

**मिथुन** — आज संपर्कों का लाभ मिलेगा। व्यावसायिक यात्राएं सफल रहेंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी बुद्धि और कौशल की सराहना होगी।

**कर्क** — आज कार्यभार बढ़ सकता है। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। मानसिक शांति के लिए थोड़ा समय एकांत में बिताएं।

**सिंह** — आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। अटके हुए सरकारी कार्य पूर्ण होंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या** — आज दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। अनावश्यक खर्चों और वाद-विवाद से दूर रहें। महत्वपूर्ण निर्णय टाल देना बेहतर होगा।

**तुला** — आज साझेदारी के कार्यों में अपेक्षित लाभ मिलेगा। नए व्यावसायिक अवसर प्राप्त होंगे। पुराने मतभेद सुलझेंगे।

**वृश्चिक** — आज शत्रुओं पर आपकी विजय सुनिश्चित है। नौकरीपेशा को सुखद समाचार मिल सकता है। कानूनी मामलों में स्थिति पक्ष में रहेगी।

**धनु** — आज नई योजनाओं पर काम शुरू करने का सही समय है। रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उत्तम रहेगा। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी।

**मकर** — आज घरेलू सुख-सुविधाओं पर धन खर्च हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कार्यस्थल पर काम की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** — आज पराक्रम में वृद्धि होगी। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। नए विचारों को साझा करने से करियर में उन्नति के नए रास्ते खुलेंगे।

**मीन** — आज धन संचय के प्रयास सफल होंगे। आय के नए स्रोत विकसित होंगे। परिवार में किसी धार्मिक कार्य की रूपरेखा बन सकती है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 29 अप्रैल, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 19.51 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-हस्त 30 अप्रैल 00.16 तक तत्पश्चात चित्रा।

### सुडोकू - 133 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 5 | 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 |
| 1 | 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 |

### सुडोकू -134

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 4 | 8 | | | | |
| 1 | | | | 3 | | | 5 | 8 |
| 6 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 7 | | 6 | | | | |
| 4 | | | 2 | | 9 | | | |
| | | | | 4 | | 8 | | |
| | | 3 | | 9 | | | | |
| 9 | 5 | | | | | | | |
| | | 6 | 7 | 5 | 4 | | | |

**कड़े कदम** | केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की ताजा स्थिति रिपोर्ट, ऑनलाइन ठगी के खिलाफ कड़े कदम उठाने की दी जानकारी

# डिजिटल अरेस्ट के मामले में व्हाट्सएप ने बंद किए करीब 9,400 खाते

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि डिजिटल अरेस्ट घोटालों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए दूरसंचार नियामकों, सेवा प्रदाताओं, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों एवं सीबीआई को शामिल करते हुए बहुस्तरीय कार्रवाई की गई है। इसके अलावा व्हाट्सएप ने भी ऐसे अपराधों में शामिल 9,400 खातों पर रोक लगा दी है।

गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने अपनी विस्तृत स्थिति रिपोर्ट में इस कार्रवाई का ब्योरा दिया। यह रिपोर्ट देश में डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के नौ फरवरी के निर्देशों के अनुपालन में दाखिल की गई है। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने डिजिटल अरेस्ट के मामलों का स्वतः संज्ञान लेते हुए कई निर्देश जारी किए थे। इनमें रिजर्व बैंक, दूरसंचार विभाग और अन्य से ऐसे मामलों में मुआवजे की व्यवस्था के लिए रूपरेखा तैयार करने को लेकर संयुक्त बैठक करने को भी कहा गया था। इसी क्रम में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी के माध्यम से दाखिल स्थिति रिपोर्ट में इस वर्ष जनवरी से 12 सप्ताह में व्हाट्सएप द्वारा की गई कार्रवाई का ब्योरा दिया गया है।

### प्रोफाइल में सरकारी प्रतीक चिह्नों का इस्तेमाल करने पर बंद होंगे खाते

**धोखाधड़ी रोकने के लिए नए कदम**

- नए खातों से कॉल आने पर दी जाएगी चेतावनी

स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई नए कदम लागू किए जा रहे हैं। व्हाट्सएप की ओर से इनमें 'लोगो' का पता लगाने का तंत्र भी शामिल है, ताकि प्रोफाइल तस्वीरों में पुलिस या सरकारी प्रतीक चिह्नों का इस्तेमाल करने वाले खातों की पहचान कर उन्हें हटाया जा सके। व्हाट्सएप एक नई सुविधा शुरू करने पर विचार कर रहा है, जिसके तहत लोगों को नए बनाए गए या कम अवधि से सक्रिय खाते से कॉल आने पर चेतावनी दी जाएगी। इसके अलावा दूरसंचार विभाग और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने फर्जी सिम कार्ड निष्क्रिय करने के लिए नई समयसीमा निर्धारित की है और संदिग्ध सिम कार्डों की पहचान होने के दो से तीन घंटे के अंदर उन्हें ब्लॉक करने की व्यवस्था पर काम कर रही है।

### संदिग्ध लेनदेन पर अस्थायी रोक लगाएंगे बैंक

रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख प्रस्तावों में से एक प्रस्ताव बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली लागू करना है, ताकि सिम कार्ड जारी करने की प्रक्रिया की सभी नेटवर्क पर निगरानी की जा सके। दूरसंचार विभाग दिसंबर 2026 तक इसे लागू करेगा। रिजर्व बैंक ने एक एसओपी बनाई है, जिसमें बैंकों को संदिग्ध लेनदेन पर अस्थायी रोक लगाने का निर्देश दिया गया है, ताकि धन हस्तांतरण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले फर्जी या मध्यस्थ खातों की गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।

### 10 करोड़ की ठगी की जांच सीबीआई करेगी

रिपोर्ट के मुताबिक सीबीआई ने डिजिटल अरेस्ट मामले की जांच अपने हाथ में लेने के लिए 10 करोड़ रुपये के नुकसान की सीमा तय की है।



दिल्ली कैपिटल्स के लिए घबराने का समय नहीं है बल्कि उन्हें यह सब भूलकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। डीडी के खिलाड़ी सब कुछ भूलकर आगे बढ़ें, सकारात्मक क्रिकेट खेलें। यह सुनिश्चित करें कि ड्रेसिंग रूम में बहुत सकारात्मक माहौल बना रहे। –पियूष चावला

# स्टेडियम

लखनऊ, बुधवार, 29 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# पीएम ने बीसीसीआई की छह इंडोर क्रिकेट अकादमियों का किया उद्घाटन

**गंगटोक, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूर्वोत्तर भारत में छह अत्याधुनिक इंडोर क्रिकेट अकादमियों का उद्घाटन किया जो इस क्षेत्र में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कार्यक्रम का हिस्सा हैं।

ये अकादमियां रंगपो (सिक्किम), दोइमुख (अरुणाचल प्रदेश), इंफाल (मणिपुर), मदनकुरक्लांग (मेघालय), आइजोल (मिजोरम) और दीमापुर (नगालैंड) में स्थित हैं। बीसीसीआई ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'प्रधानमंत्री ने सिक्किम के गंगटोक में एक राजकीय समारोह के दौरान इन सुविधाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।

यह खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और पूर्वोत्तर क्षेत्र की अपार खेल क्षमता को सामने लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'' उद्घाटन समारोह में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (अईसीसी) के चेयरमैन जय शाह और बीसीसीआई के पदाधिकारी मौजूद थे जबकि पूर्वोत्तर के अन्य पांच राज्यों के प्रशासक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े। बीसीसीआई ने कहा, ''इस परियोजना की परिकल्पना बीसीसीआई द्वारा की गई थी और इसे जय शाह के नेतृत्व में आगे बढ़ाया गया। उन्होंने अपने सचिव कार्यकाल के दौरान इस पर विशेष ध्यान दिया जिसका मुख्य उद्देश्य उभरते हुए क्षेत्रों में क्रिकेट के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना था।'' उन्होंने कहा, ''इन अकादमियों की आधारशिला मई 2024 में शाह द्वारा रखी गई थी। इसके साथ ही पूर्वोत्तर क्षेत्र में विश्व स्तरीय क्रिकेट बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए एक सुनियोजित प्रयास की शुरुआत हुई।'' इन अकादमियों को हाई परफोर्मेंस सेंटर के तौर पर डिजाइन किया गया है।



गंगटोक में एक समारोह के दौरान वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते पीएम मोदी।

इनमें इंडोर अभ्यास पिच, अत्याधुनिक जिम, तापमान-नियंत्रित तैराकी पूल और प्रशासन तथा प्रशिक्षण के लिए अलग से ब्लॉक बनाए गए हैं। ये सुविधाएं खिलाड़ियों को पूरे साल प्रशिक्षण की सुविधा देंगी। इससे विशेष रूप से इस क्षेत्र में लंबे समय तक चलने वाले मॉनसून के कारण आने वाली चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। साथ ही खिलाड़ियों को पेशेवर प्रशिक्षण के लिए देश के अन्य हिस्सों में जाने की जरूरत भी काफी हद तक कम हो जाएगी। बीसीसीआई के अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा, ''यह पहल क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को हर क्षेत्र तक पहुंचाने और इस खेल के लिए एक मजबूत, अधिक समावेशी नींव बनाने के हमारे साफ इरादे को दिखाती है।'' उन्होंने कहा, ''यह इस बात को पक्का करने की दिशा में भी एक अहम कदम है कि पूर्वोत्तर के उभरते हुए क्रिकेटरों को भी देश में किसी अन्य जगह की तरह ही अच्छे स्तर की सुविधाएं मिलें।''

**ऑरेंज कैप**



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -380 रन
- केएल राहुल दिल्ली-358 रन
- वैभव सूर्यवंशी राजस्थान-357 रन

**पर्पल कैप**



- भुवनेश्वर कुमार आरसीबी-14 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई -14 विकेट
- इशान मलिंगा हैदराबाद-14 विकेट

**हाईलाइट**

## भारतीय भारोत्तोलकों ने जीते चार स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समोआ के अपिया में चल रही राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप और संबंधित यूनिवर्सल कप (सीनियर) में प्रतियोगिता के दूसरे दिन चार स्वर्ण पदक जीते। सुनील सिंह ने 65 किलोग्राम पुरुष वर्ग में कुल 271 किलोग्राम (स्नैच में 126 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 145 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि ऐसांगफा गोगोई ने 58 किलोग्राम महिला वर्ग में और अभिनव गोगोई ने 71 किलोग्राम पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। ऐसांगफा ने कुल 185 किलोग्राम (स्नैच में 79 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 106 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभिनव ने कुल 284 किलोग्राम (स्नैच में 129 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 155 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यूनिवर्सल कप में अरुणाचल प्रदेश के चारू पेसी ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में 289 किलोग्राम (स्नैच में 127 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 162 किलोग्राम) के कुल भार के साथ स्वर्ण पदक जीता।

## विस्मया व श्रीनिवास को नाडा ने किया प्रतिबंधित

**नई दिल्ली :** एशियाई खेलों 2018 में चार गुणा 400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय धाविका वी.के. विस्मया को प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन में दोषी पाए जाने के करीब दो साल बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल ने दो साल के निलंबन की सजा सुनाई है। विस्मया 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय महिला रिले टीम का हिस्सा थीं। उनके नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ क्लोमिफीन की पुष्टि होने के बाद 2024 में उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था। यह पदार्थ हार्मोन और मेटाबोलिक मॉड्यूलेटर श्रेणी में आता है और खिलाड़ी के लिए हर समय प्रतिबंधित है। उनका नमूना 15 अगस्त 2024 को कोच्चि के पास पेरुंबवूर स्थित उनके घर पर प्रतियोगिता से बाहर परीक्षण के दौरान लिया गया था।

## सिल्वा और उनके कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने दिया इस्तीफा

**कोलंबो।** आलोचनाओं का सामना कर रहे श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा और उनकी कार्यकारी समिति के सदस्यों ने मंगलवार को यहां एक विशेष बैठक में अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। यह कदम उस समय उठाया गया जब देश के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने नए प्रशासन के गठन की मांग की थी। कार्यकारी समिति के एक सूत्र ने बताया कि करीब तीन घंटे चले विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। समिति के सदस्य हालांकि इस बारे में चुप्पी साधे रहे कि खेल मंत्री सुनील कुमारा गामगे को इस्तीफा सौंपने के बाद आगे क्या कदम उठाए जाएंगे। राष्ट्रपति के इस्तीफा देने के आग्रह के बाद यह अहम बैठक सिल्वा ने ही बुलाई थी।

# राजस्थान के खिलाफ पंजाब ने बनाए 222 रन

### आईपीएल : प्रभसिमरन सिंह और मार्कस स्टोइनिस के आतिशी अर्धशतकों से पंजाब हुआ मजबूत



प्रभसिमरन सिंह

**मुल्लांपुर, एजेंसी।**

प्रभसिमरन सिंह (59) और मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 62) के आतिशी अर्धशतकों से पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को आईपीएल मुकाबले में चार विकेट पर 222 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी कर रहे पंजाब के लिए सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन ने 44 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाया जबकि स्टोइनिस ने ज्यादा तीखे तेवर दिखाते हुए मात्र 22 गेंदों में चार चौके और छह छक्के उड़ाए। प्रभसिमरन के 59 रन, प्रियांश आर्य के 29, कोनोली और अय्यर के 30-30 और स्टॉयनिस के 22 गेंद पर 62 धुआंधार रनों की बदौलत पंजाब ने 222 रन बना दिए।

मिडिल ओवर्स में रन गति धीमी हुई थी लेकिन आख़िर के ओवर्स में स्टोइनिस ने काफी धमाकेदार बल्लेबाजी की। आख़िरी 3 ओवर में 55 रन बने। स्टोइनिस ने आखिरी ओवर में 24 रन जड़े जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल थे। शुरुआत में, प्रियांश ने दूसरे ओवर में आंद्रे बर्गर की जमकर धुनाई की और 21 रन बनाए, लेकिन जोफ्रा आर्चर ने अगले ही ओवर में उन्हें आउट करके तुरंत पलटवार किया। इसके बाद प्रभसिमरन और कोनोली ने मिलकर 50 से ज़्यादा रनों की तेज़ साझेदारी की, जिससे मध्यक्रम के लिए एक मजबूत नींव रखी गई। लेकिन प्रभसिमरन के आउट होने से खेल की गति थोड़ी धीमी पड़ गई, जिसके बाद स्टोइनिस ने मोर्चा संभाला और यह सुनिश्चित किया कि मिली हुई मज़बूत शुरुआत बेकार न जाए।



मार्कस स्टोइनिस

उनकी 22 गेंदों में खेली गई 62 रनों की तूफ़ानी पारी ने पंजाब किंग्स को इस पिच पर एक औसत स्कोर माने जाने वाले आंकड़े से भी कहीं आगे पहुंचा दिया है। जैसे-जैसे गेंद पुरानी होती जा रही है, वह बल्ले पर उतनी अच्छी तरह से नहीं आ रही है, और धीमी गेंदें पिच पर रुककर आ रही हैं। राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाज़ आखिरी ओवरों में इन विविधताओं को ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाए, और यह उन्हें काफ़ी महंगा पड़ा।

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | 1.333 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 | 1.919 |
| 3. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.815 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.602 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | -0.475 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 8 | 5 | 4 | 0 | 6 | -1.060 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.751 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

# हैदराबाद की बल्लेबाजी को रोकना मुंबई के लिए चुनौती

**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग का 41वां मैच एक ज़बरदस्त "बचने बनाम आगे बढ़ने" का मुकाबला होने वाला है, जिसमें मुंबई इंडियंस मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। मुंबई के लिए समीकरण सीधा है, लेकिन मुश्किल भी। सात मैचों में सिर्फ़ दो जीत के साथ, पाँच बार की चैंपियन टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है और उसे प्लेऑफ़ की उम्मीदें ज़िंदा रखने के लिए हर हाल में जीत हासिल करनी होगी।

इस सीजन में टीम का प्रदर्शन काफ़ी उतार-चढ़ाव भरा रहा है; बल्लेबाज़ी और गेंदबाज़ी, दोनों ही विभाग एक साथ मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। एक और हार टूर्नामेंट में उनके आगे बढ़ने की संभावनाओं को लगभग पूरी तरह से खत्म कर सकती है। कप्तान हार्दिक पंड्या के नेतृत्व की कड़ी परीक्षा होने वाली है, क्योंकि उन्हें अपनी खराब प्रदर्शन कर रही टीम को एकजुट करके आगे बढ़ाना है। रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी और मौजूदगी से ऊपरी क्रम को कुछ राहत मिली है, जबकि टीम पारी को संभालने और गति देने के लिए सूर्यकुमार यादव की शानदार बल्लेबाज़ी और स्ट्रोक-प्ले पर काफ़ी हद तक निर्भर रहेगी। हालाँकि, मुंबई की मुश्किलें सिर्फ़ बल्लेबाज़ी तक ही सीमित नहीं हैं। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाज़ी आक्रमण में वह पैनापन और नियंत्रण देखने को नहीं मिला है, जिसके लिए वह आमतौर पर जाने जाते हैं।

# हम पिछले मैच की निराशा से उबर ही नहीं पाए थे : अक्षर पटेल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ 264 रनों का पहाड़ सा स्कोर बनाया था, लेकिन फिर भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दो दिन बाद सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के ख़िलाफ़ उसी बल्लेबाज़ी क्रम का स्कोर चौथे ओवर में आठ रन पर छह विकेट था और जॉश हेज़लवुड व भुवनेश्वर कुमार की टेस्ट मैचों जैसी गेंदबाज़ी के सामने डीसी की पूरी टीम सिर्फ़ 16.3 ओवरों में ही 75 रन पर ऑलआउट हो गई। डीसी के कप्तान अक्षर पटेल ने ना सिर्फ़ ख़राब बल्लेबाज़ी, बल्कि पिछले मैच की निराशा और ख़राब क़िस्मत को भी इस प्रदर्शन का दोष दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, "पिछले मैच में जो हुआ, उसकी वजह से मुझे लगता है कि टीम में थोड़ी झिझक थी। इतने रन बनाने के बाद अगर आप देखोगे तो 10 में से नौ बार किसी टीम को जीत मिलती है। लेकिन उस हार के बाद हमें लगा कि हम यह विशाल टोटल भी डिफ़ेंड नहीं कर सकते हैं। उन्होंने साथ ही कहा, "इसके अलावा हमारी क़िस्मत भी इस मैच में ख़राब थी। ऐसा नहीं हुआ कि कोई बल्लेबाज़ सेट होकर आउट हुआ।

# ज्वेरेव ने मैड्रिड में लगातार 9वीं जीत की दर्ज

**मैड्रिड, एजेंसी**

अलेक्जेंडर ज्वेरेव सोमवार रात मैड्रिड ओपन में दबाव के बावजूद डटे रहे। उन्होंने मैच के आखिरी पलों में आई थोड़ी सी मुश्किल का सामना करते हुए एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी शानदार बढ़त को जारी रखा। दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी दूसरे सेट में 5-3 के स्कोर पर मैच खत्म करने वाली सर्विस नहीं कर पाए, जब टेरेंस आत्मान ने मैच का पासा पलटने की कोशिश की, लेकिन ज्वेरेव ने खुद को संभाला और 6-3, 7-6(2) से जीत हासिल की। मनोलो सैन्टाना स्टेडियम में 1 घंटे 37 मिनट तक चले इस मैच में जीत के साथ, दो बार के मैड्रिड चैंपियन ज्वेरेव ने इस टूर्नामेंट में अपने नौवें प्रयास में नौवीं बार अंतिम 16 में जगह बनाई है। 2025 सीजन की शुरुआत थोड़ी उतार-चढ़ाव भरी रही थी-जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन के फ़ाइनल तक का सफर शामिल था।



### मैड्रिड ओपन के क्वार्टर-फाइनल में सिनर

- जानिक सिनर ने मंगलवार को यहाँ 2026 मैड्रिड ओपन के राउंड ऑफ़ 16 में ग्रेट ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से आसानी से हरा दिया और अगले मुकाबले में, सिनर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए राफेल जोडर या विट कोप्रिवा में से किसी एक का सामना करेंगे। क्वार्टर फाइनल के मुकाबले 29 और 30 अप्रैल को होंगे, जबकि फाइनल 3 मई को खेला जाएगा।

**महिला टी20 रैंकिंग**

**भारत की युवा खिलाड़ी श्री चरणी ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की**

# पांचवें स्थान पर खिसकीं स्मृति, दीप्ति चौथे स्थान पर



ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा

**दुबई, एजेंसी**

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी आईसीसी की नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान नीचे खिसककर पांचवें स्थान पर आ गईं जबकि ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा गेंदबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गईं।

बल्लेबाजों की सूची में अन्य महत्वपूर्ण बदलावों में भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर शामिल हैं जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला में 169 रन बनाने के बाद एक स्थान के फायदे से 646 अंक के साथ फिर से शीर्ष 10 में शामिल हो गई हैं। वहीं ऋचा घोष दो स्थान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं और उन्होंने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 786 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। अब वह दूसरे स्थान पर मौजूद बेथ मूनी से सिर्फ दो रेटिंग अंक पीछे हैं। जॉर्जिया वोल 815 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। वोलवार्ट ने 56 गेंद में नाबाद 92 रन बनाकर भारत के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला का अंत 330 रन के साथ किया जो किसी भी महिला द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला में किसी एक खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं। उनकी टीम ने श्रृंखला 4-1 से जीती। टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। इस सूची में पाकिस्तान की स्पिनर सादिया इकबाल शीर्ष पर बनी हुई हैं जबकि टी20 विश्व कप से पहले भारत की ऑलराउंडर दीप्ति और दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको मलाबा संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। भारत की युवा खिलाड़ी श्री चरणी ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। बेनोनी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के अंतिम मैच में दो विकेट लेने के बाद बाएं हाथ की यह गेंदबाज 12 स्थान की छलांग लगाते हुए 11वें पायदान पर हैं।



# थॉमस-उबेर कप : चीन की पुरुष और महिला टीमों ने दर्ज की जीत



**होरसेंस (डेनमार्क), एजेंसी**

चीन की पुरुष और महिला दोनों टीमों ने सोमवार को 2026 थॉमस और उबेर कप फ़ाइनल में कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की, और व्यस्त कार्यक्रम तथा देर रात की मुश्किलों पर काबू पाया। थॉमस कप के ग्रुप ए के दूसरे दौर में, चीन ने कनाडा को 4-1 से हराया, जबकि उसकी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी शी यूकी बीमारी के कारण देर से मुकाबले से हट गई थीं। शी, जिन्हें चीन की शीर्ष एकल खिलाड़ी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था, को टीम सूची जमा होने के बाद पेट की समस्या हो गई थी।

टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार, एक बार टीमों की सूची का आदान-प्रदान हो जाने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। अपनी शारीरिक स्थिति और आगे होने वाले मैचों को देखते हुए, शी ने मुकाबले से हटने का फैसला किया, जिससे कनाडा को शुरुआती 1-0 की बढ़त मिल गई। चीन की शीर्ष युगल जोड़ी लियांग वेइकिंग और वांग चांग ने शुरुआती कड़ा गेम 24-22 से जीता, और फिर मैच को 21-14 से अपने नाम कर लिया। इसके बाद ली शिफेंग ने ब्रायन यांग को 2-1 से हराकर चीन को बढ़त दिला दी। युगल की दूसरी जोड़ी हे जिटिंग और रेन शियांग्यू, तथा एकल खिलाड़ी वेंग होंगयांग, दोनों ने शेष मुकाबलों में सीधे गेम में जीत हासिल करके टीम की कुल जीत सुनिश्चित की।

### भारत का उबेर कप में सफर ग्रुप स्टेज में ही खत्म

- भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने उबेर कप 2026 के ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में चीन के ख़िलाफ़ ज़ोरदार प्रदर्शन किया, लेकिन 5-0 से हारकर ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई। भारत, जो डेनमार्क से 3-2 से मामूली हार और यूक्रेन पर 4-1 की जीत के बाद इस मुक़ाबले में उतरा था, उसे क्वार्टर-फ़ाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए जीत की जरूरत थी। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें - चीन और मेजबान डेनमार्क - आगे बढ़ गईं, जबकि भारत यूक्रेन से आगे तीसरे स्थान पर रहा। बैडमिंटन रैंकिंग में 12वें स्थान पर मौजूद पीवी सिंधु ने सोमवार को शुरुआती सिंगल्स मैच में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झीयी को कड़ी टक्कर दी। पूर्व विश्व चैंपियन ने निर्णायक गेम के बड़े हिस्से पर अपना दबदबा बनाए रखा और 18-12 की बढ़त बना ली, लेकिन वांग झीयी ने लगातार सात अंक बनाकर 21-16, 19-21, 21-19 से जीत हासिल कर ली।